जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



Climbing Mountains to Build Teams

In such situations, people are short of breath and hell bent on keeping up the pretence of toughness, perseverance, tenacity, and grit.

Fighting Future Pandemics

Abandoned Towns In India

An ideal time to dive into the unexplored



*जैगुआर के अंगों की अवैध खरीद के लिए किसी ब्लैक मार्केट को तलाश करने की जरुरत नहीं है। गूगल सर्च पर या सोशल मीडिया साइट्स पर ये सहज सुलभ हैं। वाइल्ड लाइफ कंज़र्वेशन सोसायटी (डब्ल्यू. सी. एस. ) की रिपोर्ट में बताया गया है कि, जैगुआर के अंगों की ऑनलाइन खरीद कितनी आसान है। ऐसी अधिकांश गतिविधियां लैटिन अमेरिका से संचालित हैं और कानून कोई कार्यवाही भी नहीं करता है। रिपोर्ट के सहलेखक और डब्ल्यू. सी. एस. के वाइल्डलाइफ ट्रैफिकिंग ऑफिसर फॉर सैंट्रल अमेरिका, कर्ट डूशी ने कहा कि, खरीददार इंटरनैट पर मिल जाते हैं। डूशी और अन्य शोधकर्ताओं ने लोकप्रिय सोशल मीडिया साइट्स व ऑनलाइन बाजारों की आर्काइव्ज़ पर 2009 से 2019 के बीच की, जैगुआर के अँगों के व्यापार सम्बंधी पोस्ट देखीं। उन्होंने 19 देशों की 7 भाषाओं की पोस्ट सर्च कीं। शोधकर्ताओं को 31 प्लेटफॉर्म्स पर जैगुआर के अंगों के व्यापार संबंधी 230 ऑनलाइन पोस्ट मिलीं। इनमें जैगुआर की 579 तस्वीरें पोस्ट की गई थीं। कुछ तस्वीरों में पूरे जैगुआर की तस्वीर थी, तो कुछ में सिर्फ उसके अंग प्रदर्शित थे। स्पैनिश भाषा में की गई सर्च में सबसे अधिक नतीजे सामने आए, जो जैगुआर संबंधी सभी पोस्ट का करीब 50 प्रतिशत थे। ब्राज़ील में जैगुआर की उपस्थिति के कारण पुर्तगाली भाषा में भी कई पोस्ट मिलीं। चीन में जैगुआर के अंगों की काफी मांग है, इसलिए चीनी भाषा में भी काफी पोस्ट थीं। रिपोर्ट कहती है कि, सबसे ज्यादा मांग दांतों की है तथा दूसरा अंग है खाल। डूशी ने कहा, हैरानी की बात यह है कि, इस अवैध ऑनलाइन व्यापार में मैक्सिको की अहम भूमिका है। हालांकि, इस देश के कुछ दक्षिणी राज्यों में जैगुआर की जनसंख्या अच्छी है, परंतु लैटिन अमेरिकी देशों की तुलना में कम है। डूशी ने कहा, हमें मैक्सिको के बारे में यह उम्मीद नहीं थी। जैगुआर की अन्तर्राष्ट्रीय ट्रैफिकिंग वर्ष 1975 में बहुत ज्यादा थी। फिर इस प्रजाति को कन्वैन्शन ऑन इन्टरनैशनल ट्रेड इन एन्डेन्जर्ड स्पीशीज़ ऑफ वाइल्ड फॉना एण्ड फ्लोरा की लिस्ट में शामिल कर लिया गया। इसके बाद ट्रैफिकिंग कम हो गई, लेकिन वर्ष 2010 के बाद से इसमें वापस तेजी आई है और अब अधिकांश व्यापार ऑनलाइन हो रहा है।*

# 'मैंने लोकसभाध्यक्ष से सदन में बोलने का अवसर मांगा है'

## राहुल गांधी ने कहा, मेरे खिलाफ चार कैबिनेट मंत्रियों ने आरोप लगाया है, मुझे अपना पक्ष रखने का अधिकार है

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 16 मार्च। राहुल गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को चुनौती दी कि उन्हें (राहुल) को कल लोकसभा में बोलने की अनुमति दें। राहुल गांधी ने यह बात उस घटना के बाद कहीं जब उनके द्वारा इंगलैंड में दिये गये भाषणों को लेकर, केन्द्र सरकार के चार मंत्रियों ने सदन में उन पर हमला बोला था।

राहुल गांधी ने कहा कि लोकतंत्र की असली परख ही इस बात से होगी कि उन्हें बोलने की अनुमति दी जाती है तथा अपनी बात कहने के लिये उतना अवसर दिया जाता है, जितना मंत्रियों को दिया गया था या फिर उनसे मुँह बंद रखने के लिये कह दिया जाता है। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्र के समक्ष मुद्दा ही यह है।

मीडिया को संबोधित करते हुये, राहुल ने कहा कि वे लोकसभा अध्यक्ष से मिले थे तथा उनसे उन्हें (राहुल) बोलने की अनुमति देने के लिये कहा था। उन्होंने कहा कि सांसद होने के नाते उन्हें अपनी बात कहने का अधिकार है। लेकिन लोकसभा अध्यक्ष केवल

- **राहुल गांधी ने इसी लय में आगे कहा, लोकसभाध्यक्ष उनका आग्रह सुनकर केवल मुस्कराये, पर, कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया, उनको संसद में बोलने दिया जायेगा या नहीं।**
- **राहुल गांधी ने यह भी कहा कि, वे 6 अप्रेल तक, जब तक लोकसभा का सत्र चल रहा है, अपने बोलने के अवसर का इन्तजार करेंगे, और तब तक अवसर नहीं मिला तो, मीडिया के समक्ष अपनी बात ससबूत प्रस्तुत करेंगे।**
- **राहुल गांधी ने यह भी कहा कि, लोकसभाध्यक्ष शायद प्र.मंत्री से इस मुद्दे पर राय करके, अपना रुख स्पष्ट करना चाहते हैं।**
- **राहुल ने यह भी कहा कि, उन्हें समझ में नहीं आया कि, उनके भाषण की पंक्तियों को क्यों सदन की कार्यवाही से निकलवा दिया गया, क्योंकि उन्होंने तो केवल यह जानना चाहा था, उन पंक्तियों के मार्फत, कि मोदी व अडानी के क्या संबंध हैं।**

मुस्करा दिये थे तथा उन्होंने कोई वचन नहीं दिया था।

देखना यह है कि आगे क्या होता है। हो सकता है कि लोकसभा अध्यक्ष को इस नाज़ुक मुद्दे पर प्रधानमंत्री से परामर्श करना पड़े। दरअसल, राहुल अडानी पर सवाल उठाना जारी रखे हुये हैं तथा कहते हैं कि उन्होंने अपने कुछ भी गलत नहीं कहा है, जिसे स्पीकर सदन की कार्यवाही से हटायें क्योंकि वे तो केवल इतना पूछ रहे हैं कि नरेन्द्र मोदी और अडानी के बीच क्या सम्बध है।

राहुल गांधी 6 अप्रैल तक इन्तजार करेंगे और अगर उन्हें बोलने की अनुमति नहीं दी जाती है तो 6 अप्रैल के बाद उन्हें जो भी कहना है, मीडिया के सामने कहेंगे। तब तक ज्यादा उपयुक्त यही होगा कि वे पहले संसद में बोलें।

राहुल ने अडानी से सम्बंधित अपने प्रश्न फिर दोहराये हैं। उन्होंने कहा : "उन्हें मुम्बई हवाई तथा अन्य हवाई अड्डे क्यों दिये जा रहे हैं, उन्हें ये सब देने के लिये नियम कैसे बदल दिये गये हैं? ऑस्ट्रेलिया में प्रधानमंत्री, मि. अडानी, तथा स्टेट बैंक के चेयरमैन और ऑस्ट्रेलिया के एक राज्य के मुख्यमंत्री के बीच क्या हुआ था। यह एक ऐसी तस्वीर है, जो हर व्यक्ति को दिखाई दे रही है, भारत के प्रधानमंत्री, स्टेट बैंक के चेयरमैन, मिस्टर अडानी तथा एक ऑस्ट्रेलियाई नेता के साथ क्यों बैठे हैं? वे क्या चर्चा कर रहे हैं और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




# क्या वरिष्ठ अधिवक्ता की चयन प्रक्रिया में बदलाव की जरूरत है?

## सुप्रीम कोर्ट इस प्रश्न पर अपना निर्णय सुनायेगा

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 16 मार्च। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अपने एक आदेश को वापिस लिया। यह आदेश उसके द्वारा दी गई वर्ष 2017 की गाइडलाइन्स के बारे में था कि क्या सीनियर एडवोकेट्स की चयन प्रक्रिया के निर्देशों में किसी प्रकार के सुधार की जरूरत है।

केन्द्र सरकार की ओर से उपस्थित एडीशनल सॉलीसिटर जनरल (ए.एस.जी.) के.एम. नटराज ने जस्टिस एस. के. कौल की अध्यक्षता वाली बैंच से कहा कि वर्ष 2017 के निर्णय पर पुनर्विचार की जरूरत है। बैंच में जस्टिस अफसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस अरविंद कुमार भी थे।

सीनियर एडवोकेट इंदिरा जयसिंह, जिनकी याचिका पर वर्ष 2017 का फैसला सुनाया गया था, ने बैंच को बताया कि वकीलों को सीनियर एडवोकेट्स के रूप में चयनित करने में सरकार की कोई भूमिका नहीं है तथा

- **वर्ष 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने अपना निर्णय सुनाकर वर्तमान चयन प्रक्रिया स्थापित की थी।**
- **सुप्रीम कोर्ट की सोच है कि, 2017 से अब तक इस चयन प्रक्रिया के लागू होने के क्या-क्या अनुभव हुए हैं, उनके मद्देनज़र चयन प्रक्रिया में तब्दीली करने की गुंजाइश बनती है।**
- **उदाहरण के लिये, अपने वरिष्ठ अधिवक्ता का चयन करने के लिये, अधिवक्ता को एक अंक मिलता था, अगर, उसकी वकालत का अनुभव 10-20 साल का हो।**
- **पर, अब प्रक्रिया में परिवर्तन कर इस अनुभव वाले अधिवक्ता को दस अंक दिये जायेंगे।**

उन्होंने फैसले के रिव्यू के लिए कोई याचिका दायर नहीं की है।

बैंच ने टिप्पणी की कि "वास्तविकता यह है कि इस मामले पर जब पहले सुनवाई की गई थी तब अटॉर्नी जनरल ने कोर्ट की सहायता की थी। कोई मुद्दा नहीं उठाया गया, यह उचित नहीं है। भारत सरकार ने रिव्यू याचिका कभी दाखिल नहीं की। बैंच ने कहा कि उसके समक्ष अब मुद्दा यह है कि सिस्टम को कैसे सुधारा जाए।

शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान सीनियर एडवोकेट विकास सिंह, अमन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'गवर्नर विधायक दल को मान्यता नहीं दे सकता'

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 16 मार्च। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट की 5 सदस्यीय संविधान बैंच से आग्रह किया एकनाथ शिंदे को महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री नियुक्त किए

- **वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने 5 सदस्यीय संविधान पीठ के समक्ष उद्धव ठाकरे की पैरवी करते हुए यह भी कहा कि, गवर्नर "ट्रस्ट वोट" के लिए भी नहीं कह सकता है और इस प्रकार महाराष्ट्र में राज्यपाल ने जो किया वह गैर कानूनी था।**

जाने के फैसले को रद्द करे और राज्य में यथास्थिति बहाल करे क्योंकि महाराष्ट्र के राज्यपाल कोश्यारी ने उन्हें गैर कानूनी तरीके से शिवसेना का नेता करार दिया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# "माइग्रैंट लेबर" पर तमिलनाडू में हमले ने नया मोड़ लिया

## कोयम्बटूर के पुलिस कमिश्नर के अनुसार बंगाल से आये इन "माइग्रैंट लेबर" पर हमला हिन्दू मुन्नानी के कार्यकर्ताओं ने किया था

**-लक्ष्मण वेंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 16 मार्च। कोयम्बटूर पुलिस के दावे अगर सही हैं तो दो दिन पूर्व पश्चिमी बंगाल के प्रवासी मजदूरों वीडियोज़ के कारण पहले से ही तनावपूर्ण स्थिति है। ज्ञातव्य है कि इस हिंसा के नकली वीडियोज़ कुछ भाजपा हैन्डल्स ने सोशल मीडिया पर सर्कुलेट भी कर दिये थे। इस पूरी पृष्ठभूमि के

- **कमिश्नर के अनुसार इन वर्कर्स पर, नशे में धुत, चार मोटर साइकिलों पर आये, कुछ व्यक्तियों ने हमला किया था।**
- **पर, उत्तर भारत से आये माइग्रैंट लेबर पर स्थानीय लोगों द्वारा हमले की घटना पर, कई तरह के "फेक वीडियो" चल रहे हैं, अतः कमिश्नर द्वारा प्रस्तुत नई जानकारी से विवाद साफ नहीं होगा, बल्कि और पेचीदा हो जाने की संभावना है।**

की पिटाई के लिये दक्षिणपंथी "हिन्दू मुन्नानी" से जुड़े लोग जिम्मेदार हैं। यह घटना उस स्थिति में हुई है, जब प्रवासी मजदूरों के प्रति हिंसा के नकली चलते तमिलनाडु पुलिस ने इस इन मजदूरों की पिटाई की घटना को हल्के रूप में नहीं लिया है तथा हिन्दू मुन्नानी के दो सदस्यों तथा दो अन्य लोग गिरफ्तार कर लिये गये हैं।

पश्चिम बंगाल के प्रवासी मजदूरों पर हुये इस हमले ने पहले से ही गर्मा रही राजनैतिक बहस की आग में घी का काम किया है। सोमवार को कोयम्बटूर के पुलिस कमिश्नर वी. बालकृष्णन ने मीडिया को बताया कि बंगाल के चार प्रवासी मजदूरों पर हुये हमले में कथित रूप से लिप्त होने के कारण सूर्य प्रकाश, प्रकाश, प्रगदीश तथा वेलमुरुगन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कविता ई.डी. के दफ्तर नहीं गईं, सिर्फ कागज़ात भेजे

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 16 मार्च। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चन्द्रशेखर राव की पुत्री तथा राज्य की विधायक के. कविता ने गुरुवार

- **तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.सी.आर. की बेटी कविता को, दिल्ली लिकर स्कैम में ई.डी. ने पूछताछ के लिए सम्मन भेजा था, पर कविता ने सम्मन का पालन नहीं किया। अब देखना है कि, ई.डी. का अगला कदम क्या होगा।**

को एन्फोर्समेन्ट डायरेक्ट्रेट (ई.डी.) द्वारा उन्हें भेजे गये सम्मनों की अनुपालना नहीं की, तथा ई.डी. के समक्ष उपस्थित होने के बजाय, ई डी द्वारा चाहे गये दस्तावेज उसके पास भेज दिये। ई.डी. सूत्रों ने कहा है कि इन दस्तावेजों को स्वीकार करना असंभव है क्योंकि ई.डी. को कविता से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कर्नाटक में भाजपा कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूटा

**-लक्ष्मण वेंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 16 मार्च। कर्नाटक में भाजपा के चुनाव प्रचार को लेकर कुछ भी ठीक-ठाक दिखाई नहीं दे रहा

- **कर्नाटक में भाजपा कार्यकताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री येद्दियुरप्पा को सभा नहीं करने दी। कार्यकर्ताओं की नाराजगी का कारण "परिवारवाद" है। कार्यकर्ता येद्दियुरप्पा के बेटे को विधान-सभा चुनाव में टिकट देने का विरोध कर रहे हैं।**

क्योंकि पार्टी के शीर्ष नेताओं को कार्यकर्ताओं की नाराजगी तथा आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'जब से मैंने मोदी-अडानी संबंधों के बारे में सवाल उठाये, मुझे "टारगैट" बनाया है भाजपा ने'

## राहुल गांधी ने कहा, मेरे सवाल अभी सदन में टेबिल पर मौजूद हैं

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 16 मार्च। राहुल गांधी ने अपने हाल ही युनाइटेड किंगडम (यू.के.) दौरे में सत्तारूढ़ भाजपा की आलोचना करने के क्रम में आज एक चुनौती पेश करते हुए कहा कि "यदि देश में लोकतंत्र है तो मुझे संसद में बोलने की अनुमति दी जानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने "प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उद्योगपति गौतम अडानी" के बीच संबंधों को लेकर प्रश्न उठाए थे, जिससे सत्तारूढ़ दल के सदस्य असहज हो गए थे और अब वे ध्यान भटकाने में लगे हुए हैं।

उन्होंने कहा कि "चार मंत्रियों ने मेरे खिलाफ आरोप लगाए। मैं आज

- **मेरा सवाल है कि, अडानी को इज़रायल-भारत संबंधों में कैसे भूमिका प्रदान की गयी।**
- **मेरा सवाल है, प्र.मंत्री, अडानी, व एस.बी.आई. चेयरमैन के बीच ऑस्ट्रेलिया में हुई मुलाकात में क्या बातचीत हुई।**
- **मेरा सवाल है, अडानी को श्रीलंका प्रोजैक्ट में कैसे भूमिका मिली।**
- **कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने इस संदर्भ में सवाल उठाया कि, क्या आपने पहले कभी सुना है कि, सदन की कार्यवाही सरकारी पक्ष ने नहीं चलने दी हो। अगर हंगामा करके सरकार इन सवालों पर मंथन व बहस नहीं कराती है, तो क्या, उससे सवाल उठने बंद हो जायेंगे।**
- **प्रवक्ता ने यह भी आरोप लगाया कि, भाजपा ने मिज़ोरम व आसाम, कर्नाटक व महाराष्ट्र आदि में आपसी मतभेद व झगड़े करवाये हैं। तथा, सत्तारूढ़ पार्टी क्षेत्र, धर्म, जात, रंग, भाषा के नाम पर झगड़े करा रही है। यही इस पार्टी का "स्टाइल" है।**

लोकसभा स्पीकर के पास गया और उन्हें बताया कि मुझे लोकसभा में प्रत्युत्तर देने का अधिकार है। मुझे उम्मीद है, लेकिन इसे लेकर मैं सुनिश्चित नहीं हूं कि क्या मुझे कल बोलने दिया जाएगा। जो भी कुछ हो रहा है, वह भारतीय लोकतंत्र की एक परीक्षा है। क्या सांसद राहुल गांधी को वैसा ही मौका दिया जाएगा, जैसा कि चार मंत्रियों को दिया गया था, या उन्हें चुप रहने के लिए कहा जाएगा?

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने कल राहुल गांधी की आलोचना की थी और सरकार ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )






## विचार बिन्दु

जो वस्तु आनंद प्रदान नहीं कर सकती, वह सुन्दर हो ही नहीं सकती। –प्रेमचंद

# भारतीय संविधान में देश का नाम भारत हो।

देश के नाम की आवश्यकता:- यह एक निर्विवाद सत्य तथ्य है कि किसी देश का नाम उसके अतीत की पृष्ठभूमि पर ही नामांकित किया जाता है तथा जो उसकी संस्कृति, इतिहास, गौरवशाली परम्परा को प्रतिलक्षित करता है। भारत नाम निर्विवाद रूप से जैनो के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव के यशस्वी पुत्र भरत के नाम से प्रचलित होकर संविधान लागू होने तक देश के प्रत्येक नागरिकों के हृदय में बसा हुआ है। भारत नाम की प्रमाणिकता ऋग्वेदकाल के चक्रवर्ती सम्राट भरत के समय की मिलती है। इसके अतिरिक्ति इसका उल्लेख पुराणभगवत (मत्स्य पुराण), वैदिक (ऋग्वेद), बौद्ध और जैन पुराणों एवं ग्रन्थ, महाभारत आदि में मिलता है जबकि कुछ लोग कहते हैं इण्डिया नाम की उत्पत्ति सिन्धु नदी के अंग्रेजी नाम इण्डस से हुई है। अंग्रेजों ने भारत को अंग्रेजी में 'इण्डिया' नाम दिया है जो 16वीं सदी की घटना है जब अंग्रेज भारत की सम्पत्ति को लूटने के उद्देश्य से आये थे। भारत में नाम के आधार पर ही व्यक्ति की जाति, उसका धर्म, उसका प्रदेश और खानपान के बारे में अंदाजा, आसानी से लगाया जा सकता है। देश का नाम भारत है, भारत नाम 'प्रोपर नाउन' है, इसका अनुवाद नहीं हो सकता। 'इण्डिया' नाम की न तो कोई सभ्यता है और न कोई गौरवशाली परम्प्रा और न अंग्रेजी भारत भूमि पर बोली जाने वाली भाषाओं में (बोलियों) ही है, जिनका उल्लेख संविधान की आठवीं अनुसूची में है। संविधान की उद्देशिका में 'हम लोगों' का उल्लेख है वे भारतीय हैं न कि 'इण्डियन'। यह देश का दुर्भाग्य था कि संविधान की मूल प्रति अंग्रेजी में है, और अनुवाद हिन्दी में जबकि संविधान के अनुच्छेद 343 में स्वयं विधाननिर्मात्री सभा ने हिन्दी को संघ की राजभाषा घोषित किया। हिन्दी में अनुवादित संविधान में संविधान को भारत का संविधान नाम दिया है। अंग्रेजों द्वारा भारत को इण्डिया नाम दिया गया, इसका अपना ही इतिहास है। अंग्रेजी की ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ने इण्डिया शब्द को यह कहकर परिभाषित किया है कि इण्डिया वह देश है जहां अशिक्षित लोग रहते हैं जो चोरी आदि घटनाओं में लीन रहते हैं।

देश का नाम भारत से हिन्दुस्तान और इण्डिया कैसे हुआ, इसका संक्षिप्त परिचय:- अंग्रेज भारत में व्यापारी के रूप में आये थे। लंदन के कुछ व्यापारियों द्वारा ईस्ट इण्डिया कम्पनी को दिनांक 31 दिसम्बर, 1960 को इग्लेण्ड की महारानी ने चार्टर प्रदान किया था। इस चार्टर के द्वारा कम्पनी को 15 वर्ष के लिये भारत व दक्षिणपूर्व एशिया के कुछ क्षेत्रों में व्यापार का एकाधिकार किया गया। उस समय इस देश का नाम भारत था।

इण्डिया का वास्तविक नाम भारत है, यह नाम भरत चक्रवर्ती जो जैनों के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव के यशस्वी पुत्र थे, उनके नाम पर रखा गया। इस प्रकार जैनों को देश का नाम भारत दिये जाने का श्रेय (गौरव) प्राप्त है। वस्तुतः भारत में सभ्यता (Civilisation) का प्रारम्भ भरत चक्रवर्ती के समय ही से माना जाता है।

इण्डिया का पुराना नाम भारत था। यह नाम कैसे पडा इसका भी एक इतिहास है। (Civilisation) का प्रारम्भ हुआ उस समय देश का संस्कृत नाम भारत था। इसका उल्लेख ऋग्वेद में मिलता है। इण्डिया के भूगोल का इतिहास इंगित करता है कि यह भूमि सात नदियों की थी। ऋग्वेद की सातवीं पुस्तक के 18वें श्लोक में 10 राजाओं के युद्ध अर्थात् 'दशाराजना' का उल्लेख है। यह युद्ध उस समय की बलशाली 10 ट्राइब्स के मध्य हुआ था, जिन्होंने सम्राट सुदास जो भारत नामक ट्राइब्स का प्रतिनिधित्व करते थे जिसका संबंध Dynasty से था। यह युद्ध रावी नदी पर हुआ था जो पंजाब में है। सम्राट सुदास को इस युद्ध में बडी सफलता मिली। इसके फलस्वरूप भारत ट्राइब्स का नाम लोगों की जुबान आ गया और इस भूमि को भारत वर्ष नाम दिया जिसका अर्थ है भरत की भूमि।

महाभारत में इस देश के नाम का उल्लेख इस रूप में मिलता है कि देश भारत वर्ष के नाम से जाना जाता था, यह नाम महाराजा भरत चक्रवर्ती के नाम पर था। भरत, Dynasty के जन्मदाता थे।

विष्णु पुराण में इस भूमि को भारत वर्ष के नाम से सम्बोधित किया है, जबसे राजा ऋषभ ने इसे अपने पुत्र भरत को दिया था और वे स्वंय राज्य को त्याग कर मुनि हो गये थे। विष्णु पुराण में सम्बन्धित श्लोक इस प्रकार है :-

**उत्तरंयतसमुद्रस्य, हिमाद्रेश्चैवदक्षिणं ।**
**वर्षतदभारतं, नामभारतीयत्रसंतति ।**

सभ्यता के प्रारम्भ से अब तक देश व विदेशों में देश को निम्नलिखित नामों से जाना जाता था:-

**भारत नाम की उत्पत्ति का संबंध प्राचीन भारत के चक्रवर्ती राजा मनु के वंशज महाराजा जैनों के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव के पुत्र भरत से है। पुराणभागवत, वैदिक, बौद्ध और जैन पुराणों एवं ग्रन्थों में तथा ऋषभदेव में इसका उल्लेख मिलता है। ऋग्वेद का काल की सभ्यता 36000 वर्ष पुरानी है (पद 38)।**

| | |
|---|---|
| भारता | Bharata |
| जम्बूद्वीप | |
| आर्यावर्त | Aryavarta |
| नाभिवर्षा | |
| तियान्जूह | |
| भारत / भारत खण्ड | |
| हिन्द / हिन्दुस्तान | |
| इण्डिया | |
| मेलुहा | |
| भारतवर्ष | |
| होडू | |
| अजानभवर्ष | |
| भारत / भारतवर्ष का नाम | |

जम्बूद्वीप :- प्राचीन शास्त्र में भारत का नाम जम्बूद्वीप है। साउथ ईस्ट एशिया के देशों के इतिहास में भारत को जम्बूद्वीप कहा जाता था। यह नाम जैनों का दिया हुआ है, जिस धर्म का प्रवर्तक प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव थे। भारत का यह नाम थाइलेण्ड, मलेशिया, जावा, बाली के देशों के इतिहास में मिलता है। इस क्षेत्र (द्वीप) में जम्बू के पेड थे, इसे जम्बूद्वीप नाम दिया गया।

संविधान के अनुच्छेद 1 के समय चर्चा में यह बात आई थी कि 'इण्डिया' शब्द के मूल में सिन्धु शब्द जो एक नदी का नाम है, छिपा हुआ है। प्राचीन परशिया तथा अरबी के अक्षर 'एस' को 'ह' से उच्चारित किया जाता था। ईसा से पूर्व तीसवीं शताब्दी में 'सिन्धु' को 'हिन्द' कहा जाता था और यह देश हिन्दुस्तान कहा गया। ग्रीक वाले सिन्धु को इण्डस कहते हैं और उसके जुडे देश को इण्डिया नाम दिया गया।

यहां लिखना समीचीन होगा कि पाश्चात्य देशों (इंग्लेण्ड) से जब इस देश को इण्डिया नाम दिया जब भी यह देश भारत ही कहा जाता था। संविधान के लिये इस देश को इण्डिया नाम दिया गया। अनुच्छेद 1 में कहा गया इण्डिया यानी 'भारत'। इण्डिया शब्द भारतीयों की भावना की अभिव्यक्ति नहीं कर सकता न भारतीय संस्कृति के गौरव, अतीत व इतिहास को ही दर्शाता है।

भारत: भारत नाम की उत्पत्ति का संबंध प्राचीन भारत के चक्रवर्ती राजा मनु के वंशज महाराजा जैनों के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव के पुत्र भरत से है। पुराणभागवत, वैदिक, बौद्ध और जैन पुराणों एवं ग्रन्थों में तथा ऋषभदेव में इसका उल्लेख मिलता है। ऋग्वेद का काल की सभ्यता 36000 वर्ष पुरानी है (पद 38)। खारवेल की हाथीगुफा के शिलालेख, महाभारत में भी इसका उल्लेख है। ऋषभदेव स्वयं भूमनु से पांचवी पीढी में इस क्रम में हुये स्वयं भूमनु, प्रियव्रत, अग्रीध्र, नाभि और ऋषभ। ऋषभ के पुत्र भरत थे। मत्स्य पुराण में उल्लेख है कि महायोगी भरत के नाम परदेश का नाम भारत हुआ।

इस संविधान के अनु. 1 के उपअनु. (1) में यह निर्धारित किया गया है कि इण्डिया अर्थात् भारत राज्यों का संघ होगा। भारत के एक नागरिक ने सर्वोच्च न्यायालय में अनु. 32 के तहत् एक याचिका यूनियन ऑफ इण्डिया के विरूद्ध प्रस्तुत की है, उसका कथन है कि संविधान के अनु. 21 के तहत् नागरिक होने के नाते उसका यह मूल अधिकार है कि वह गर्व के साथ अपने देश का नाम भारत माने जबकि अनु. 1 के उपअनु. (1) में यह उल्लेख किया है कि देश का नाम इण्डिया यानी भारत होगा जो राज्यों का समूह होगा। याची ने अपनी याचिका में यह प्रार्थना की है कि विपक्षी के विरूद्ध यह आदेशात्मक आदेश पारित किया जावे वे यथोचित कदम उठाते हुए अनु. 1 में संशोधन करें कि देश का नाम इण्डिया यानी भारत के स्थान पर भारत वर्ष किया जावे।

याची का कथन है कि भारत को इण्डिया पुकारना उपनिवेशवाद को पुनः जिन्दा कर देश की गरिमा व गौरव को खण्डित किया गया है। देश का नाम इण्डिया भारत की सांस्कृतिक धरोहर की विशालता को छू भी नहीं सकता, जो भारत शब्द में स्वतः ही स्पष्ट प्रतिलक्षित होता है।

हिन्दी देश की राज भाषा है अतः अधिकांश देश के नागरिकों की भाषा थी इसलिये संविधान निर्मात्री सभा को भारत का संविधान हिन्दी में बनाना चाहिये था, किन्तु मुट्ठी भर अंग्रेजी के भक्तों के कारण संविधान की मूल प्रति अंग्रेजी में लिखी गई और बिना सोचे-समझें भारत के अंग्रेजी नाम से ही संविधान का शीर्षक Constitution of India रख दिया गया जबकि शीर्षक को भारत का संविधान दिया जाना अपेक्षित था। हिन्दी की मूल प्रति में इसे भारत का संविधान कहा है न कि इण्डिया का संविधान। अनुच्छेद 1 के उपचरण (1) में अंग्रेजी के मूल संविधान में लिखा है, India, that is Bharat shall be a Union of State और फिर हिन्दी में इसी को भारत यानी भारत राज्यों का संघ होगा, लिखा जाना चाहिये था न कि इण्डिया यानी भारत राज्यों का संघ। संविधान में भारत की कोई परिभाषा नहीं है, किन्तु अनुच्छेद 366 में India States की परिभाषा है, देशी राज्य से ऐसा राज्य क्षेत्र अभिप्रेत है जिसे "भारत डोमिनियन की सरकार से ऐसे राज्य के रूप में मान्यता प्राप्त थी"। AGovernment of India Act 1935 को हिन्दी में भारत शासन एक्ट, 1935 कहा गया है। भारत व इण्डिया की परिभाषा के अभाव में अनुच्छेद 1 अस्पष्ट है और उपरोक्त कथनों के अनुसार संविधान का संशोधन आवश्यक है।

अत: न्यायहित में अनुच्छेद 1(1) को संविधान के संशोधन की प्रक्रिया के अनुसार संशोधित किया जाकर, इस प्रकार किया जावे कि अनुच्छेद 1(1) "भारत राज्यों का संघ होगा Bharat shall be a Union of States~ संविधान में जो नाम संघ और उसके राज्य क्षेत्र का है वह केवल भारत हो। भारत के गौरवशाली अतीत और भारतीय संस्कृति की गरिमामयी परम्परा तथा समस्त भारतीयों की भावना की आनबान व शान को अक्षुण्ण रखते हुये संविधान में उपरोक्त संशोधन हेतु भारत सरकार उचित कदम उठाकर देश के लोगों को न्याय दिलायेगी। भारत गणतंत्र की अखण्डता, एकता और समरसता के हेतु तथा भारत माँ के सम्मान के हेतु भारत सरकार की माँ भारतीयों के प्रति एतिहासिक पूजा, आराधना व अर्चना होगी।

जय भारत!

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाईकोर्ट**

# सांभर में संचालित इंदिरा रसोई में स्वच्छ जल से नहीं बन रहा खाना

- **भूमिगत बने टैंक के पानी को खाना बनाने के लिए उपयोग में लिया जाता है**
- **भूमिगत टैंक की लंबे समय से कोई साफ-सफाई नहीं हुई है**

**सांभरझील,** (निसं)। यहां तेली दरवाजा रोड स्थित नेहरू गार्डन में संचालित इंदिरा रसोई में खाना स्वच्छ पानी से तैयार नहीं होने का मामला प्रकाश में आया है।

जानकारी के अनुसार नेहरू गार्डन में भूमिगत टैंक में स्टोरेज पानी से आटा गूंदने से लेकर सब्जी बनाने तक इसे काम में लिया जाता है जबकि उद्यान में बने भूमिगत टैंक की लंबे समय से कोई साफ सफाई नहीं हुई है। टैंक के अंदर काफी कचरा आदि पड़ा हुआ है। बताया जा रहा है कि यहां तक की छत पर रखी प्लास्टिक की टंकी की भी आज तक कोई साफ सफाई नहीं हुई है और अंदर से काफी गंदी हो गई है। बता दें कि इंदिरा रसोई के पीछे ही खुला पेशाब घर भी बना हुआ है जो सडांध मार रहा है। लंबे समय से न तो यहां पर दवा का छिड़काव हुआ है और ना ही शौचालय की साफ सफाई हुई है। जबकि यहां पर काफी लोग उद्यान में खाना खाने आते हैं। इस मामले में इंदिरा रसोई की संचालिका प्रियंका से बात हुई तो उन्होंने बताया कि हमने टंकी की सफाई के लिए पालिका प्रशासन को बोला था उन्होंने इसे साफ करवाने का आश्वासन दिया हुआ है। अब आपने बताया है तो फिर से पालिका प्रशासन को टंकी की साफ सफाई के लिए लिखा जाएगा।




सांभरझील में तेली दरवाजा रोड स्थित नेहरू गार्डन में संचालित इंदिरा रसोई।

# जुर्माना नहीं देने पर दलित समाज की जमीन पर चलाया बुलडोज़र

- **समाज से बहिष्कृत करने की धमकी देकर अवैध वसूली करने वाले 12 पंचों के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**भीम,** (निसं)। उपखण्ड के पीपलीनगर पंचायत क्षेत्र में खाप पंचों की दादागिरी और तुगलकी फरमान सुनाने का मामला सामने आया था। खाप पंचों की जान से मारने की धमकी के बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस और अधिकारियों से जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई। पीपली नगर पंचायत के तिकोड़िया गांव निवासी नारायण लाल सालवी ने देवगढ़ थाने में गांव के पंच डूंगर सिंह रावत भादू सिंह, खीम सिंह, लक्ष्मण सिंह चैन सिंह सहित 12 लोगों के खिलाफ एससी-एसटी का मुकदमा दर्ज हुआ है।

नारायण लाल ने बताया कि तिकोड़िया गांव में उसकी जमीन पर मकान बना हुआ है और मकान बनाने के लिए गांव के वार्ड पंच डूंगर सिंह ने उससे 25 हजार रुपये भी लिए थे। अब डूंगर सिंह ने जमीन पर रहने के लिए उससे और पैसे मांग रहा था। उसने पैसे नहीं दिया तो 2 मार्च को डूंगर सिंह और भादू सिंह लक्ष्मण सिंह नारायण सिंह समेत अन्य लोगों ने उसे घर पर आकर धमकाया और जान से मारने की धमकी दी। 3 मार्च को गांव के पंच डूंगर सिंह रावत, बहादुर सिंह, खेम सिंह, लक्ष्मण सिंह, चैन सिंह सहित 10 से 15 लोग यहां आए और जेसीबी मशीन से मकान के पास खाई करवा दी।

मेरे घर के अंदर मार्किंग करके गए कि अगर कल तक इस मकान को तूने खाली नहीं किया तो हम इस मकान के बीचोंबीच जेसीबी लगाकर इस मकान को तोड़ेंगे। गांव के पंच लोगों पर मनमाना जुर्माना लगाकर उसे पैसे वसूलते हैं पैसा नहीं देने पर लोगों को गांव से बहिष्कृत कर दिया जाता है और उन्हें प्रताड़ित किया जाता है। पीड़ित परिवार ने देवगढ़ थाने में रिपोर्ट दी लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। पीड़ित परिवार ने जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी को अपनी पीड़ा बताई जिस पर पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने तुरंत प्रभाव से देवगढ़ थाना प्रभारी को मामला दर्ज करने का आदेश दिया, जिस पर देवगढ़ थाना प्रभारी दिलीप सिंह ने मामला दर्ज किया। मामले की जांच पुलिस उप अधीक्षक राजेंद्र सिंह राठौड़ के जिम्मे की गई।

# बेमौसम की बरसात ने किसानों को मायूस किया

- **एक बार पुनः पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में बदलाव देखने को मिला**
- **ठंडी हवाओं के चलते तापमान में एकदम 5 से 6 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई**

**फुलेरा,** (निसं)। एक बार पुनः पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में बदलाव देखने को मिला है। साथ ही फुलेरा कस्बे में बे-मौसम की बरसात ने किसानों को मायूस कर उनकी चिंता को दो गुना कर दिया है।

गौरतलब है कि गुरुवार को प्रातः सूर्योदय से ही बादलों की लुकाछिपी आरंभ हो गई थी, जो दोपहर होते-होते तो पूरा आकाश काले बादलों से घिर गया और तेज हवाओं के झोकों के साथ शाम होते-होते तेज बारिश शुरू हो गई। इसके बाद ठंडी हवाओं के चलते तापमान में एकदम 5 से 6 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई।

वैसे ही पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में मौसम परिवर्तन के चलते और वायरल बुखार, खांसी, जुकाम से आम आदमी ग्रसित है। वर्षा से मौसम और ठण्डा होने से इन दिनों लोगों की संख्या में और इजाफा होगा। वहीं दूसरी ओर खेतों में लावणी चल रही है और फसल काटने का कार्य जोरों से चल रहा है।

इसके चलते कहीं पर तो फसल खतों में कटी पड़ी है तो कहीं खेतों में खड़ी हुई है। बारिश के होने से फसल को भारी नुकसान होने की प्रबल संभावना बन गई है। इसके चलते किसानों के चेहरे पर मायूसी छाई हुई है। फसल को खराब होने से बचाने की जुगत करने में किसान का पूरा परिवार लग रहा है। जानकारी के अनुसार यदि लगातार तीन-चार दिन यही हालात रहे तो किसान को फसल का भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# 'शादी में दूल्हे दाढ़ी नहीं रखेंगे'

**खांडल विप्र समाज की बैठक में सामाजिक कुरूतियों पर चर्चा के दौरान यह निर्णय लिया गया**

**परबतसर,** (निसं)। खांडल विप्र समाज, परबतसर की साधारण सभा की बैठक खांडल भवन में आयोजित की गई। जिसमें वर्तमान में समाज में चल रही कुरीतियों पर चर्चा कर शादी के समय दूल्हा दाढ़ी में जाता है तथा कन्या के विवाह में आने वाला दूल्हा दाढ़ी में आता है। इस पर चर्चा कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कोई भी दूल्हा दाढ़ी रख कर ना जाएगा ना ही दाढ़ी रखकर आएगा, युवा वर्ग ने भी इस प्रस्ताव पर अपनी सहमति जाहिर की। ब्राह्मण समाज के सभी घटकों ने इस प्रस्ताव का मौखिक स्वागत व समर्थन किया। साथ की विवाह समारोह में प्रीवेडिंग का प्रदर्शन नहीं किया जाएगा। इस बैठक में उपस्थित रहे शाखा सभा अध्यक्ष रमेश रुथला, सचिव बनवारी लाल सोती (एडवोकेट), कोषाध्यक्ष मदन लाल मंगलयारा, श्याम सुंदर रूथला, पूर्व शाखा सभा अध्यक्ष राजनारायण बणसिया, गजानन रुथला, पूर्व सचिव रमेश खंडेलवाल, महासभा कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्र खंडेलवाल, कैलाश बौचीवाल तथा जयनारायण रुथला, मदनलाल रिणवा इंदरचंद रुथला, दिनेश चोटिया, भवानी शंकर, श्रीगोपाल रुथला, शैलेश, चेतन, भीष्मनारायण, विशाल शर्मा, युवा संगठन अध्यक्ष धर्मपाल चौटिया, आशीष रुथला, शैलेश रूंथला, विकास आदि उपस्थित रहे।

# करौली में अतिक्रमियों के सामने बौना साबित हुआ प्रशासन

- **शहर के एनएच 11बी पर अतिक्रमण को हटाने की सुध नहीं ले प्रशासन**

**करौली,** (निसं)। कैलादेवी के लक्खी मेले के पद यात्रियों की आवक शुरू हो चुकी है और मेला का शुभारंभ होने के मात्र 2 दिन शेष हैं लेकिन प्रशासन अभी तक पद यात्रियों की राह प्रभावशाली अतिक्रमणीयों के हो रहे शहर के बीचोबीच एनएच 11बी पर अतिक्रमण को हटाने की सुध नहीं ले पा रहा है और यात्रियों सहित आम राहगीर को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के प्रमुख तीर्थ स्थल कैलादेवी धाम में कैलादेवी का 19 मार्च से चैत्र मेला शुरू होने जा रहा है जिसकी तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन सहित जिले के सभी विभागों के अधिकारियों की मेले में आने वाले पदयात्री, श्रद्धालुओं की मूलभूत सुविधाएं और प्रमुख मार्ग में हो रहे अतिक्रमण को हटा कर राह आसान कराने के लिए कैलादेवी सहित जिला मुख्यालय पर बैठके हो चुकी है और बैठको में जिला कलेक्टर ने यात्रियों की सुविधा मुहैया कराने के लिए बिजली, पानी और फुटपाथ आदि की सुविधा मुहिया कराने के लिए निर्देश दिए गए लेकिन मेला सिर पर आने के उपरांत भी अभी तक जिला मुख्यालय स्थित शहर के बीचो बीच होकर निकल रहे मासलपुर नाका चुंगी से लेकर तीन बड, मैगजीन तक एनएच 11बी के सड़क किनारे फुटपाथ पर अतिक्रमण करने की लोगों में होड़ मच रही है। यही नहीं पूर्व से मासलपुर नाका चुंगी से लेकर गुलाब बाग, पुरानी कलेक्ट्री सर्किल होते हुए तीन बड, मैगजीन तक प्रभावशाली लोगों ने फुटपाथ पर बड़े-बड़े प्रतिष्ठान खोलकर आम राहगीर की राह बड़ी दुर्गम कर रखी है। जो प्रशासन के अधिकारियों से छिपी नहीं है। लेकिन प्रशासन उन प्रभावशाली अतिक्रमणीयो के सामने उनके अतिक्रमण हटाने के नाम पर बोना साबित हो रहा है। इसके अलावा कैलादेवी तक के सड़क मार्ग के फुटपाथ पर भी बेतहाशा लोगों ने अतिक्रमण कर रखे हैं जिनको भी प्रशासन नहीं हटा पाया है और पद यात्रियों की आवक शुरू हो चुकी है।

## राशिफल शुक्रवार 17 मार्च, 2023



पंडित अनिल शर्मा

चैत्र मास, कृष्ण पक्ष, दशमी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2079, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र रात्रि 2:46 तक, वारियान योग प्रातः 6:59 तक, विष्टि करण दिन 2:07 तक, चन्द्रमा दिन 10:19 से मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-धनु, मंगल-मिथुन, बुध-मीन, गुरू-मीन, शुक्र-मेष, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज कुमार योग रात्रि 2:46 से सूर्योदय तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग रात्रि 2:46 से आरम्भ होगा। आज भद्रा दिन 2:07 तक रहेगी। आज दशामाता व्रत है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 8:08 तक, लाभ-अमृत 8:08 से 11:06 तक, शुभ 12:35 से 2:04 तक, चर 5:03 से सूर्योदय तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 6:39, सूर्यास्त 6:32

### मेष
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### वृष
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। वाणी पर संयम रखना ठीक रहेगा। आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

### मिथुन
स्वभाव की तेजी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। स्वभाव की तेजी के कारण परिवार में वाद-विवाद बढ़ सकते हैं। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### कर्क
स्वास्थ्य संबंधित व्यक्तिगत चिन्ता दूर होगी। घर-परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

### सिंह
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

### कन्या
पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में आपसी अनबन मतभेद बढ़ सकते हैं। परिजनों के व्यवहार के कारण दु:ख हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### तुला
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता ठीक रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

### वृश्चिक
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### धनु
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मकर
अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आज आवश्यक कार्य योजनानुसार सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### कुंभ
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। व्यक्तिगत कारणों से मन में असंतोष बना रहेगा। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा।

### मीन
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। घर-परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

# छबड़ा दंगे के आरोपी मुख्यमंत्री की रोजा इफ्तार पार्टी में कैसे पहुंच गये? : प्रताप सिंह सिंघवी

## अगर इनविटेशन सी.एम.ओ.के यहां से जारी हुआ तो बता दो : धारीवाल

- धारीवाल ने कहा कि रोजा इफ्तार पार्टी हर वर्ष होती है और निश्चित तौर पर कई लोगों को आमंत्रित किया जाता है। कई बार देखा गया कि एक हजार आदमियों को बुलाया जाता है और पंहुच जाते हैं दो हजार आदमी। अब वो किसी के साथ आकर चला गया तो किसने पहचाना कौन क्या है क्या नही है।
- सिंघवी ने पूछा कि दंगे के आरोपी छबड़ा में खुले में घूम रहे हैं, क्या उन्हें पकड़ने के लिये दो साल लगते हैं?

**जयपुर**, (वि.सं.)। छबड़ा विधायक व पूर्व मंत्री प्रताप सिंह सिंघवी ने गुरुवार को विधानसभा में प्रश्नकाल में छबड़ा में हुए सांप्रदायिक दंगे का मामला उठाया। सिंघवी ने पूछा कि छबड़ा दंगे के नामजद आरोपियों को दो वर्ष बाद भी गिरफतार नहीं करने के क्या कारण हैं। इस लापरवाही के लिए कौन कौन अधिकारी जिम्मेदार है।

नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने जवाब में कहा कि बड़ा प्रकरण है। छबड़ा में 11 अप्रैल 2021 को सांप्रदायिक दंगा हुआ। आगजनी हुई लुटपाट हुई कुल मिलाकर 24 प्रकरण दर्ज हुए 24 में 22 प्रकरण सिविलियंस ने दर्ज करवाए और 2 थानाधिकारी ने दर्ज करवाएं। शुरु में दर्ज प्रकरणों की जांच हुई उसमें 152 आदमियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। फिर अनुसंधान चालू हुआ। अनुसंधान के दौरान 137 व्यक्तियों के नाम और जोड़ दिए गए। इस प्रकार 289 व्यक्तियों के विरुद्ध जांच शुरू हुई। प्रकरण में 289 आदमियों में अनुसंधान के दौरान 85 आदमियों को दोषी नहीं माना। कुल मिलाकर 204 आदमी शेष रह गए। 204 व्यक्तियों को दोषी माना गया। 116 व्यक्तियों को तो गिरफ्तार कर लिया गया और 65 आरोपियों ने हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत ले ली जिन्होंने थाने में जमानत तस्दीक करवा ली है। कुल मिलाकर 23 आदमी शेष रह गए।

सिंघवी ने पूछा कि जो मुल्जिम छबड़ा में खुले में घूम रहे हैं, क्या उनको पकड़ने में क्या दो साल लगते है? आरोपी मुख्यमंत्री की रोजा इफतार पार्टी में जिला कलक्टर की अनुमति के बिना कैसे पंहुच गए। इसके लिए कौन अधिकारी जिम्मेदार हैं? मंत्री ने जवाब में कहा कि रोजा इफतार पार्टी हर वर्ष होती है और निश्चित तौर पर कई लोगों को आमंत्रित किया जाता है। कई बार देखा गया कि एक हजार आदमियों को बुलाया जाता है और पंहुच जाते हैं दो हजार आदमी। अगर इनविटेशन सीएमओ के यहा से जारी हो गया हो तो वो बता दो। अब वो किसी के साथ आकर चला गया तो किसने पहचाना कौन क्या है क्या नही है। इस पर सिंघवी ने आपत्ति की और कहा कि इनविटेशन कलक्टर के यहां से आया है कि मुख्यमंत्री के यहां रोजा इफतार पार्टी में पंहुचना है। तो मुस्लिम का नाम कैसे भेज दिया। इस पर कुछ विधायकों ने हंगामा किया। विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अगर इनविटिशन सीएमओ से गया है तो पेश कर दे उस पर कारवाई होगी।

# लोकेन्द्र सिंह कालवी जैसी शख्सियत सैंकड़ों साल में होती है : सुरेश मिश्रा



राजपूत नेता करणी सेना के संस्थापक एवं संस्कृति युवा संस्था के प्रधान संरक्षक स्व.लोकेन्द्र सिंह कालवी के निधन पर गुरुवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन खंडाका हाउस, पीलत फैक्ट्री के पास बनीपार्क जयपुर पर किया गया।

**जयपुर**, (का.सं.)। राजपूत नेता करणी सेना के संस्थापक एवं संस्कृति युवा संस्था के प्रधान संरक्षक लोकेन्द्र सिंह कालवी का आकस्मिक निधन 14 मार्च को सवाई मानसिंह अस्पताल में हो गया है। जिनकी श्रद्धांजलि सभा आज खंडाका हाउस, पीलत फैक्ट्री के पास बनीपार्क जयपुर पर रखी गई। जिसमें शहर के नागरिकों ने श्रद्धासुमन अर्पित की। संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने बताया कि लोकेन्द्र कालवी जैसी शख्स सैकड़ों साल में होती है। जिन्हे हमेशा याद किया जायेगा।

इस अवसर पर विप्र कल्याण बोर्ड के चैयरमेन महेश शर्मा, पूर्व महापौर ज्योति खण्डेलवाल, कांग्रेस प्रत्याशी सीताराम अग्रवाल, कांग्रेस नेता सुशील आसोपा, हरेन्द्र पाल सिंह जादौन, एल.सी. भारती, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, सनील जैन, गौरव धामाणी, बाबूलाल शर्मा, एडवोकेट बी.बी.शर्मा, कमलेश शर्मा, दिनेश शर्मा, अविकुल शर्मा, प्रमोद शर्मा, हेमंत शर्मा, पप्पू श्रीमाल, पं. सुरेश शर्मा सहित जयपुर के लोगो ने श्रद्धासुमन अर्पित की है।



मौसम विभाग ने चार दिन तक जयपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में तेज हवा के साथ बारिश, ओले गिरने व आंधी का अलर्ट जारी किया है। इसी समय फसल काटने व मंडियों में लेकर जाने का वक्त चल रहा है जिससे किसान की परेशानी बढ़ गई है। जयपुर में सीकर रोड स्थित कूकर खेड़ा मंडी में जौ की फसल बिकने के लिए आना शुरू हो गई और वो खुले आसमान के नीचे रखी है, जो कि बारिश होने पर खराब हो सकती है। *फोटो : दिनेश भारद्वाज*

## ग्रीन जोन की कॉलोनियों के नियमन का मामला उठा

**जयपुर**, (वि.सं.)। जयपुर में इकोलॉजिकल जोन में बसी कॉलोनियों के नियमन से जुड़ा प्रश्न विधायक रफीक खान की ओर से पूछा गया। इसके जवाब में नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि जयपुर के आगरा रोड पर इकॉलोजिकल जोन में बसी कॉलोनियों का मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। उन्होंने बताया कि 12 जनवरी 2017 को जोधपुर उच्च न्यायालय द्वारा आदेश जारी किया गया था कि इकोलॉजिकल जोन में पट्टे नहीं दिए जा सकते। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में वर्ष 2017 से पहले इकोलॉजिकल जोन में 37 पट्टे दिये गये थे। धारीवाल ने बताया कि उच्च न्यायालय के फैसले के विरूद्ध जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा उच्चतम न्यायालय में एसएलपी दायर की गई है, अगर फैसला राज्य सरकार के पक्ष में आता है तो उस क्षेत्र में इकोलॉजिकल जोन में बसी कॉलोनियों को पट्टे दे दिए जाएंगे।

## 22 गोदाम कब्रिस्तान से दो माह में कब्जे हटाने के आदेश

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने वक्फ बोर्ड को आदेश दिए हैं कि वह 22 गोदाम स्थित कब्रिस्तान की भूमि से जल्दी से जल्दी और अधिकतम दो माह में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पूरी करे। अदालत ने कहा है कि जिन अतिक्रमियों को बोर्ड की ओर से नोटिस दिए गए हैं, उन्हें सुनवाई के दौरान अनावश्यक तारीखें नहीं दी जाए। एक्टिंग सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस अनिल उपमन की खंडपीठ ने यह आदेश मोहम्मद अशफाक खान व अन्य की जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए दिए। अदालत ने स्पष्ट किया है कि मामले में कोर्ट की ओर से अतिक्रमियों को नोटिस नहीं दिए गए हैं। ऐसे में कोर्ट मामले की मेरिट पर जाए बिना सिर्फ बोर्ड की ओर से पेश रिकॉर्ड के आधार पर जांच करने के आदेश दिए जा रहे हैं।

सुनवाई के दौरान अदालती आदेश की पालना में वक्फ बोर्ड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सना सिद्दीकी कोर्ट में पेश हुई। उनकी ओर से अदालत को बताया गया कि अतिक्रमणों की शिकायतों को गंभीरता से लिया गया है। बोर्ड ने अतिक्रमियों को नोटिस जारी कर कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने अदालत को बताया कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पूरी होने में करीब दो माह का समय लगने की संभावना है। इस पर अदालत ने उनके बयान को रिकॉर्ड पर लेते हुए अधिकतम दो माह में अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं।

जनहित याचिका में कहा गया कि 22 गोदाम स्थित कब्रिस्तान की करीब आठ बीघा भूमि में से आधी से भी अधिक भूमि पर लोगों ने अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया है। वहीं वक्फ बोर्ड की ओर से अतिक्रमियों को नोटिस देने के अलावा उन्हें बेदखल करने की कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। इस पर सुनवाई करते हुए पूर्व में अदालत ने आदेश जारी कर वक्फ बोर्ड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी को रिकॉर्ड सहित पेश होने के आदेश दिए थे।

## 'जल जीवन मिशन लक्ष्य हासिल हों'

**जयपुर**, (का.सं.)। कलक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने जयपुर जिले में जल जीवन मिशन योजना की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग और डिस्कॉम के अधिकारी आपसी सहयोग एवं समन्वय से कार्य करते हुए ज्यादा से ज्यादा कनेक्शन करें, ताकि योजना के तहत जिले को मिले लक्ष्य को शत प्रतिशत हासिल किया जाना सुनिश्चित किया जा सके।

जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता (ग्रामीण) रमेश चन्द मीना ने जानकारी दी कि जिले में अभी तक जल जीवन मिशन के तहत 44.62 फीसदी कवरेज हासिल किया जा चुका है जबकि प्रदेश का कुल औसत 33.87 प्रतिशत है।

## राजस्थानी भाषा को राजभाषा बनाने की मांग उठाई राजेन्द्र राठौड़ ने

- मंत्री ने संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री से प्रार्थना करने का किया आग्रह

**जयपुर**, (वि.सं.)। विधानसभा में गुरुवार को प्रतिपक्ष के उपनेता राजेन्द्र राठौड़ ने ध्यानाकर्षण के जरिये राजस्थानी भाषा को राजभाषा बनाने समेत तृतीय भाषा के रूप में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में जोड़ने के संबंध में मांग उठाई। राठौड़ ने कहा कि राजस्थानी भाषा को मान्यता दिलाने के लिए आप 1956 के एक्ट में संशोधन लाए, ताकि राजस्थानी भाषा को मान्यता मिल सके।

राठौड़ के इस ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर जवाब देते हुए मंत्री बीडी कल्ला ने कहा कि केंद्र राजस्थानी भाषा को मान्यता दिलाने के लिए आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाना चाहिए। कल्ला ने कहा कि 25 अगस्त 2003 को एक प्रस्ताव पारित हुआ। प्रस्ताव में पक्ष-विपक्ष के सदस्य थे। कई बार अलग-अलग मुख्यमंत्रियों के समय में प्रधानमंत्री को भी पत्र लिखा गया। लेकिन अभी भी पूरा मामला विचाराधीन है। मंत्री ने कहा कि मैं आपसे रिक्वेस्ट करता हूं कि आप सभी हमारे साथ प्रधानमंत्री से मिलकर रिक्वेस्ट करते हैं कि राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में से जोड़ा जाए। इसके बाद राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि अगर 1956 के एक्ट में संशोधन होता है तो यह रास्ता साफ हो सकता है। मंत्री बीडी कल्ला ने कहा कि निश्चित तौर से मुझे भी इस बात का अफसोस है कि 20 साल तक इस मामले पर कुछ नहीं हुआ।

## प्रदेश में 14 नए करोना संक्रमित मिले

**जयपुर**। प्रदेश में करोना संक्रमितों की संख्या लगातार बढ़ने लगी है। इसके चलते गुरुवार को राज्य में 14 नए संक्रमित मिले हैं। इस बीच किसी भी मरीज के रिकवर नहीं होने से एक्टिव केस बढ़कर 70 हो गए हैं।

प्रदेश में गुरुवार को उदयपुर में 5, बीकानेर व जयपुर में 3-3, भीलवाड़ा में 2 तथा अजमेर में 1 नया संक्रमित मिला है। इससे पहले राज्य में बुधवार को 11 रोगी पाए गए थे। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में कोई भी मरीज ठीक नहीं हुआ है। प्रदेश में गुरुवार को करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि अब तक इस बीमारी से 9556 लोगों की मौत हो चुकी है।

## दिव्यांग ओमप्रकाश को स्कूटी स्वीकृत करने का आदेश

- जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में 211 फरियादियों की हुई सुनवाई

**जयपुर**, (का.सं.)। टोंक फाटक स्थित ग्राम रामपुरा रूपा की आदर्श बस्ती के 45 बाशिंदों के चेहरे उस वक्त खिल गए जब उनके आशियाने के मालिकाना हक का 60 साल का इंतजार खत्म हुआ। जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने तहसीलदार, जयपुर को बस्ती की भूमि को राजकीय भूमि घोषित कर जयपुर नगर निगम, ग्रेटर को हस्तांतरित करने के निर्देश दिये, जिसके बाद अब वहां के बाशिंदों को पट्टे के रूप में अपने आशियाने का मालिकाना हक मिल सकेगा।

जिला परिषद सभागार में गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें जिला कलक्टर ने 211 फरियादियों के परिवाद सुने, जिनमें से 16 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। कार्यक्रम में पहुंचे 42 वर्षीय दिव्यांग ओमप्रकाश कुमावत की फरियाद कलक्टर ने संवेदनशीलता के साथ सुनी, और अधिकारियों को मौके पर ही ओमप्रकाश के लिए स्कूटी स्वीकृत करने के आदेश दिये। विद्याधर नगर निवासी हरिनारायण शर्मा ने चिरंजीवी योजना के तहत एक निजी अस्पताल में करोना का इलाज करवाया था, लेकिन इलाज की राशि का पुनर्भरण काफी समय से बकाया था। कलक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित कर 18 हजार रुपये की राशि का चेक जारी करने के आदेश दिये। वहीं कार्यक्रम के दौरान 29 श्रमिकों ने भौतिक सत्यापन के आधार पर ब्लॉक हुए श्रमिक कार्ड फिर से बहाल करने की गुहार लगाई, जिस पर कलक्टर ने श्रम विभाग के अधिकारी को हाथों-हाथ आवेदनों का निस्तारण कर 8 श्रमिकों को योजनाओं का लाभ दिये जाने के निर्देश दिये, अन्य प्रकरणों में भी जल्द से जल्द राहत प्रदान करने के आदेश दिये।

## संविदा कर्मियों के मानदेय में बढ़ोतरी

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-द्वितीय के तहत नियोजित 195 संविदा कर्मियों के मानदेय में बढ़ोतरी के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है।

राजस्थान कॉन्ट्रेक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स-2022 के तहत इन संविदा कार्मिकों के मासिक समेकित पारिश्रमिक का निर्धारण करने के साथ-साथ 9 एवं 18 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने पर उच्चतर मानदेय एवं पदनाम दिया जाएगा। प्रस्ताव के अनुसार, स्वच्छ भारत मिशन में नियोजित लेखाकार तथा एमआईएस कम एम एण्ड ई का मानदेय 16900 रुपए निर्धारित किया गया है। वहीं, मिशन के तहत कार्यरत जिला परियोजना समन्वयक, ब्लॉक समन्वयक तथा डाटा एन्ट्री ऑपरेटर का मानदेय क्रमशः 18900, 13150 एवं 10400 रुपए निर्धारित किया गया है। लेखाकार तथा एमआईएस कम एम एण्ड ई का मानदेय 9 तथा 18 वर्ष संविदा सेवा अवधि पूर्ण करने पर बढ़कर क्रमशः 29600 एवं 51600 हो जाएगा।

## टोंक-केशोरायपाटन राजमार्ग के लिए 16 करोड़ रुपए स्वीकृत

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने टोंक से बूंदी के केशोरायपाटन राज्य राजमार्ग के सुदृढ़ीकरण और सड़क को चौड़ा करने हेतु 16 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

प्रस्ताव के अनुमोदन से राज्य राजमार्ग-34 के 18.7 कि.मी. लम्बाई में सुदृढ़ीकरण एवं विकास कार्य हो सकेंगे। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से स्थानीय लोगों को आवागमन में सुगमता होगी।


### तीये की बैठक



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी धर्मपत्नी **श्रीमती सुमन कंवर** का स्वर्गवास दिनांक 15.03.2023 को हो गया है। तीये की बैठक दिनांक 17.03.2023 को शाम 5 से 6 बजे तक निवास स्थान मकान नंबर-26, विजय वाटिका, नायला रोड, सुंदर नगर के सामने, जयसिंहपुरा खोर जयपुर पर होगी। **शोकाकुल :** नंद सिंह (पति), रवि सिंह (पुत्र), सुरेन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह, किशन सिंह, शेर सिंह (देवर), सीमा कंवर-विशाल सिंह, ओम कंवर-कुलदीप सिंह (पुत्री-दामाद) एवं समस्त परिवारजन। मो. 9784492257, 8696131314



नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# मोटे अनाजों की कृषि को सभी स्तरों पर प्रोत्साहित किया जाए : राज्यपाल

- श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर का दीक्षांत समारोह आयोजित
- राज्यपाल मिश्र ने आठ स्वर्ण पदक विजेता और उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए छात्राओं को स्वर्ण पदक मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की



राज्यपाल कलराज मिश्र

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने विश्व की बढ़ती आबादी को पोषण युक्त भोजन उपलब्ध कराने के लिए मोटे अनाजों की खेती को सभी स्तरों पर प्रोत्साहित किए जाने पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि पोषण से भरपूर मोटे अनाजों के नियमित सेवन से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बनती है, इसलिए, मोटे अनाजों के उत्पादों को आम जनता में लोकप्रिय करने के अधिकाधिक प्रयास किए जाने चाहिए।

राज्यपाल मिश्र गुरुवार को कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के दीक्षांत समारोह के अवसर पर राजभवन से ऑनलाइन सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत की पहल पर ही वर्ष 2023 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया गया है और मोटे अनाजों के महत्व को समझने एवं इनके उत्पादन के जागरूकता के लिए प्रयास शुरू हुए हैं। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज बाजरा, ज्वार, रागी, कुटकी, संवा, कंगनी, चेना एवं कोदो पारम्परिक रूप से भारतीय भोजन का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान के अधिकतर हिस्सों में आज भी मोटा अनाज आम लोगों के भोजन का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

राज्यपाल ने कहा कि यह समय स्मार्ट कृषि का है। रिमोट सेंसिंग, आईओटी, रोबोटिक्स, बिग डाटा एनालिटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने खेती में एक नई क्रांति का सूत्रपात किया है। उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालयों को स्मार्ट खेती से जुड़ी नई तकनीकों के प्रति किसानों को जागरूक करना होगा।

राज्यपाल मिश्र ने आठ स्वर्ण पदक विजेता और उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए चार छात्राओं को स्वर्ण पदक मिलने पर विशेष प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने विश्वविद्यालय के दुर्गापुरा स्थित राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा लौह व जिंक की प्रचुरता वाली बाजरे की दो बायो-फोर्टिफाइड संकर किस्मों के विकास की भी सराहना की। उन्होंने कृषि उद्यमिता हेतु विश्वविद्यालय के इंक्यूबेशन सेंटर द्वारा किए जा रहे कार्यों पर भी संतोष व्यक्त किया।

इस अवसर पर 32 विद्यार्थियों को पीएचडी, 75 को स्नातकोत्तर, 3 को समेकित कृषि स्नातकोत्तर उपाधियां, 985 विद्यार्थियों को कृषि स्नातक उपाधियां तथा आठ विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। राज्यपाल मिश्र ने आठ स्वर्ण पदक विजेता और उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए चार छात्राओं को स्वर्ण पदक मिलने पर विशेष प्रसन्नता व्यक्त की।

## युवा संवाद का आयोजन एक से

**जयपुर**, (का.सं.)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय,भारत सरकार के अधीन नेहरू युवा केंद्र संगठन की ओर से चयनित समुदाय आधारित संगठनों के माध्यम से देश और प्रदेश के सभी जिलों में 1 अप्रैल से 31 मई के बीच युवा संवाद भारत 2047 कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा दर्शाए गए पंच प्रण पर चर्चा और सकारात्मक संवाद होंगे। प्रधानमंत्री की प्रेरणा और मार्गदर्शन से, भारत आजादी का अमृत महोत्सव- स्वतंत्रता और अपने लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास के 75 वें वर्ष का जश्न मना रहा है।

नेहरू युवा केंद्र संगठन, जयपुर के उप निदेशक महेंद्र सिंह सिसोदिया ने बताया की आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा पंच प्रण पर चर्चा और प्रश्न उत्तर सत्र का नेतृत्व किया जाएगा। इस कार्यक्रम में न्यूनतम 500 युवा प्रतिभागी होंगे। इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए इच्छुक समुदाय आधारित संगठन गैर राजनीतिक, गैर पक्षपातपूर्ण इतिहास वाले होंगे और युवा संवाद कार्यक्रम का संचालन करने के लिए पर्याप्त संगठनात्मक ताकत होगी।


### आम सूचना

मैं अधोहस्ताक्षरी अपने मुवक्किल श्री अमित सिंह पुत्र श्री मगन सिंह निवासी 76-बी, जे. पी. कॉलोनी, सेक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राज0) की ओर से सर्व साधारण को यह सूचित करता हूँ कि मेरे मुवक्किल श्री अमित सिंह जो कि अपने पिता का इकलौता वारिस है उक्त सम्पत्ति पर काबिज होते हुए इसका स्वामी है व जो कोई व्यक्ति मेरे उक्त पक्षकार की जानकारी के बिना उक्त सम्पत्ति/मकान की खरीद-फिरोख्त करता है तो ऐसा कोई भी संव्यवहार अवैध होगा व जिसके लिये तथाकथित क्रेता स्वयं जिम्मेदार होगा व कानूनी कार्यवाही का पात्र होगा। अतः सूचित रहे कि ऐसा कोई भी विक्रय पत्र/दस्तावेज़ व्यवहार से लाने से पूर्व वह तथाकथित क्रेता मेरे उक्त पक्षकार से उसके मोबाईल संख्या 9829293203 पर आवश्य सम्पर्क कर लेवे।

(कृष्ण गोपाल खत्री) एडवोकेट
मो. 7976578029, 9351115964

### कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय

राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक- DHC-II/3207 दिनांक-16.03.2023

#### जाहिर आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 4/200 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 162.00 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्रीमती रुकमणी देवी पत्नी स्व. श्री बद्रीनारायण शर्मा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 2050 दिनांक 20.01.2004 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 11.05.2004 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 2198 दिनांक 29.08.2004 के द्वारा श्रीमती निभा राठौड़ एवं श्री रमेश कुमार के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास का पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 07.02.2005 को करवाया गया। श्रीमती निभा राठौड़ एवं श्री रमेश कुमार द्वारा आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र के श्री दीपक कुमार वाधवानी एवं श्रीमती गोदावरी देवी वाधवानी को कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वय के पक्ष में उक्त आवास के विक्रय प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयन जयपुर में दिनांक 19.01.2015 को करवाया गया। इसके पश्चात श्रीमती गोदावरी देवी वाधवानी की मृत्यु दिनांक 19.10.2016 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री दीपक कुमार वाधवानी पुत्र स्व. श्री भागचन्द उर्फ भगवान दास वाधवानी ने 1/2 अविभाजित हिस्से का मृत्यु पश्चात नाम एवं लीजडीड हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री दीपक कुमार वाधवानी पुत्र स्व. श्री भागचन्द उर्फ भगवान दास वाधवानी के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।

सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

### उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 1322/23
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।

प्रार्थी 1. शोभना श्रीवास्तव पत्नी श्री संजय श्रीवास्तव पुत्री स्वर्गीय श्रीमती आशा कंचन उम्र 54 वर्ष जाति कायस्थ निवासी 6/3, तृतीय तल, जंगपुरा-बी, नई दिल्ली 110014
2. रचना थपलियाल पत्नी श्री सिद्धार्थ थपलियाल पुत्री स्वर्गीय श्रीमती आशा कंचन उम्र 47 वर्ष जाति कायस्थ निवासी ए-703, 40-आईपी एक्सटेंशन, पेराडाईज अपार्टमेंट, नई दिल्ली-110092

**विवाद स्थान**-प्लॉट नम्बर ए-2, विजय पथ, तिलक नगर जयपुर-302004
मृतक सुधा जौहरी की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 25.04.2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम सुधा जौहरी पुत्री स्वर्गीय श्री धर्मवीर व शान्ता कुमारी पत्नि स्वर्गीय श्री राजेश शंकर जौहरी जाति कायस्थ निवासी प्लॉट नम्बर-ए-2 विजय पथ, तिलक नगर, जयपुर-302004 का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।

अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 25 माह 04 सन् 2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 16 माह 03 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया। प्रार्थीगण ने मृतका सुधा जौहरी के नाम प्रार्थना पत्र में वर्णित सम्पत्ति बाबत LA प्रोबेट प्रमाण-पत्र चाहा है।

मोहर अदालत

आज्ञा न्यायालय से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैंशन न्यायालय
जयपुर महानगर-प्रथम

### आम सूचना

क्रमांक-1287 दिनांक-09.03.2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि समिति की योजना इन्द्रा विहार-सी स्थित बिन्दायका में भूखण्ड संख्या 36 क्षेत्रफल (150 वर्गगज) का आवंटन श्री शंकर लाल पुत्र श्री श्रवण लाल को दिनांक 20.11.1996 को आवंटित किया गया था। उक्त भूखण्ड संख्या 36 के मूल दस्तावेज (पट्टा, रसीद व साईट प्लान) श्री शंकर लाल से कहीं खो गए है, जिसकी गुमशुदगी पुलिस थाना भांकरोटा में दिनांक 16.09.2013 को क्रम संख्या 162 पर दर्ज की गई है।

श्री शंकर लाल ने समिति में भूखण्ड संख्या 36 के डुप्लीकेट आवंटन पत्र के लिए आवेदन किया है। अतः किसी भी व्यक्ति, संस्था व बैंक आदि को आपत्ति हो तो समिति कार्यालय में आम सूचना जारी होने के 10 दिवस में संपर्क करें अन्यथा डुप्लीकेट आवंटन पत्र जारी कर दिया जाएगा।

हथरोई गढ़ी गृह निर्माण सहकारी समिति लि.
डी-20, बनीपार्क, मीरा मार्ग, जयपुर (राजस्थान)

### खोया-पाया

मेरे मकान नं. 123/356, मानसरोवर का राजस्थान हाउसिंग बोर्ड द्वारा जारी "No Dues Certicicate" कहीं खो गया है। कृपया मिलने पर सूचित करें। 7073583272 जगदीश

मेरे प्लॉट संख्या 176/28, सैक्टर 17, प्रताप नगर सांगानेर का अदेय प्रमाण पत्र कहीं गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें। नीता शर्मा पत्नी प्रदीप शर्मा

मेरा राजस्थान फार्मेसी काउन्सिल का रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट नंबर 20675, जारी दिनांक 23.07.2005 कहीं खो गया है। मिलने पर सूचित करें-अजय भारद्वाज 9928236280

मेरा मकान सं. 262/389, प्रताप नगर सांगानेर जयपुर के मूल दस्तावेज आवंटन पत्र, अदेय प्रमाण पत्र, कब्जा पत्र, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र आदि गुम हो गये हैं मिलने पर संपर्क-राकेश 7728029302

### NAME CHANGE

I Rachna Singh D/o Dharmendra Singh Yadav residing at C-814, Ashiana Greenwood, Jagatpura, Jaipur-302025 Rajasthan. Do hereby solemnly affirm and state that I have changed my name from Rachna Singh Yadav to Rachna Singh. In future I will be known by my changed name.

My son tanmay kumar father name has been changed from rajendra singh sirowa to rajender singh, (as per birth certificate records) vide afidivate 15 March 2023.

मैंने मेरा नाम रूप सिंह से बदलकर रूप सिंह रावत रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। रूप सिंह रावत 2-ख-35, मनु मार्ग, हाऊसिंग बोर्ड, अलवर

मैं धनपत राय पुत्र श्री सुरेन्द्रनाथ शर्मा निवासी 6/33 RHB Clony, Goverdhan Villas, उदयपुर ने अपना नाम धनपत राय शर्मा करवा लिया है जिसे राजधान राजपत्र 19.01.2023 भाग-7 में प्रकाशित है। अतः भविष्य में मुझे धनपत राय शर्मा पुत्र श्री सुरेन्द्रनाथ शर्मा के नाम से जाना जावें।

# तत्कालीन तहसीलदार सहित दस लोगों के विरुद्ध जमीन धांधली का मामला दर्ज

## साहवा उपतहसील में एक जमीन मामले को लेकर एक व्यक्ति ने जरिये परिवाद मामला दर्ज कराया

**तारानगर, (निसं)।** चूरू जिले की साहवा उपतहसील में एक जमीन मामले को लेकर एक व्यक्ति ने जरिये परिवाद तत्कालीन तहसीलदारों सहित दस लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाया है। तारानगर के साहवा गांव में मिलीभगत से फर्जी दस्तावेजों का सहारा लेकर गांव की एक जमीन को गुरुनानक टिल्ले के रास्ते के लिये समर्पित कर दी गई। अब इस मामले का ज्ञान होने पर परिवादी बलविन्द्रसिंह ने तत्कालीन तहसीलदार महेश कुमार शर्मा व विजेन्द्रसिंह चाहर सहित दस लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाया है।

साहवा गांव के ख.नं. 473 तादादी 50-07 बीघा भूमि परिवादी के पिता प्रीतमसिंह के नाम दर्ज थी लेकिन गुरुनानक टिल्ले के प्रबन्धकों ने अपने खेतों की कीमत को बढ़ाने के लिये अपने खेतों के आगे हाइवे बनाने के लिये मार्च 2006 में फर्जी अंगूठा निशानी से यह दर्शाया कि परिवादी के पिता प्रीतमसिंह ने 02-13 बीघा भूमि का सरकार को समर्पण कर दिया है। इस मामले में गुरुनानक टिल्ले के प्रबन्धक जसविन्दरसिंह, गुरभेज सिंह, स्टाम्प वेण्डर रामप्रसाद लाटा, लक्ष्मीचन्द लखारा, तत्कालीन सरपंच पन्नालाल गुरड़ा, तत्कालीन तहसीलदार महेश कुमार शर्मा व विजेन्दरसिंह चाहर व अन्यों के विरुद्ध मामला दर्ज करवाया गया है तथा उक्त समर्पण पत्र की एफ.एस.एल. जांच की भी मांग की गई है। तारानगर पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ कर दिया है।

- तत्कालीन तहसीलदार महेश कुमार शर्मा व विजेन्द्रसिंह चाहर व गुरुनानक टिल्ला के प्रबन्धक सहित अन्य पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज
- तारानगर पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया

सूत्रों से पता चला है कि गुरु नानक टीला तक जाने वाले रास्ते के लिए 18 खसरो की जमीन को एक ही दिन स्टांप खरीद कर उन पर लिखापढ़ी कर उक्त खसरों की जमीन को सरकार को समर्पित कर उक्त भूमि को रास्ते के रूप में सिवाय चक दर्ज किया गया है जिसमें से एक परिवादी मुरारीलाल द्वारा भी उक्त सभी लोगों के विरुद्ध वर्ष 2014 में अपनी जमीन को धांधली से रास्ता के रूप में दर्ज करने की शिकायत की गई थी। जिनकी जमीन को जिला कलेक्टर के आदेश से पुनः उनके नाम दर्ज कर दिया गया है व उक्त लोगों के विरुद्ध न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट तारानगर द्वारा धारा 420, 465, 467, 468, 471, 120 (बी) भारतीय दण्ड संहिता में प्रसंज्ञान लिया गया था जिसके बाद ये लोग राजस्थान उच्च न्यायालय से जमानत पर चल रहे है वहीं न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट तारानगर द्वारा तत्कालीन तहसीलदार विजेन्दरसिंह चाहर को भी उस प्रकरण में विभिन्न धाराओं में तलब किया गया है।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि राजस्थान सरकार द्वारा उक्त रास्ते पर सड़क बनाने के लिए बजट भी स्वीकृत कर दिया है।

# गैस गीजर हादसे में घायल हुये बालक की मौत

## दम्पती की पहले मौत हो चुकी है

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शाहपुरा थाना क्षेत्र में गीजर गैस हादसे में बुधवार को बाथरूम में नहाने गए दम्पती के साथ अचेत हुए मासूम बालक की भी गुरुवार को जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक बच्चे के शव का शाहपुरा चिकित्सालय में पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सुपुर्द किया है।

गुरूवार को शाहपुरा कस्बे के एजेंसी मोहल्ले में व्यापार मंडल अध्यक्ष रतनलाल झंवर के सुपौत्र व सुरेश झंवर के पुत्र शिवनारायण व पुत्रवधु कविता तथा पौत्र विहान बाथरूम में नहाते समय अचेत हो गए। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने दम्पती को मृत घोषित कर दिया जबकि बच्चे को भीलवाड़ा रैफर कर दिया गया था।

घटना के 20 घंटे बाद जिंदगी मौत से जूझ रहा मासूम जिंदगी की जंग हार गया। चिकित्सकों ने बताया कि आज सुबह 4 बजे विहान के अटैक आने से हालत गंभीर हो गयी जिस पर उसे वेंन्टीलेटर पर लिया गया पर 11.30 बजे उसने दम तोड़ दिया। मृतक बालक के शव का पुलिस ने एमजी चिकित्सालय से शाहपुरा की मोर्चरी में पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सुपुर्द किया है।

# करंट लगने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

## राजकीय सम्मान के साथ किया अन्तिम संस्कार



अरांई के कटसूरा में मृत मोर का सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया।

**अरांई, (निसं)।** समीपवर्ती ग्राम कटसूरा में बस स्टैंड के पास एक मोर करंट लगने से घायल अवस्था में पडा हुआ मिलने की सूचना पर अरांई थाने के हेड कांस्टेबल गणपतराय व कांस्टेबल गणेश नारायण हरदीप एवं वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर राष्ट्रीय पक्षी मोर को अराई स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय में लाया गया जहां पर डॉ. निखिलेश गौलिया के द्वारा घायल मोर का परिक्षण कर मृतक घोषित किया गया। पोस्टमार्टम करने के तत्पश्चात पुलिस थाना कर्मियों व वन विभाग कर्मियों हनुमान सिंह रामेश्वर सिंह एवं पशु चिकित्साधिकारी के सदस्यो द्वारा मोर को तिरंगे में लपेटकर राष्ट्रीय सम्मान के साथ वन विभाग नाका अराई मे अंतिम संस्कार किया गया।

### विद्युत कनेक्शन काटे

**मालपुरा, (निसं)।** जयपुर डिस्कॉम द्वारा बकायादारों से वसूली को लेकर चलाये जा रहे अभियान के तहत गुरूवार को डिग्गी निगम कार्यालय की टीम ने आधा दर्जन उपस्वास्थ्य केन्द्रों के विद्युत कनेक्शन काट दिये।

- उपस्वास्थ्य केन्द्रों के विद्युत कनेक्शन काटे

सहायक अभियंता ने बताया कि डिग्गी क्षेत्र के इस्लामपुरा, धौली, चैनपुरा, बावडी, डूंगरी उपस्वास्थ्य केन्द्रों पर विद्युत बिलों की तकरीबन 2 लाख रूपये की बकाया राशि बीते आठ माह से बार-बार सूचना व नोटिस के बावजूद जमा नहीं करवाने पर गुरूवार को टीम ने कार्यवाही करते हुए सभी पीएचसी सेन्टरों के विद्युत कनेक्शन काट बकाया राशि जमा करवाये जाने का नोटिस दिया गया।

# 'पिता ने ऋण नहीं चुकाया तो बेटी को 20 लाख में बेचा'

## मामला सामने आने के बाद पुलिस ने पीड़ित युवती को दस्तयाब कर केस दर्ज किया

**मांडलगढ़, (निसं)।** भीलवाड़ा जिले के मांडलगढ़ थाना क्षेत्र में उधार की राशि नहीं चुकाने पर लड़कियों बेचने का मामला सामने आया हैं।

इस मामले में पीड़ित युवती ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर जिस्मफरोशी के दलदल से निकालने की गुहार समाज व सरकार से लगाई हैं। यह मामला सामने आने के बाद भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक आदर्श सिंद्धु के निर्देश व मांडलगढ पुलिस उप अधीक्षक कीर्ति सिंह के निर्देशन में मांडलगढ़ थानाधिकारी मनोज जाट ने पीड़ित युवती के लोकेशन की छानबीन शुरू की। पीड़ित युवती को दस्तयाब कर केस दर्ज किया है। यह मामला ऊजागर होने पर देह व्यापार के अड्डों व दलालों में हड़कम्प मच गया हैं। मांडलगढ़ थानाधिकारी मनोज जाट ने बताया कि पीड़ित युवती का वीडियो संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने युवती को अलवर जिले से दस्तयाब किया हैं। पीड़िता के बताए अनुसार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। इस मामले में पुलिस इस रैकेट का पर्दाफाश जल्द करेगी।

- इस मामले में पीड़ित युवती ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया

पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल (स्वास्थ्य परीक्षण) भीलवाड़ा में कराया व बयान दर्ज कराए हैं। पीड़िता को सखी सेंटर में रखा गया हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। पीड़िता ने बताया कि वह 10 साल की थी, तब उसे में बेचा गया था। पीड़िता ने सौदागरों के चंगुल से निकल कर एक वीडियो सोशल मीडिया पर जारी किया है। पीड़िता ने वीडियो में बताया कि दलालों ओर सौदागरों द्वारा उसके माता-पिता से चारी प्रथा के नाम पर 30 से 40 लाख की माँग की जा रही हैं।

26 साल की पीड़िता ने बताया कि वह 10 साल की थी, तब उसे मांडलगढ़ थाना क्षेत्र के दो दलालों ने सवाई माधोपुर के सौदागर को बिकवा दीया और 11वें साल में मुझे जिस्मफरोशी के धंधे पर लगाया गया। सवाई माधोपुर में मैं 2 साल तक रही। उसके बाद देवली क्षेत्र के एक गांव के सौदागर को बेचा गया। देवली थाना क्षेत्र के किशनलाल ने मुझे 20 लाख में खरीदा था।

### चढ़ावे के 1.10 लाख रुपए हड़पे

**चूरू, (कासं)।** चूरू में एसपी को ज्ञापन देकर शीतला माता मंदिर की फर्जी कमेटी बनाकर चढ़ावा हड़पने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है।

एसपी को दिए गए ज्ञापन में संत रमेशनाथ ने लिखा है कि रामोतार पुत्र नागरमल माली निवासी वार्ड नम्बर 54 चूरू, मंगतुराम पुत्र टिकूाराम बागड़ा वार्ड नम्बर 56 चूरू व राधेश्याम पुत्र पुरूषोत्तम चोटिया निवासी वार्ड नम्बर 55 चूरू ने फर्जी कमेटी बनाकर मेले में आए चढ़ावे के 1 लाख 10 हजार रुपए हड़प लिए। रमेशनाथ ने लिखा है कि मंदिर की बाड़ी में बालकनाथ महाराज व रामदास महाराज की समाधि लगी हुई है।

फर्जी कमेटी बनाने वालों की नजर उस भूमि पर है। वे लोग कभी भी साधुओं की समाधियों को कभी भी जमीजोद कर सकते हैं। मंदिर का धर्माथ पट्टा संवत 1930 में बना हुआ है। यहां यह पट्टा कानों में कुण्डलधारी साधुओं के लिए जारी हुआ था। फर्जी कमेटी वालों के पास कोई पट्टा नहीं है। आरोपी जमीन हड़पने की फिराक में हैं।

# ट्रैक्टर से कुचलकर युवक की हत्या

## सोप कस्बा रहा बंद, परिजनों ने पांच के खिलाफ कराया मामला दर्ज

**चौरु/उनियारा, (निसं)।** उनियारा उपखंड क्षेत्र के सोप थाना क्षेत्र में एक युवक की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या करने का मामला सामने आया है। सोप थाना में मृतक मस्तराम उर्फ रिंकू मीणा निवासी सोप के बड़े भाई बबलू मीणा पुत्र प्रभुलाल मीणा की ओर से रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। रिपोर्ट में बताया कि उसका भाई मस्तराम बाइक लेकर अपने खेत जा रहा था, सोप रोड से अलीगढ़ मार्ग पर महावीर सैनी के मकान के पास पहले से ही घात लगाये सुरेंद्र पुत्र महावीर, महावीर पुत्र जगन्नाथ, नरेश पुत्र महावीर, ओम देवी पत्नी महावीर, सुनीता पत्नी नरेश धाकड़ निवासी सोप ने उसके भाई मस्तराम की हत्या की है।

सभी ने मिलकर मोटरसाइकिल पर जा रहे मृतक मस्तराम को रोककर घेर लिया और ट्रैक्टर से टक्कर मारकर नीचे गिरा दिया। ट्रैक्टर से घसीट कर टायर के नीचे दबाकर हत्या करने व मृतक की बाइक को भी क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाया है।




युवक की हत्या के मामले में सोप कस्बा बंद रहा।

इसी दरमियान मृतक का चचेरा भाई चिरंजीलाल मौके पर पहुंचा और बचाने लगा तो उसके भी ट्रैक्टर से टक्कर मारकर हत्या करने की कोशिश की तथा मारपीट कर गाली गलौज करते हुए डरा धमकाकर गवाही नहीं देने के लिए धमकाते हुए जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया।

घटना की सूचना मिलने पर सोप थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उनियारा अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई है।

उक्त घटना के विरोध में गुरुवार को ग्रामीणों ने सोप कस्बा बंद रखने का निर्णय लिया और सोप कस्बा बंद रहा। मामले की गंभीरता को देखते हुए उनियारा पुलिस उपाधीक्षक शकील अहमद खान ने मोर्चा संभाला और पांचों थाना पुलिस बल मौके पर लगाए गए। मृतक के परिजन सहित लोगो ने उचित मुआवजा दिलाने, आरोपियों की गिरफ्तारी सहित अन्य मांगों के पूरा होने पर ही पोस्टमार्टम के लिए अड गए।

मामले से उनियारा पुलिस उपाधिक्षक ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भवानी सिंह,उनियारा कार्यवाहक उपखंड अधिकारी दुर्गालाल परसाद मीणा सहित अन्य मौके पर पहुंचे और परिजनों तथा लोगों से समझाइश कर घंटे के बाद नियमानुसार मुआवजा दिलाने, आरोपियों की जल्दी से गिरफ्तारी, आर्थिक सहायता दिलाने के आश्वासन के बाद पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए।

### विवाहिता ने फांसी लगाई

**मसूदा, (निसं)।** मसूदा थाना अंतर्गत ग्राम कुशलपुरा बीती देर रात्रि को 32 वर्षीय विवाहिता ने फांसी के फंदे पर लटककर जीवन लीला समाप्त कर ली। ग्राम कुशलपुरा निवासी गोविंद रावत की 32 वर्षीय पत्नी मंजू ने बुधवार की देर रात्रि को अपने ही घर में फांसी के फंदे पर लटक कर जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतका के ससुर एवं परिजनों की माने तो बुधवार की देर रात्रि को मंजू ने अपने ही घर में फांसी के फंदे पर लटक गई।

परिजनों एवं सूत्रों की माने तो मंजू फांसी के फंदे पर लटकने से कुछ समय पूर्व ही विदेश दुबई में रह रहे उसके पति गोविंद से मोबाइल पर बात करने एवं पति से की बात के दौरान मंजू ने फांसी लगाने की बात भी पति को बताई थी। इसी को लेकर गोविंद ने उसके पिता शक्ति सिंह को मोबाइल पर सूचना देकर मंजू की जानकारी लेने के लिए कहा। शक्ति सिंह के द्वारा मंजू के कमरे पर जाकर जानकारी ली तब तक मंजू फांसी के फंदे पर लटक चुकी थी। शक्ति सिंह ने गांव वालों को इकट्ठा करके पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची मसूदा पुलिस द्वारा मृतका के शव को नीचे उतार कर मसूदा चिकित्सालय पहुँचाया।

# नाबलिग से दुष्कर्म के आरोपी पुलिस गिरफ्त से दूर

## पीड़िता के परिवारजनों ने एस.डी.एम. से लगाई गुहार

**सुजानगढ़, (निसं)।** नाबलिग के साथ एक कैफे में दुष्कर्म करने के मामले में छह दिन बाद भी कोतवाली थाना पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नही कर पाई है।

पीड़िता के परिवारजनों ने शहर के मौजिज लोगों के साथ उपखण्ड अधिकारी मूलचंद लूणिया को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। ज्ञापन में पीडिता के चाचा ने बताया कि 9 मार्च को उसकी भतीजी उसके घर आई थी। पडोस में रहने वाला कमलेश गुर्जर उस पर बूरी नजर रखता था। जिसने उसे 9 मार्च को फोन कर धमकाकर अपने एक अन्य दोस्त के साथ उसे मोटरसाईकिल पर बैठाकर अपहरण कर अपने साथ ले गये। जिसके बाद मैंने अपनी भतीजी को काफी देर तक देखा लेकिन वह घर पर नही मिली। जिसके बाद शाम को साढे पांच बजे के बाद उसकी भतीजी डरी सहमी घर आई। जिसने अपने परिजनों को बताया कि उसे कमलेश गुर्जर व एक अन्य लडका उसे जबरन धमकाकर ले गये। जिन्होंने उसके साथ जबरदस्ती एक दुकान में गलत काम किया। वहीं नाबालिग के परिवारजनों ने घटना को लेकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में अन्य दोनों आरोपियों का नाम उल्लेखित करते हुए मामला दर्ज होने के 7 दिन बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाये है। पीडिता ने भी प्रकरण में न्याय की गुहार लगायी है।

# छात्र ने लगाई फांसी, सदमे से मकान मालिक की भी मौत

## छात्र द्वारा की गई आत्महत्या के पीछे प्रथम दृष्टया बोर्ड परीक्षा का दबाव कारण माना जा रहा है

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर शहर के निहालगंज थाना क्षेत्र की माधवानंद कॉलोनी में बीती रात को किराए पर कमरा लेकर रहने वाले दसवीं कक्षा के एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने से पहले छात्र के द्वारा एक सुसाइड नोट भी लिखा गया है। जिसमें परिजनों से माफी मांगी है। मृतक छात्र पुष्पेंद्र (17) पुत्र लीलाधर निवासी रहसैना राजाखेड़ा दसवीं कक्षा का छात्र था। जिसकी आज गुरुवार से बोर्ड परीक्षा शुरू होनी थी।

छात्र के फांसी लगाने के बाद मकान मालिक बहादुर (65) पुत्र रघुनाथ की भी सदमे से मौत हो गई। घटना के बाद देर रात को दोनों के शव को जिला अस्पताल धौलपुर की मोर्चरी में रखवाया गया। बोर्ड परीक्षा शुरू होने से पहले छात्र द्वारा की गई आत्महत्या के पीछे प्रथम दृष्टया बोर्ड परीक्षा का दबाव आत्महत्या का कारण माना जा रहा है। हालांकि पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने गुरुवार को जिला अस्पताल में दोनों के शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए हैं।

- आत्महत्या से पहले परिजनों के नाम लिखे सुसाइड नोट में दसवीं के छात्र ने माफी मांगी

थाना प्रभारी विजय मीणा ने बताया कि मृतक छात्र शारदे विधा पीठ स्कूल धौलपुर का दसवीं कक्षा का छात्र था। जो बुधवार सुबह अपने गांव से किराए के कमरे पर वापस लौट कर आया था। जहां बुधवार रात को उसने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसके शव को देख मकान मालिक की भी सदमें में मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि आत्महत्या के बाद छात्र द्वारा लिखा गया एक सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें आत्महत्या के लिए घरवालों से माफी मांगी गई है। सुसाइड नोट में आत्महत्या के कारणों का कोई खुलासा नहीं किया गया है। छात्र ने कमरे में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या की है। घटना को लेकर पुलिस ने मर्ग दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

**मकान मालिक का परिवार गया था गांवः-** मृतक मकान मालिक बहादुर के परिजनों ने बताया कि बुधवार को घर के सभी लोग अपने गांव में खेत पर फसल काटने के लिए गए थे। गुरुवार शाम को घर के लोग जब वापस लौटे तो उन्हें छात्र कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला।

### वृद्धा से कंपाउंडर ने किया दुष्कर्म

**कामां, (निस)।** कामां कस्बा के एक निजी अस्पताल में उपचार कराने आई 65 वर्षीय 12 बच्चों की मां के साथ रात्रि में अस्पताल में तैनात कम्पाउन्डर के द्वारा छेड़छाड़ और दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने का सनसनीखेज मामला सामने आने के बाद कामां थाने में मामला पंजीबद्ध किया गया है।

कामां थानाधिकारी रामकिशन यादव ने बताया कि कामां थाने पर बुधवार को सूचना मिली कि कस्बे में संचालित निजी हॉस्पिटल में 65 वर्षीय वृद्ध महिला उपचार कराने के लिए गई थी। चिकित्सकों ने वृद्ध महिला को अस्पताल में भर्ती कर लिया और 13 मार्च की रात्रि में अस्पताल में तैनात कंपाउंडर निरंजन ने जबरदस्ती हाथ पकड़कर अस्पताल के ही कमरे में ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिए जाने का आरोप लगाया गया है।

बुधवार को महिला के परिवारजनों में अस्पताल में पहुंचकर जमकर हंगामा किया साथ ही आरोपी कंपाउंडर के विरुद्ध कार्रवाई कराए जाने की मांग की गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी अस्पताल में पहुंच गई पीड़ित महिला का पुलिस ने मामला दर्ज कर पीड़ित वृद्ध महिला का मेडिकल मुआयना कराया जा रहा है।

# धनेश्वर पटवारी, ग्राम प्रतिहारी को 20 हजार रूपये रिश्वत लेते रंग हाथों पकड़ा

## फोत इंतकाल नामांतरण खोलने की एवज में 50 हजार रूपये रिश्वत की मांग की थी

**बूंदी, (कासं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो बून्दी की टीम ने गुरूवार को ट्रेप कार्यवाही करते हुए रामकुमार गुर्जर हल्का पटवारी धनेश्वर अतिरिक्त चार्ज हल्का गोपालपुरा तहसील तालेडा जिला बूंदी, गोबरीलाल ग्राम प्रतिहारी निवासी ग्राम गोपालपुरा तहसील तालेडा जिला बूंदी को 20 हजार रूपये कि रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी पटवारी और ग्राम प्रतिहारी फोत इंतकाल नामांतरण खोलने की एवज में 50 हजार रूपये रिश्वत मांग कर परेशान कर रहे थे।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो बून्दी के पुलिस उप अधीक्षक ज्ञानचंद मीना ने बताया कि परिवादी खाना पुत्र कालू मेघवाल (64) निवासी गोपालपुरा थाना डाबी जिला बूंदी ने एसीबी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि उसके पिता की



ए.सी.बी. की गिरफ्त में आरोपी पटवारी व ग्राम प्रतिहारी।

मृत्यु के उपरांत परिवादी व उसके भाई के कब्जे काश्त की जमीन उसके पिता के स्थान पर परिवादी के नाम दर्ज करने की एवज में आरोपी गोबरीलाल ग्राम प्रतिहारी व रामकुमार गुर्जर पटवारी ने आपसी मिलीभगत करके परिवादी से 50 हजार रूपये रिश्वत की मांग कर परेशान कर रहे है।

परिवादी द्वारा शिकायत प्रस्तुत करने पर मांग के गोपनीय सत्यापन करवाया गया। मांग सत्यापन के दौरान 14 मार्च को आरोपी रामकुमार पटवारी ने परिवादी से 10 हजार रूपये प्राप्त कर लिये सत्यापन के बाद आज गुरूवार ट्रेप कार्यवाही करते हुये आरोपी गोबरीलाल ग्राम प्रतिहारी को परिवादी से 20 हजार रूपये रिश्वत लेते हुये कार्यालय उप तहसील डाबी में रंगे हाथों पकड़ा जाकर रिश्वत राशि आरोपी की पेन्ट की जेब से बरामद की गई।

आरोपी रामकुमार गुर्जर पटवारी को डिटेन किया गया है। मौके पर कार्यवाही जारी है। एसीबी की यह कार्यवाही बूंदी एसीबी इकाई के पुलिस उप अधीक्षक ज्ञान चंद्र मीना के निर्देशन में अंजाम दी गई है। ट्रेप की यह कार्यवाही एसीबी के पुलिस निरीक्षक हरीश भारती के द्वारा अंजाम दी गई है। टीम कार्यवाही में शिवनारायण, सोनी, जितेंद्र सिंह, मनोज, राजकुमार, रामसिंह, प्रेमप्रकाश कटारा, स्वतंत्र गवाह मौजूद थे।

# 'मैं आपके साथ आपके वार्ड में जा नहीं सकता क्योंकि मुझे पत्थर खाने का कोई शौक नहीं है'

## मालवीय नगर नाले के निरीक्षण के लिये कालीचरण सराफ के आग्रह पर मंत्री शांति धारीवाल ने जवाब दिया

**जयपुर,** (वि.सं.)। विधानसभा में आज ध्यानाकर्षण के जरिये मालवीय नगर क्षेत्र के खुले नाले को ढकने के संबंध में विधायक कालीचरण सराफ ने मामला उठाया।

उन्होंने कहा कि इस नाले में सरस डेयरी से उत्पन्न अपशिष्ट डाले जाते हैं जिसकी भयंकर बदबू आती है। आप किसी दिन मेरे साथ जाकर निरीक्षण कर लें, पांच मिनट भी रूका नहीं जाता है, वहां पर लोग निवास करते हैं। इस पर नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि मैं आपके साथ आपके वार्ड में जा तो नहीं सकता क्योंकि मुझे पत्थर खाने का शौक नहीं है। बदले में विधायक ने कहा कि आप सदन में गलत जानकारी तो नहीं दें। इससे पहले सराफ ने कहा कि जनता की मांग है कि यह अपशिष्ट नाले में नहीं डाला जाए। इसके अलावा सराफ ने यह भी ध्यान आकृष्ट किया कि नाले के सहारे बने कॉलोनियों के कुछ मकानों के सीवर अपशिष्ट भी नाले में डाले जाते हैं। साथ ही नाले में कचरा डाला जाता है। रखरखाव के अभाव में नाले में पेड़ उग आए हैं, जिसके कारण कई जगह से नाले की दीवार क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। इसलिए सरकार दुर्घटना से देर भली को ध्यान में रखते हुए नाले की बाउंड्री का पुनर्निर्माण कराएं और नाले को ढका जाए।

- **मालवीय नगर के खुले नाले को ढ़कने के लिये विधायक सराफ ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जरिये मामला उठाया**

धारीवाल ने अपने जवाब में कहा कि मालवीय नगर का यह नाला सेक्टर 5, सेक्टर 6, सेक्टर 2, सेक्टर 12 और सेक्टर 14 से होकर निकलता है, जिसकी लंबाई लगभग 16 सौ मीटर और चौड़ाई 24 से 32 मीटर है। लिहाजा इतने बड़े नाले को ढका नहीं जा सकता। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरस डेयरी के दूध परिशोधन का अपशिष्ट जो नाले में डाला जाता है वह पूरी तरह ट्रीटमेंट के बाद ही डाला जाता है।

उन्होंने कहा कि कुछ मकान जो नाले के सहारे बने हुए हैं, उनका सीवर अपशिष्ट नाले में डाले जाने की शिकायत पर उनके खिलाफ नोटिस देकर कार्यवाही की जाती है। मानसून से पहले नगर निगम जयपुर की ओर से नाले की सफाई करवा दी जाएगी। साथ ही पेड़ भी हटा दिए जाएंगे। जहां तक टूटी दीवारों का सवाल है तो मुख्यमंत्री की ओर से इस नाले के सुंदरीकरण के लिए 10 करोड़ रुपए का बजटीय प्रावधान किया गया है। जबकि सरकार इस नाले पर 100 मीटर क्षेत्र को ढक कर उस पर दुकान बना चुकी है। शेष 1500 मीटर नाले की मरम्मत और सुंदरीकरण का कार्य वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर कराया जाएगा।

विधायक सराफ, मंत्री के इस जवाब से संतुष्ट नहीं हुए और उन्होंने कहा कि मंत्री बड़े चतुर हैं और उन्होंने बड़ी चतुराई से जवाब देकर जनता की परेशानियों से पीछा छुड़ाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि नाले में सीवर डालने वाले एक भी व्यक्ति को आज तक नोटिस नहीं दिया गया।

# निकाय व पंचायतराज चुनावों में ई.डब्ल्यू.एस. आरक्षण की मांग

**-विधानसभा संवाददाता-**

**जयपुर** । आर्थिक रूप से पिछड़े (ई.डब्ल्यू.एस.) को भी अन्य के समकक्ष सभी प्रकार के परिलाभ देते हुए स्थानीय निकाय व पंचायतराज में राजनीतिक आरक्षण की मांग गुरुवार को राज्य विधानसभा में भी गूंजी।

ईडब्लूएस से जुड़े इस मुद्दे को लेकर भाजपा विधायक धर्म नारायण जोशी सहित 17 विधायकों का स्थगन प्रस्ताव था।

स्थगन प्रस्ताव पर बोलते हुए विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संरक्षक व मावली विधायक धर्म नारायण जोशी ने विधानसभा में कहा कि सरकार ने ईडब्लूएस वर्ग को 10 प्रतिशत आरक्षण तो दे दिया, लेकिन अन्य आरक्षित वर्गों की तरह ईडब्लूएस को समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा। न ही आरक्षित वर्गों की तरह स्थानीय निकाय व पंचायत राज की सीटें ईडब्लूएस के लिए आरक्षित की गई हैं, जबकि आरक्षण का ये परिलाभ ईडब्लूएस को भी मिलना चाहिए। जोशी ने पिता से पुत्र व विवाहित पुत्री के अलग हो जाने के बाद भी इनकम राइडर को अनुचित बताते हुए इस तरह की विसंगतियां हटाने की मांग की।

गौरतलब है कि ईडब्लूएस को राजनीतिक आरक्षण तथा अन्य

- **भाजपा के विधायक धर्मनारायण जोशी ने विधानसभा में उठाया मुद्दा**

विसंगतियों को दूर करने की मांग विप्र फाउंडेशन के मेहंदीपुर बालाजी में संपन्न विप्र महाकुंभ में उठी थी। महाकुंभ में सरकार से जुड़ी इन मांगों को लेकर प्रस्ताव भी पारित किया गया था जिसमें ईडब्लूएस की मांगों के साथ प्रत्येक तहसील में ब्राह्मण छात्रावास निर्माण हेतु इच्छुक संस्थाओं को टोकन मनी पर भूमि आवंटित करने,

हिन्दू मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने, हिन्दू धर्म व देवी देवताओं के सम्मान की सुरक्षा हेतु इसके लिए अलग से हिन्दू रिलीजियस एक्ट बनाने की मांग की गई है। राजकीय भर्तियों में हुई धांधली के कारण योग्य युवाओं को नौकरियों से वंचित रखने वाले दोषियों की उच्च स्तरीय जांच करवाकर कड़ी से कड़ी सजा सुनिश्चित करने को भी कहा गया है। फाउण्डेशन के पदाधिकारियों ने इस मांग को लेकर गुरुवार को विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठोड सहित सरकार और विपक्ष के अनेक प्रतिनिधियों को ज्ञापन भी सौंपा।

## संक्षिप्त

### युवती को दुष्कर्म की धमकी दी

**जयपुर** (कासं)। हरियाणा के सिरसा जिले निवासी एक युवती ने मानसरोवर थाने में रिपोर्ट दी है दिसंबर 2021 में जयपुर में मानसरोवर स्थित एयू बैंक में नौकरी शुरू की थी, जहां साथी कर्मचारी धनंजय गुर्जर से दोस्ती हुई थी। आरोप है धनंजय अपने दोस्तों के रूपए उसके खाते में डलवाकर प्राप्त कर लेता था। युवती की मां की सोने की चेन हड़प ली। अगस्त 2022 में वह कमरे पर आया और जबरदस्ती करने लगा। धमकी दी कि अगर 50 हजार रूपए नहीं दिए तो उसके साथ दुष्कर्म कर बदनाम कर देगा। वहीं खोह नागोरियान थाना पुलिस ने किशोरी से गैंगरेप के मामले में फरार आरोपित अजीत जाटव (25) गांव चंदनसिंह का पुरा, थाना गोरमी जिला भिंड, एमपी को गिरफ्तार किया है, जबकि वारदात में शामिल इसके साथी बालअपचारी को निरुद्ध किया गया है।

### अवैध शराब बेचने वाला गिरफ्तार

**जयपुर** । महेश नगर थाना पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने वाले बबलू सांसी निवासी रावजी का बाग कच्ची बस्ती को गिरफ्तार कर उसके पास से 53 बोतल बीयर और 21 पव्वे अंग्रेजी शराब की जब्त की है। वहीं कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने मुहाना इलाके में कार्रवाई करते हुए शराब तस्कर हेमसिंह मालावत (25) निवासी देवी नगर गाजी बाबा की ढाणी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देशी शराब के पव्वे और बीयर की बोतल बरामद की है। आरोपी शराब की दुकानें बंद होने के पश्चात अवैध शराब बेचता है।

### प्रताप नगर में किशोरी से दुष्कर्म

**जयपुर** (कासं)। प्रताप नगर इलाके में 16 वर्षीया एक किशोरी से दरिंदगी का मामला सामने आया है। वह गर्भवती हुई तो परिजनों को घटना का पता चला है। पीड़िता की मां ने पड़ौस में रहने वाले एक अज्ञात युवक पर बेटी के साथ देहशोषण का मामला दर्ज कराया है। इधर, रामगंज इलाके में 35 वर्षीया महिला से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला का आरोप है कुछ दिन पहले महेश यादव घर में घुस आया और उसे अकेली देख गलत हरकतें करने लगा। महिला के चिल्लाने पर वह फरार हो गया।

### बदमाश पर पुलिस ने रखा इनाम

**जयपुर** । पुलिस ने एक आरोपित की गिरफ्तारी पर पांच हजार रूपये की इनाम की घोषणा की है। डीसीपी (नॉर्थ) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि विधाधर नगर थाने में दर्ज मामले में फरार चल रहे एक आरोपित लखविंदर उर्फ लख्या निवासी कैथल हरियाणा वारदात के बाद से फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी पर पांच हजार रूपए इनाम की घोषणा की है।

### चोरी की बाइक के साथ आरोपी पकड़ा

**जयपुर** । ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने शातिर वाहन चोर सामदेव शर्मा उर्फ बिट्टू निवासी थानागाजी जिला अलवर हाल जयसिंहपुरा खोर को गिरफ्तार कर उसके पास से एक चोरी की बाइक बरामद की है। आरोपित स्मैक का नशा करने का आदि है। वहीं, भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में तीन बालअपचारियों को निरुद्ध कर एक बाइक जब्त की की है।

## कंपनी में लाखों का गबन करने वाले कर्मचारी गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। सोडाला थाना पुलिस ने कम्पनी का फर्जी बिल जनरेट कर लाखों रुपयों का गबन करने वाले दो शातिर कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपित कस्मटर को ओरिजनल बिल देकर उसकी बिल का कंप्यूटर में मोडिफाई बिल जनरेट कर नकद राशि का गबन करना स्वीकार किया गया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण योगेश गोयल ने बताया कि सोडाला थाना पुलिस ने कंपनी का फर्जी बिल जनरेट कर लाखों रुपयों का गबन करने वाले कर्मचारी सुनील कुमार जैन निवासी बोरुंदा जिला जोधपुर हाल मानसरोवर और कुलदीप सैनी निवासी सीकर हाल श्याम नगर को गिरफ्तार किया गया है। दोनों ही आरोपित अनुपम फर्नीचर अनलिमिटेड में काम करते है। जहां आरोपित सुनील कुमार जैन कैशियर और कुलदीप सैनी कंप्यूटर ऑपरेटर के पद में कार्यरत है।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपित कस्टमर केश में सामान लेकर जाता था,जिसे ओरिजनल केश का बिल देते थे और उसके जाने के बाद उसी बिल को कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर में मॉडिफाई करके उसमें कुछ राशि को नकदी दिखाकर बाकी राशि क्रेडिट में दिखाकर चोरी छिपे रुपये निकालते है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## मशहूर कॉमेडियन ख्याली पर दुष्कर्म का आरोप

**जयपुर** । मशहूर कॉमेडियन ख्याली पर दुष्कर्म का आरोप लगा है। मानसरोवर इलाके स्थित एक होटल में दो सहेलियों को फिल्म में काम दिलवाने की कहकर एक युवती से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया। युवतियों के विरोध के बाद ख्याली और उसके साथी होटल खाली कर भाग गए। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि हनुमानगढ़ निवासी 27 वर्षीया युवती के पति की मौत हो चुकी है। वह मार्केटिंग के काम के सिलसिले में 9 मार्च को शास्त्रीनगर इलाके में रहने वाली अपनी सहेली के पास आई थी। गत 11 मार्च को सहेली ने उसे बताया कि मशहूर कॉमेडियन ख्याली का 12 मार्च का शो है, जिसमें वह आम आदमी पार्टी के लिए प्रचार करेगा। उसे राजस्थानी बोलने वाली लड़कियों की कॉमेडी शो के लिए जरूरत हैं। इसलिए दोनों युवतियां ख्याली के बुलावे पर 11 मार्च की रात करीब 8 बजे मानसरोवर के होटल कृष्णा प्राइड पहुंचीं। दोनों के लिए 207 नंबर रूम बुक किया था। जहां नशे में धुत ख्याली ने काम दिलाने के बहाने युवती से जबरन दुष्कर्म किया। उसे शराब व विदेशी शराब ऑफर की, बाद में धमकाया।

# बजाज पल्सर एन.एस-200 और एन.एस-160 रिलाँच

## यह दोनों स्पोर्ट्स बाइक नए रंगों व ग्राफिक्स के साथ दिखेंगी

**जयपुर** (कासं)। बजाज ऑटो ने अपनी नेकेड स्पोर्ट्स बाइक पल्सर एन.एस. सीरीज के दो वेरिएंट "एनएस 200" और "एनएस 160" को रिलाँच किया है। जल्द ही यह दोनों स्पोर्ट्स बाइक सड़कों पर दौड़ती नजर आएंगी। सेगमेंट फर्स्ट फीचर्स के साथ यह दोनों बाइक नए रंगों व ग्राफिक्स के साथ 'नेकेड स्पोर्ट्स' अवतार में दिखेंगी।

इसमें हैंडलिंग के लिए अपसाइड डाउन फोर्क्स, सुरक्षा के लिए ड्यूअल चैनल ए.बी.एस. और अपडेटेड कंसोल मिलेगा। पल्सर एनएस-200 की एक्सशोरूम कीमत (नई दिल्ली) 1 लाख 47 हजार 347 रुपये हैं, जबकि पल्सर एनएस-160 की कीमत 1 लाख 34 हजार 675 रुपये रखी गई है।

- **इन दोनों बाइक में अपसाइड डाउन फोर्क्स, ड्यूअल चैनल ए.बी.एस. और अपडेटेड कंसोल मिलेगा**



बजाज ऑटो लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक राकेश शर्मा ने बताया कि दोनों बाइक अब अधिक आक्रामक व मस्कुलर स्टाइल के साथ बाजार में रिलाँच की गई है। इसमें नई सुविधाओं के साथ बेहतर हैंडलिंग और उच्च सुरक्षा का ख्याल रखा गया है। जिससे ये एन्थुसीयस्ट लोगों की मनपसंट स्पोर्ट्स बाइक बन गई है। इन दोनों बाइक्स को टावरिंग पावर, स्पीड व सुरक्षा, आकर्षक लुक के साथ बनाया गया है। दोनों बाइक में डीटीएस-आई इंजन है, एनएस-200 में 18 किलोवॉट की सर्वश्रेष्ठ पावर औश्र 18.74 एनएम का टार्क मिलेगा। नए डिजाइन में डेढ़ किलो वजन कम किया गया है। इसमें 6 स्पीड गियर बॉक्स मिलेगा। दोनों बाइक्स में डुअल चैनल एबीएस मिलेगा। इसमें ब्लैक क्रॉम, ग्रे और कार्बन फाइबर के टच ने इसके स्पीडी लुक को और ज्यादा निखारा है। राकेश शर्मा ने बताया कि लैटिन अमेरिका और एशिया के कई देशों में स्पोर्टस बाइक के शौकीन लोगों के लिए बजाज पल्सर एन.एस. पसंदीदा है। दोनों बाइक का नया अवतार खूबसूरत लुक और बेहतर परफॉर्मेंस वाले हैं। दोनों बाइक मैटेलिक पर्ल व्हाइट, ग्लॉसी एबोनी ब्लैक, सैटिन रेड और प्यूटर ग्रे जैसे चार रंगों में मिलेगी।

## डॉ. अशोक गुप्ता अध्यक्ष व डॉ. राखी गुप्ता महासचिव

**जयपुर** (कासं)। इंपीरियल चैंबर के महानिदेशक सुनील दत्त गोयल ने बताया कि चेंबर के संरक्षक दिलीप शिवपुरी की देखरेख में नई कार्यकारिणी का गठन हुआ।

जिसमें डॉ. अशोक गुप्ता अध्यक्ष, डॉ. राखी गुप्ता महासचिव, प्रिंसेस दिया कुमारी ऑफ जयपुर एवं महाराजकुमार साहिब लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ सलाहकार, रूप सिंह आईपीएस एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला व राजेश शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दीपक जालान, गजानंद अग्रवाल, मधुरिमा शर्मा, नागरमल अग्रवाल, रविकांत कानूनगो, एस.के.मूंदड़ा, शशि भूषण अग्रवाल, शिवकुमार गोयल और सुभाष आर्य उपाध्यक्ष चुने गए।

इसी प्रकार अनिल माथुर सीए, बहादुर सिंह आईपीएस, पी.सी.शर्मा आईपीएस, राजीव चावला, आरके जैन आईएएस, एस.डी.शर्मा एवं सीएस डॉ. श्याम अग्रवाल मेंटर चुने गए। अखिल सिमलोट, डॉ.बलवंत सिंह चिराना, डीसी खंडेलवाल, नीरज अग्रवाल, पीके कासलीवाल, राजेश जैन और संजय खत्री एडवाइजर चुने गए। सीए सचिन जैन को सचिव चुना गया, ममता महेश्वरी को उदयपुर चैप्टर का अध्यक्ष बनाया गया है। पवन शर्मा संयुक्त सचिव व अजय शर्मा, मनोज केडिया, शशिकांत सिंह सीए सुमित ढढा, सूर्यकांत सिंह, प्रकाश मिश्रा सदस्य बने हैं।

# जयपुर में अजमेर, टोंक व आगरा रोड पर ट्रांसपोर्ट नगर के लिए भूमि देने की मांग

## जयपुर मोटर रिपेयरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभुदयाल सैनी ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में सीकर रोड की तरह ही अजमेर, टोंक व आगरा रोड पर भी ट्रांसपोर्ट नगर के लिए भूमि आवंटन की मांग शुरू हो गई है। जयपुर मोटर रिपेयरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभुदयाल सैनी ने यह मुद्दा उठाते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को ज्ञापन सौंपा है।

उन्होने बताया कि राजधानी जयपुर में वर्ष 1971 से हमारी एसोसिएशन में भारी वाहनों की रिपेयरिंग करने वाले 3 हजार से ज्यादा मजदूर वर्ग जुड़े हैं। जून-2019 में तत्कालीन जेडीए आयुक्त व सचिव को ज्ञापन सौंपकर जयपुर में रिंग रोड के पास से गुजर रहे हाईवे तथा अजमेर रोड, टोंक रोड व आगरा रोड पर भी ट्रांसपोर्ट नगर बसाने की मांग उठाई थी। जिस पर जेडीए प्रशासन ने 31 जुलाई 2019 को नये ऑटोमोबाइल नगरों के संबंध में हमारी एसोसिएशन से पंजीकृत विधान की प्रति व विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट मांगी।

जिस पर जयपुर मोटर रिपेयरिंग एसोसिएशन के करीब 2500 सदस्यों के लिए कम से कम 40 मीटर के भूखंड व अधिकतम 500 वर्गमीटर के भूखंड की सूची व पंजीकृत विधान की प्रति के साथ विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट जेडीए प्रशासन को 21 अक्टूबर 2020 को सौंप दी थी। जेडीए प्रशासन ने करीब 3 साल बाद भी आज तक एसोसिएशन की मांगों पर ध्यान नहीं दिया। प्रभुदयाल सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने गत 13 मार्च को एसोसिएशन के पदाधिकारियों से पूरा प्रकरण सुनने के बाद जल्द ही इस मामले में सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।




**जयपुर मोटर रिपेयरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभुदयाल सैनी समेत अन्य पदाधिकारियों ने शहर में ऑटोमोबाइल नगर के लिए भूमि आवंटन के लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा।**

# जयपुर के निजी अस्पतालों में आज से सभी सरकारी योजनाओं का बहिष्कार

- **आर.जी.एच.एस. और चिरंजीवी जैसी सरकारी योजनाओं में नहीं होगा इलाज**
- **प्रदेश में गुरूवार को सम्पूण मेडिकल बंद से चिकित्सा सेवाएं प्रभावित, मरीज हुए परेशान**
- **दो दिन बाद पूरे प्रदेश में अनिश्चितकालीन मेडिकल बंद की चेतावनी**

**जयपुर** (कासं)। राइट टू हैल्थ बिल के विरोध में गुरूवार को प्रदेश के सभी निजी अस्पतालों में पूर्ण मेडिकल बंद रहा। इस दौरान अस्पताल में इलाज नहीं मिलने से मरीजों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं शुक्रवार से जयपुर के सभी निजी अस्पतालों में आरजीएचएस और चिरंजीवी जैसी सरकारी योजनाओं का बहिष्कार किया जायेगा।

राज्य सरकार की ओर से प्रस्तावित राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में प्राइवेट हॉस्पिटल एंड नर्सिंग होम सोसाइटी एवं यूनाइटेड प्राइवेट क्लीनिक्स एंड हॉस्पिटल्स ऑफ़ राजस्थान (उपचार) द्वारा गठित आल राजस्थान प्राइवेट हॉस्पिटल्स संघर्ष समिति के आव्हान पर गुरूवार को प्रदेश में निजी अस्पतालों में मेडिकल सेवाएं पूरी तरह बंद रखी गई। इस दौरान अस्पतालों में इलाज नहीं मिलने से मरीज परेशान रहे। सारा भार सरकारी अस्पतालों पर आ गया। जयपुर में कई निजी अस्पतालों ने तो आज ही सरकारी योजनाओं के तहत इलाज करने से मना कर दिया। मौसमी बीमारियों के दौर में निजी अस्पतालों के बहिष्कार से राज्य में चिकित्सा सेवा ठप हो सकती है।

प्राईवेट हॉस्पिटल्स एंड नर्सिंग होम्स सोसायटी के सचिव डॉ. विजय कपूर ने बताया कि जेएमए सभागार में आयोजित बैठक में जयपुर के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों एवं चिकित्सकों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। साथ ही प्रदेश के विभिन्न शहरों में बैठके आयोजित की गई। डॉ. कपूर ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया की शुक्रवार से जयपुर के सभी निजी अस्पतालों में आरजीएचएस व चिरंजीवी जैसी सरकारी योजनाओं का बहिष्कार किया जायेगा। जयपुर के अतिरिक्त सीकर, झुंझुनूं, अलवर, कोटा, बीकानेर व अन्य शहरों में हुई बैठकों में भी सरकारी योजनाओं का पूर्ण बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया। दो दिन बाद पूरे प्रदेश में अनिश्चितकालीन मेडिकल बंद किया जाएगा। डॉ. विजय कपूर ने कहा कि यह बिल किसी भी सूरत में और किसी भी स्वरूप में स्वीकार्य नहीं है।

## सार-समाचार

### संस्कृत अकादमी के पुरस्कार घोषित

**जयपुर** । राजस्थान संस्कृत अकादमी ने बुधवार को अपने वार्षिक पुरस्कारों की घोषणा की। अकादमी की अध्यक्ष डॉ. सरोज कोचर ने बताया कि ये पुरस्कार वर्ष 2022-23 के तहत निर्धारित दिशा निर्देश एवं प्रक्रियागत पालना तथा सक्षम स्तर से अनुमोदन के उपरान्त घोषित किए गए हैं। इस साल का अखिल भारतीय माघ पुरस्कार जयपुर के संस्कृत विद्वान डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा के संस्कृत महाकाव्यम 'गोपांगनावैभवम्' को दिया जाएगा। उन्हें पुरस्कार स्वरूप 1 लाख 21 हजार रूपए की राशि तथा स्मृति चिन्ह आदि प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा जयपुर के आचार्य नारायण शास्त्री कांकर को मरणोपरान्त उनके ग्रन्थ 'लिंगानुशासन कोष' को पद्मश्री डॉ. मण्डन मिश्र पुरस्कार, जयपुर केप्रो. बनवारी लाल गौड़ के ग्रन्थ 'आयुर्वेदीय कथाष्टकम' को पं. अम्बिका दत्त व्यास तथा जयपुर के प्रो. कुलदीप शर्मा को नवोदित प्रतिभा पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। तीनों विद्वानों को 51-51 हजार रूपए की राशि नकद प्रदान की जाएगी। वनस्थली की डॉ. अंजना शर्मा को संस्कृत विदूषी सम्मान स्वरूप 21 हजार रूपए की राशि प्रदान की जाएगी। जयपुर के प्रो. ताराशंकर शर्मा पाण्डेय को भट्ट मथुरानाथ शास्त्री साहित्य सम्मान, जयपुर के डॉ. रामेश्वर दयाल शर्मा को पंडित जगन्नाथ सम्राट ज्योतिष सम्मान, जयपुर के डॉ. शंभुनाथ मिश्र को पंडित मधुसुदन ओझा वेद सम्मान, जयपुर के प्रो. आनंद पुरोहित को धर्मशास्त्र पौराहित्य सम्मान, बांसवाड़ा के डॉ. राकेश शास्त्री को पं. गिरधर शर्मा चतुर्वेदी दर्शन सम्मान तथा जयपुर महापुरा की डॉ. अनुपमा राजोरिया को गैर संस्कृत पृष्ठभूमि विद्वान के लिए संस्कृत कौस्तुभ सम्मान से विभूषित किया जाएगा। इन सभी विद्वानों को 11-11 हजार रूपए की नकद राशि प्रदान की जाएगी।

### जयपुर में हैप्पीनेस लैब का उद्घाटन

**जयपुर** । जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट जयपुर ने अपनी हैप्पीनेस लैब: एच20 फॉर लाइफ (हेल्थ एंड हैप्पीनेस ओरिएंटेशन फॉर लाइफ) का उद्घाटन किया। हैप्पीनेस लैब इलेक्ट्रो फोटोनिक इमेजिंग, मानव शरीर और अंगों के एनर्जी फील्ड विश्लेषण, सात चक्र विश्लेषण, अंग और चक्र संतुलन बनाए रखने के लिए व्यक्तिगत परामर्श के माध्यम से एक व्यक्ति को समझने में मदद करेगा। हैप्पीनेस लैब का उद्घाटन नोरबू वांगचुक, भूतपूर्व शिक्षा मंत्री, भूटान सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस के उत्सव के अवसर पर किया गया। इस मौके पर हेल्थ एंड हैप्पीनेस कॉन्क्लेव: एन्हांसिंग सोशल एंड इमोशनल लर्निंग (एसईएल) का भी आयोजन किया गया। डॉ. प्रभात पंकज, निदेशक ने मुख्य अतिथि श्री नोरबू वांगचुक का स्वागत किया। नोरबू ने छात्रों से कहा कि वे कहीं और खुशी की तलाश करना बंद करें और इसके बजाय इसे खोजने के लिए खुद पर ध्यान दें। उन्होंने सामाजिक और भावनात्मक शिक्षा के मूल्य पर जोर देते हुआ कहा कि मजबूत भावनात्मक बुद्धि वाले व्यक्तियों का सामाजिक जीवन अद्भुत होता है। उन्होंने आगे कहा कि सिर्फ प्रगति कभी भी खुशी नहीं ला सकती है। एक खुशहाल मानसिकता किसी को सफल होने का एहसास करा सकती है। वांगचुक ने दावा किया कि "बी हियर नाउ" वह मंत्र है जो किसी को खुशी हासिल करने में मदद करेगा।

### शराब पार्टी के बाद युवक की हत्या

**जयपुर** (कासं)। सांगानेर थाना इलाके में बी-2 बायपास चौराहे के पास एक अधेड़ का पत्थर से सिर कुचल कर उसकी हत्या कर दी गई। आरोपियों ने हत्या कर शव बी-2 बायपास चौराहे के पास एक प्लाट में पटक दिया। सूचना पाकर शिप्रा पथ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने संदिग्धों से पूछताछ शुरू की और दो लोगों को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया। एडिशनल डीसीपी ईस्ट अवनीश कुमार ने बताया कि देर रात को चंचल योगी, ओम प्रकाश सैनी और नरसीलाल माली शराब पी रहे थे। शराब लाने की बात को लेकर ओम प्रकाश और चंचल के बीच झगड़ा हुआ जिस पर ओम प्रकाश और नरसीलाल ने चंचल के साथ मारपीट की फिर पत्थर से सिर कुचल कर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद दोनों बदमाश मौके से भाग निकले। आरोपी ओम प्रकाश पूर्व में जवाहर सर्किल इलाके में एक हत्या के मामले में जेल जा चुका है। दोनों आरोपियों को कल कोर्ट कोर्ट में पेश कर रिमांड लिया जाएगा। एडिशनल डीसीपी ईस्ट अवनीश कुमार शर्मा ने बताया कि सुबह करीब 9बजे पुलिस को मर्डर की जानकारी मिली थी।दोपहर करीब 2बजे तक उनकी टीम दोनों आरोपियों तक पहुंच गई। कुछ देर दोनों बदमाशों ने तकनीकी व मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की तो उन्होने अपना अपराध कबूल कर लिया।

### पोलो मैच का आयोजन 25 मार्च को

**जयपुर** (कासं)। जयपुर के ख्यातनाम एनआरआई क्लब-21 के आवेदकों के लिए आगामी 25 मार्च को रामबाग स्थित राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर शाम 4.30 बजे पोलो मैच और 1 अप्रेल को बॉलीवुड के मशहूर सिंगर बैंड मीत ब्रदर्स की म्यूजिकल नाइट करवाई जाएगी। आवासन आयुक्त और क्लब-21 के अध्यक्ष श्री पवन अरोड़ा ने गुरुवार को मंडल मुख्यालय में क्लब की सदस्यता संबंधी और कार्यकारिणी समिति की बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि 25 मार्च को रामबाग पोलो क्लब में राजस्थान पोलो ग्राउंड पर एनआरआई क्लब-21 और पोलो क्लब के बीच प्रदर्शन मैच खेला जाएगा। वहीं कई मशहूर फिल्मों में संगीत दे चुकी मीत ब्रदर्स की जोडी 1 अप्रेल को म्यूजिकल नाइट के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करेगी। अरोड़ा ने बताया कि प्रताप नगर में राजस्थान हाउसिंग बोर्ड और राज आंगन सोसाइटी द्वारा मिलकर विकसित किए जाने वाले एनआरआई क्लब-21 के प्रति आमजन ने गजब का उत्साह दिखाया है।

### पेपरलीक के आरोपी पर इनाम रखा

**जयपुर** । पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने आर.पी.एस.सी. द्वारा आयोजित सैकण्ड ग्रेड के सामान्य ज्ञान के प्रथम प्रश्न पत्र को परीक्षा से पूर्व लीक करने वालों के खिलाफ दर्ज प्रकरण में अभियुक्त अनिल मीणा उर्फ शेर सिंह मीणा पिता गोपाल मीणा की गिरफ्तारी पर एक लाख रु. के इनाम की घोषणा की है। अनिल मीणा उर्फ शेर सिंह मीणा निवासी दोला का बास चौमूं, जयपुर ग्रामीण हाल भावरी स्वरूपगंज आबूरोड में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत हैं और अभी तक प्रकरण में फरार चल रहा है।

ARBiT it happens here...




## World Sleep Day

Sleep may seem like such a normal aspect of life that it might seem silly to even talk about it! It can be one of the most banal, underrated aspects of people's lives. But for those who have recurring sleep problems, getting enough sleep can be a real challenge and affect everything else in life. World Sleep Day aims to consider and aid those who have sleep problems. It is useful for educating people all over the world about the importance of sleep.



#EXPLORATION

# Abandoned Towns In India

Equal parts eerie and interesting, these towns are perfect for a minimal human contact vacation



With road journeys making a comeback, this might just be the ideal time to dive into the unexplored. If you do not mind roughing it up a bit on your trips, we suggest you head out to these 5 abandoned towns in India where history, legends and myths walk hand in hand:

### Dhanushkodi, Tamil Nadu



One of the smallest coastal towns in the world, Dhanushkodi is eerily quiet. Flanked by the Bay of Bengal on one side and the Indian Ocean on the other, the town's beach stretches upto 15 kilometres. Dhanushkodi was washed away by a massive cyclone in 1964, and declared unfit for inhabitation by the then Madras government. You can spot the ruins of yesteryears here, including a church and the railway station's water tank. It is when you take a walk across the beach that the whooshing wind sounds and vast stretches of white sand strike you. Mythological legends say that it is here that Ram created a setu (bridge) to Lanka (Sri Lanka). Apart from religious devotees, Dhanushkodi is also preferred by travellers looking for offbeat destinations.

### Sidhpur, Gujarat



With strong mythological roots, Sidhpur is believed to be the place where warrior Parasurama performed the last rites of his mother. The town on the outside is characterised by mansions in pastel shades, with striking European architecture. It was initially inhabited by the Dawoodi Bohra community, who subsequently moved out in search of greener pastures. They built the mansions at the height of their prosperity, and visited regularly. However, with time, the ties weakened and many people left. The town receives footfall during the annual Sidhpur Camel Festival on the banks of Sabarmati River.

### Kuldhara, Rajasthan

Situated less than 20 kms away from Jaisalmer,

### Lakhpat, Gujarat

Usually known for the pristine white sand desert, Kutch also hosts the abandoned town of Lakhpat in its far northwest corner. Previously an important port city, Lakhpat has now been abandoned for almost 200 years, after an earthquake in 1819 lead the town to its current fate. The earthquake that changed the course of river Indus to its present one, dried up the town. And people were forced to abandon it. Facing north across the Great Rann towards Pakistan, the place has 7 kilometres of fort walls forming a boundary and making for spectacular views over the Rann. You can spot vast expanses of uninhabited land here. The highlight of this remote location is the clear night sky, perfect for stargazing owing to the clean desert air. The endless horizon also paves the way for a breath-taking sunrise and sunset.



Kuldhara is rooted deep in history and legend. Once a prosperous village inhabited by Paliwal Brahmins, it is believed that the village caught the 'evil eye' of Salim Singh, the then prime minister of the state. Singh wanted to marry the village head's daughter, forcibly and against the family's wishes. The villagers formed a council, fled their ancestral homes and cast a curse that nobody will ever be able to settle here again. You can spot long rows of extending mud houses without roofs and crumbling walls. The place looks frozen in time, and in some areas, nature has taken over the structures.

### Unakoti, Tripura

If local legends are to believed, Unakoti suffers the curse of Shiva. Home to hundreds of rock-cut sculptures and scattered ruins of ancient temples, Unakoti is a treasure trove for lovers of archaeology. Lying in the middle of a lush green forest, these sculptures are made out of sandstone. Large parts remain buried beneath the earth, and have never been excavated. It is believed that these sculptures are one less than a crore ('koti' in Sanskrit), lending the place its name. Till date, nobody has found out how or when these uncut rock statues were made.





Early morning view from my bungalow in Ambadi Estate.

# Climbing Mountains to Build Teams

BBTC had a Group Manager called Geoffrey Breay, who developed a 9-hole golf course in the Kakachi division of Manjolai Estate. The course has no greens, only browns. It is a very picturesque location surrounded by forest, often with Sambhar grazing on the course and sometimes a pack of Dhole (Red Indian Wild dog) taking the sun as you walk in to tee off. One wonderful story I heard recently in a lovely account of these estates by Mr. Rajesh Thomas (I knew his father, Mr. Jyothikumar Thomas, Group Manager, Manjolai). In 1984, during the visit of Mr. A. D. McNaughton, Director, one early misty Sunday morning, the Group Manager and Managers were playing a round of golf. As they teed off, one of them noticed a solitary cow standing on a flat rock to one side, between the fairway and the forest.



**Mirza Yawar Baig**
*Naturalist and wildlife conservationist*

#TOGETHER

The biggest leadership challenge, irrespective of the situation, is the ability to build self-motivated, autonomous teams. Teams, who after you have built them, work without you and don't consider you necessary for their success. My greatest success in my years managing profit centres was in building such teams. This is tough because making yourself redundant is not easy, especially on the ego. People like to feel needed and don't like others to work without asking them what to do. No matter all the smooth talk that many managers like to dish out about how they love independent thinking, critical analysis and whatnot. When subordinates start acting on their own, they feel threatened and worry that if their subordinates work too well without their direct and visible interference (that is what it really is), they may lose their jobs. They don't like questioning and hate dissent.

I, on the other hand, love questions because they indicate interest and commitment. And I love it when my teammates disagree with me and offer their own solutions because, for me, that is the litmus test of the readiness, of the team to work independently. The thing to do is to build teams and keep moving. How can you progress, develop and grow if you get rooted to one place? The secret to growth is to move after leaving behind a legacy of honour. One powerful way to do that is through shared experiences. Some happen. Others must be created.

I was posted as the Manager of New Ambadi Estate, a 2000-acre rubber property in Kulasekharam, Kanyakumari District in Tamil Nadu, with another smaller rubber estate called Greenham. There were also two rubber factories in this basket. One on Ambadi Estate and a latex factory in Nagercoil, which was the nearest big town and the District Headquarter. Kanyakumari is the tip of the Indian Peninsula, jutting out into the ocean where three seas meet, the Arabian Sea, the Bay of Bengal, and the Indian Ocean. Kanyakumari is the only place on earth, where you can see both the sunrise and sunset from the ocean.

### Yet We Climbed

When I took over New Ambadi Estates as the Manager in 1989/90, I had four Assistant Managers, Arun Kumar Menon, Roshan Appaiah, Sunil Abraham, and Jayanand, and I didn't know the first thing about rubber planting. Arun was the senior assistant, and he became my teacher in rubber planting and manufacturing. Jayanand taught me rubber manufacturing technology because that was his specialty. Roshan's father Mr. Poovaiah, was my first teacher in tea planting, because he was the Field Officer in Sheikalmudi Estate in the Anamallais, when I joined planting in 1983. Sunil was new to planting and we all became good friends and remain to this day. Arun heads the company today. Roshan is on his own in Mysore. Sunil is in a big job in Canada and an avid fisherman on weekends. Sadly, I have lost touch with Jayanand and wish he is well, wherever he is. But the others, I am in touch with almost daily. All my teammates, these four and others, are dear friends and I am most appreciative and grateful for this.

Arun, Roshan, and I did a trek to Manjolai, the BBTC tea estates on the mountains that, 'are located between elevations ranging from 1000 to 1500 metres (about 3200 - 5000 feet). The Manjolai area is set deep in the Western Ghats within the Kalakkad Mundanthurai Tiger Reserve in Tirunelveli District. Located on top of the Manimuthar Dam and the Manimuthar Waterfalls, the Manjolai area comprises tea plantations and small settlements around them. Upper Kodaiyar Dam and a windy viewpoint called

> The path along the 'ropeway', which we followed, was hardly ever used and was uneven, deeply scored with gullies made by rainwater runoff and had long grass with serrated leaves which tried their best to flay the skin off your bones as you walked. In places it also had the dreaded nettle called Anaimarti, the leaves of which if touched, sting ferociously.

Kuthiravetti. The tea plantations and the whole of Manjolai estates are operated by the Bombay Burmah Trading Corporation Ltd., on forest lands leased from the government of Tamil Nadu.' That is what Wiki tells us.

'Kuthiravetti' is a strange name which means 'slaughter of horses'. But I believe it is a corruption of Kuthirai-katti, a place to tie the horse i.e., stable. Kanyakumari district, where Ambadi is located, is in the plains in which the feet of the Western Ghats are grounded. But if you climb up from the plains, straight up the side of the mountain, about 5000 feet later, you will stand on top with the plains at your feet. There is a more normal and far easier way to get to Manjolai by driving up the mountain from Thirunelveli. But satisfaction is directly proportionate to effort and so we decided to trek up the mountain. Shared experiences, especially tough ones that you win, are great binders of people and a lot of fun to boot.

One Sunday morning, Arjun, Roshan, and I started at daybreak. When my friend Suryaprasad, IPS, the ASP (Assistant Superintendent of Police) for Kanyakumari, heard that I was planning to go, asked if he could come along and would inspect the Police Station at the top of the mountain in Manjolai. I asked him, if there was much crime in that area. He told me that in the past year, there had been two thefts. Safe place, you would say. The path up the mountain was narrow and very steep. In places we had to slash our way through undergrowth. The path existed to service a 'ropeway' which would have been a rope on a pulley when they built the dam, but which now is a winch powered car going up the mountainside, running on a railway track, used to take supplies for Irrigation Department officials in Manimuttar Dam. The 'car', rather a grand word for a roofless tray with wheels, two seats and place to put luggage, runs on a narrow railway track with a central rail with teeth on it. On the bottom of the car is a metal hook that clacks as the car is dragged up the mountainside by the winch. The teeth on the central rail are meant to stop the car hurtling down the mountain to its destruction, if the steel cable were to snap. The path along the 'ropeway', which we followed, was hardly ever used and was uneven, deeply scored with gullies made by rainwater runoff and had long grass with serrated leaves which tried their best to flay the skin off your bones as you walked. In places it also had the dreaded nettle called Anaimarti, the leaves of which if touched, sting ferociously and if you are allergic, can land you in hospital. Yet we climbed.



With Suryaprasad and Arun, at the halfway point.

### Gruelling Effort

As we climbed, the sun rose higher in the sky. There was no shade as there are no large trees on the mountainside. Kanyakumari is a hot and humid place and climbing mountains is not the most comfortable activity. Add to it scratches from thorns, insect bites, sweat pouring out from every pore and snaking its way down your back, along your legs, burning into the scratches and very soon you start to question your sanity. This is where the ego comes into its own. It is almost the only positive use of one's ego. It keeps you going. It is a good thing that in such situations, people are short of breath and hell bent on keeping up the pretence of toughness, perseverance, tenacity, and grit. That makes them keep their mouths shut. If one of us had simply asked, 'How many of you think that this was a bad idea?' we would have been going back downhill in a jiffy. But that didn't happen. We continued to climb.

After about two hours of gruelling effort, calves and thighs on fire, chests heaving like bellows, we reached a halfway point. It was a bench of rock that we could rest on for a while. One thing about halfway points when climbing mountains - they are also the point of no return. After that you can only go one way - up. Going down from the halfway point is even tougher because the descent is always more taxing on the knees and thigh muscles than climbing. We drank a little water. Cannot drink too much or you get cramps. Then back to the climb. "This had better be worth it", I am saying to myself. Then, as we climbed higher, the air started to get cooler and the climbing became easier as we got our second wind.








With Oliver Praveen Kumar, Prem Kumar and Murugan – 2010.

### A Hero's Welcome

Eventually as in every climb, if you do it long enough, you get to the top. So did we. We turned around to look at where we had come from. And what did we see? A rich carpet of many shades of green, with huge splashes of quicksilver. Rice fields in various stages of growth with ponds of lotus and lilies. Too far to see the flowers but the water shone like mercury in the sun. Raise your sights a tad and it turns blue, first hazy, and then clearer and then way out in the distance a deep blue which looks like the sky but isn't. That is the mist rising from the rice paddies, the sky at the horizon and the blue of the Indian Ocean. Then up the mountain comes a breeze. So cool and refreshing that I can still feel it, knowing that the coolness of the breeze is in proportion to the effort made to get to that place. The harder the climb, the hotter the sun, the more we sweat, the cooler and more refreshing the breeze. That is life itself, isn't it?

The story does not end here. Our climb had ended but not our trek. We still had about 8 miles to go to get to the Manjolai Club where we planned to rest and get something to eat. This was many years before mobile phones, so we couldn't call anyone and say, 'Come and get us.' So onward we marched. I was last, to make sure that everyone was doing well and so I followed them. As we walked on in silence, one side of the road bound by a high bank, thickly forested, the back of my neck tingled and I had an eerie feeling of being watched. I looked up and behind me and there on top of the bank, was a large leopard, sitting on his haunches like a dog, looking down on us. Our leopards in India are not dangerous to people and so I was not worried but just to make sure that there was no panic, I kept my own counsel and we walked on.

That reminds me of a wonderful story of this place. BBTC had a Group Manager called Geoffrey Breay, who developed a 9-hole golf course in the Kakachi division of Manjolai Estate. The course has no greens, only browns. It is a very picturesque location surrounded by forest, often with Sambhar grazing on the course and sometimes a pack of Dhole (Red Indian Wild dog) taking the sun as you walk in to tee off. One wonderful story I heard recently in a lovely account of these estates by Mr. Rajesh Thomas (I knew his father, Mr. Jyothikumar Thomas, Group Manager, Manjolai). In 1984, during the visit of Mr. A. D. McNaughton, Director, one early misty Sunday morning, the Group Manager and Managers were playing a round of golf. As they teed off, one of them noticed a solitary cow standing on a flat rock to one side, between the fairway and the forest. He showed it to his friends, who all remarked at this strange sight. As they continued, the mist cleared, and they saw their cow turn into a large tiger watching them intently. Evidently tigers appreciated golf even before one of them decided to start playing it - Tiger (in the) Woods. Such experiences are far from rare in planting, and I have a couple of them which I recall very warmly.



With Arun and Roshan, at the wedding of one of our workers.

Our lovely surprise was that when we reached Manjolai Club, I found my good friend Ricky Muthanna, the General Manager of BBTC, the company that owns the tea estates, was at the Club. He was visiting from the Anamallais to inspect these properties and being an avid golfer, had just returned from a round of golf when arrived. We got a hero's welcome. Ricky applauded our effort and held us up as examples to his management team, much to our great embarrassment. But that was more than compensated for with great food, after we had washed up and been plied with cool drinks and juices. After dinner, Ricky insisted that his car would take us back home, which was certainly more than welcome. We had planned to return in the 'ropeway' car and then have my car pick us up from the bottom but a drive in Ricky's car was a much better option.

Beautiful times, friends, and memories.

writetoarbit@rashtradoot.com



Ambadi view

#PLANNING

# Fighting Future Pandemics

Repurposing existing drugs to fight back.



An algorithmic tool that can identify existing drugs in order to combat future pandemics offers the possibility of responding more quickly to public-health crises.

"There is no silver bullet to defeat the COVID pandemic as it takes us over a public-health roller-coaster of deaths and devastation," says Naomi Maria, an immunologist and visiting scientist at New York University's Courant Institute of Mathematical Sciences.

"However, using this AI tool, coupled with in vitro data and other resources, we've been able to model the SARS-CoV-2 infection and identify several COVID-19 drugs currently available as potentially effective in battling the next outbreak."

"Drug repurposing strategies provide an attractive and effective approach for quickly targeting potential new interventions," says senior author Bud Mishra, a professor at Courant.

COVID-19 has shown to be a daunting challenge over the past three years, even though vaccines and hygienic practices have, over time, lessened its severity.

However, despite these tools to combat it, SARS-CoV-2-the virus that causes COVID-19-continues to spread and take lives. This is due, in part, to its ability to rapidly diversify in its target cell-types, immune-response pathways, and modes of transmission.

These traits make traditional approaches to vaccine and drug design less effective than in the past-and especially when the virus co-infects with other pathogens, such as RSV and influenza.

Recognizing that current methods leave us chasing the virus, the researchers came up with an approach aimed at closing the gap in future pandemics: repurposing existing drugs to fight back.

To do so, they developed a systems biology tool, the PHENotypeSIMulator (PHENSIM). PHENSIM simulates tissue-specific infection of host cells of SARS-CoV-2 and then performs, through a series of computer or in silico-experiments, to identify drugs that would be candidates for repurposing.

The algorithm computes, taking into account selected cells, cell lines, and tissues and under an array of contexts, by propagating the effects and alterations of biomolecules-such as differentially expressed genes, proteins, and microRNAs-and then calculates antiviral effects.

The team confirmed the validity of the tool by comparing its results with recently published in vitro studies, demonstrating PHENSIM's potential power in aiding effective drug repurposing.

The researchers are part of RxCovea-a multi-disciplinary group of immunologists, biologists, chemists, data scientists, game theorists, geneticists, mathematicians, and physicians, among others, that seeks to develop innovative strategies to address COVID-19.



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# अरावली एक्सप्रेस के एक डिब्बे के दो पहिए पटरी से उतरे, सभी यात्री सुरक्षित

## कंट्रोल रूम को सूचना मिलते ही मौके पर दुर्घटना राहत गाड़ी को भेजा

**अजमेर,** (कासं)। अरावली एक्सप्रेस के एक डिब्बे के दो पहिए पटरी से उतर गये। रेल कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए शीघ्रता से उतरे डिब्बे को पुनः चढ़ा कर रेल यातायात बहाल किया। जानकारी के अनुसार

- **रेल कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उतरे डिब्बे को पुनः चढ़ा कर रेल यातायात बहाल किया**
- **ट्रेन संचालन के दौरान मवेशी (सांड) आ जाने के कारण संभवतः यह घटना घटित होने की आशंका जताई**

गुरूवार दोपहर 1:15 बजे गाड़ी संख्या 14702 बांद्रा टर्मिनस श्रीगंगानगर अरावली एक्सप्रेस के एक सामान्य श्रेणी के कोच के 2 पहिये खरवा-मांगलियावास स्टेशनों के बीच पटरी से उतर गए। कंट्रोल को सूचना मिलते ही मौके पर दुर्घटना राहत गाड़ी को रवाना किया गया। मंडल रेल प्रबंधक राजीव धनखड़ सहित अन्य अधिकारी भी तुरंत मौके पर पहुंचे और डिब्बे को पटरी पर चढ़ाने का कार्य शुरू किया गया। सभी यात्री सुरक्षित थे, किसी को किसी प्रकार की चोट नहीं पहुंची। इस डिब्बे के सभी यात्रियों को दूसरे कोच में शिफ्ट किया गया।

रेलवे द्वारा एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया ताकि लोग इस ट्रेन में यात्रा कर रहे अपने परिजनों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सके। रेल अधिकारियों के निर्देशन में रेल कर्मियों द्वारा तत्परता व कार्य कुशलता के फ़लस्वरूप दोपहर 2:37 बजे उतरे डिब्बे को पुनः पटरी पर चढ़ा दिया गया और 2.59 बजे पुनः ट्रेन को रवाना कर दिया गया। ट्रेन संचालन के दौरान मवेशी (सांड) आ जाने के कारण संभवतः यह घटना घटित हो सकती है, घटना के विस्तृत व वास्तविक कारण का पता लगाने के लिए मुख्यालय स्तर की उप मुख्य सुरक्षा अधिकारी की अगुवाई में एक जांच कमेटी गठित की गई है।

दुर्घटना के फल स्वरुप आंशिक यातायात प्रभावित हुआ जिसके अंतर्गत एकमात्र गाड़ी मैसूर-अजमेर ट्रेन को ब्यावर स्टेशन पर लगभग एक घंटा रोका गया। अन्य रेल यातायात सुचारू रूप से संचालित हुआ। बहुत ही अल्प समय में ट्रेन संचालन पुनः प्रारंभ किया गया। कंट्रोल रूम में अपर मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार व बलदेव राम तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विवेक रावत सहित अन्य रेल अधिकारियों ने ट्रेन संचालन व पुनः रीस्टोरेशन हेतु मोर्चा संभाला।

अजमेर स्टेशन पर एक हेल्प डेस्क की भी स्थापना की गई। साइट पर मंडल रेल प्रबंधक राजीव धनखड़ के अलावा वरिष्ठ मंडल इंजीनियर शेर सिंह तथा मंडल परिचालन प्रबंधक भूपेश यादव सहित अन्य अधिकारिओं ने रीस्टोरेशन के कार्य को संभाला।



अजमेर में अरावली एक्सप्रेस के एक डिब्बे के दो पहिए पटरी से उतरने के बाद टीम ने डिब्बे को पुनः पटरी पर चढ़ाया।

# मामूली विवाद में दम्पती ने लगाई फांसी

## घटना में पत्नी की मौके पर ही मौत, वहीं पति की हालत गंभीर


पुलिस ने मौके पर मामले की जांच की।

**धौलपुर,** (निसं)। बाड़ी उपखंड के कंचनपुर थाना क्षेत्र के पवेसुरा गांव में आज गुरुवार को एक दंपत्ति द्वारा फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना में जहां पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई है, वहीं पति की हालत गंभीर है। जिसका जिला अस्पताल धौलपुर में इलाज चल रहा है। घटना को लेकर अभी तक कोई स्पष्ट कारण तो निकल कर सामने नहीं आ रहा। लेकिन प्रथम दृष्टया घटना के पीछे गृह क्लेश कारण बताया जा रहा। बताया जा रहा है कि पति और पत्नी के बीच किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी।

- **बताया जा रहा है कि दोनों में अनबन चल रही थी, 8 माह की गर्भवती थी पत्नी**

कंचनपुर एसएचओ हेमराज शर्मा ने बताया कि घटना में पवेसुरा गांव निवासी 24 वर्षीय महिला विमलेश पत्नी बृजपाल की मौत हो चुकी है, वही उसके पति बृजपाल चौहान की हालत गंभीर है। मामले की जांच की जा रही है। घटना को लेकर किरावली आगरा के गांव ओपऊ निवासी मृतका के पिता पप्पू भदोरिया पुत्र गोपाल ठाकुर निवासी किरावली ने कंचनपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमे बेटी की आत्महत्या को लेकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

**3 वर्ष पूर्व हुई थी शादी, 2 वर्ष की है बेटी :-** मृतका विमलेश की शादी पवेसुरा गांव निवासी बृजलाल पुत्र फूलसिंह के साथ करीब 3 वर्ष पूर्व हुई थी। मृतका के 2 वर्ष की बेटी है। जिसे वह छोड़ गई है। गांव से मिली जानकारी के अनुसार म्रतक महिला 8 माह की गर्भवती थी। ऐसे में उसके पेट में पल रहे अजन्मे भ्रूण की भी जन्म से पहले ही मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार मृतक महिला की बहन ज्योति भी बृजपाल के बड़े भाई को इसी घर में ब्याही है। अचानक से ऐसी स्थिति क्यों बनी इसको लेकर पुलिस जांच में जुटी है।

**पति पत्नी ने अलग-अलग स्थानों पर लगाई फांसी:-** कंचनपुर एसएचओ हेमराज शर्मा ने बताया कि मृतका विमलेश ने घर पर अपने कमरे में कुंदे से फांसी लगाई है, वहीं घटना की सूचना मिलते ही उसके पति ने खेत पर काम करने के दौरान पेड़ से फांसी लगाई है। जिसे मौके पर मौजूद लोगों द्वारा बचाया गया है। जिसका उपचार जिला अस्पताल धौलपुर में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती बृजपाल 4 भाइयों में सबसे छोटा है और किसान परिवार से ताल्लुक रखता है।

## मारपीट में युवक घायल

**अनूपगढ़,** (कासं)। वार्ड नंबर 19 में दो पक्षों में पुरानी रंजिश के चलते मारपीट हो गई। मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। किसी तरह से घायल युवक वहां से भागा और अनूपगढ़ के पब्लिक पार्क के पास पहुंचा। घायल अवस्था में होने के कारण घायल संदीप पब्लिक पार्क के पास गिर गया और बेहोश हो गया। जिसे लोगों ने अनूपगढ़ के राजकीय चिकित्सालय में पहुंचाया। जहां चिकित्सकों के द्वारा घायल संदीप का प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया है। सूचना मिलने पर घायल संदीप के परिजन भी मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस थाने में दी सूचना मिलने पर मिलने पर एसआई अनूप सिंह मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए।

# चोरी का सामान खरीदने वाले ज्वैलर्स को किया गिरफ्तार

**नोखा,** (निसं)। कांकरिया चौक में करीब सालभर पहले एक बंद मकान से लाखों रुपए की चोरी करने वाली गैंग के दो चोरों से पूछताछ कर पुलिस ने चोरी का सामान खरीदने वाले ज्वैलर्स को गिरफ्तार किया। पुलिस ने चोर महावीर भार्गव, सुरेश सिंह उर्फ सूर्या और चोरी का सामान खरीदने वाले ज्वैलर्स रामदयाल सोनी से सामूहिक पूछताछ कर चुराए आभूषण और एक लाख रुपए बरामद किए।

सीआई ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने बताया कि कांकरिया चौक निवासी भीखाराम सुथार मकान बंद कर परिवार सहित 29 जनवरी 2022 को अपने बेटे के पास मुंबई गया था। वह 16 फरवरी को वापस आया तो घर के ताले टूटे थे और कमरों में रखे सोने-चांदी के आभूषण व नकदी गायब मिली। पुलिस ने आसपास में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले और तकनीकी विश्लेषण से चोरी की वारदात का खुलासा किया और चोर महावीर भार्गव व सुरेश सिंह का गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उन्होंने चोरी की वारदात को स्वीकार किया। चोरी का सामान जोरावरपुरा निवासी रामदयाल पुत्र करणीदान सोनी को देना बताया। आरोपियों से पूछताछ कर पुलिस ने चोरी के गहने व एक लाख रुपए बरामद किए। दोनों शातिर चोर पीसी रिमांड पर चल रहे हैं। उनसे अन्य वारदातों का खुलासा हो सकता है।

सीआई जांगिड़ ने बताया कि आरोपी महावीर भार्गव व सुरेश सिंह उर्फ सूर्या ने चोर गैंग बना रखी है, जो सूने व बंद मकानों की रेकी कर चोरी की वारदात को अंजाम देती है। चोरी करने से पूर्व रेकी करने, चोरी की वारदात को अंजाम देने, चोरी के माल को ठिकाने लगाने के लिए कई गुर्गों को शामिल किया है। यह चोर गैंग पिछले दो-तीन साल में नोखा में दर्जन भर से अधिक चोरी की वारदात को अंजाम दे चुकी है। पुलिस पूछताछ कर अभी तक तीन बड़ी चोरियों का पर्दाफाश कर सामान व नकदी बरामद कर चुकी है।

## छात्र ने प्रिंसिपल पर किया हमला

**धौलपुर,** (निसं)। धौलपुर शहर के निहालगंज थाना क्षेत्र में सनातन धर्म शिक्षा संस्थान स्कूल के प्रिंसिपल पर एक छात्र ने सरिए से हमला कर दिया। छात्र के हमले में घायल हुए प्रिंसिपल को साथी स्टाफ द्वारा जिला अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कराया गया। सूचना पर थाना प्रभारी विजय मीणा अस्पताल पहुंचे, जहां प्रिंसिपल के बयान लिए। पुलिस ने आरोपी छात्र की तलाश शुरू कर दी गई है। प्रिंसिपल श्रीभगवान पुत्र माता प्रसाद ने बताया कि कक्षा बारहवीं के छात्र पर स्कूल की फीस शेष है। 2 दिन पहले छात्र को स्कूल की फीस जमा कराने के लिए कहा गया था। गुरुवार सुबह छात्र फीस जमा कराने की बात कहते हुए चेंबर में घुस आया। जहां उसने सरिए से हमला कर दिया और छात्र मौके से भाग गया।

# महिला-पुरुष के नहर में शव मिले

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। करीब 4 घंटे के अंतराल में दो अलग-अलग जगहों से नहर से महिला-पुरूष के शव बरामद हुए। जांच पड़ताल के बाद दोनों पति-पत्नी निकले। चूनावढ़ थाना पुलिस ने दंपत्ति के शवों को जिला अस्पताल की मोर्चेरी में रखवा दिया है।

- **जांच के बाद दोनों पति-पत्नी निकले**

चूनावढ़ थाना पुलिस के हैड कांस्टेबल सुभाष चंद्र मीणा ने बताया कि सुबह करीब 11:15 बजे सूचना मिली कि जोधेवाला में जीजी माइनर पर एक महिला का शव दिखाई दे रहा है। इस पर तुरंत टीम सहित मौके पर पहुंचे। लोगों के सहयोग से शव को नहर से बाहर निकलवाया गया। परेशानी की बात यह रही कि शव को जिला अस्पताल तक पहुंचाने में पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी। कई वाहन चालकों को रोककर निवेदन किया गया, लेकिन लोग तैयार नहीं हुए। इस पर ट्रेक्टर-ट्राली चालक व टेंपो की मदद लेकर शव जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

अपराह्न 3:30 बजे महिला का शव मोर्चरी में रखवा दिया गया। तभी नेतेवाला हैड से सूचना मिली कि एक युवक का शव दिखाई दे रहा है। इस पर फिर नेतेवाला हैड पहुंचे। सिविल डिफेंस के आत्माराम स्वामी और उनकी टीम के बलकरण, पवन, विक्रम, सहीराम आदि ने शव को नहर से बाहर निकाला। सुभाष चंद्र मीणा का कहना है कि आदमी के पेंट की जेब से एक कार्ड मिला।

जिसमें लिखे नंबर पर मोबाइल कर परिजनों तक जानकारी पहुंचाई गई। परिजन मौके पर पहुंचे तथा दोनों शवों की पहचान हो गई। परिजनों ने बताया कि यह उनके बेटे बहु के शव हैं।

मृतकों की पहचान विनोद निवासी 17 एमएल पठानवाला व महिला की पहचान ममता पत्नी विनोद के रूम में हुई। पुलिस ने बताया कि अभी तक इस संबंध में मर्ग दर्ज नहीं करवाई गई है।

परिजन गुरूवार थाने में रिपोर्ट देने की बात कहकर गए थे। गुरुवार ही शवों का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। आत्माराम स्वामी का कहना है कि उनकी टीम किसी अन्य व्यक्ति की तलाश करने नहर पर गई हुई थी। लेकिन नहर से विनोद का शव मिला।

# 90 किलो डोडा-पोस्त छिलका जब्त कर दो को गिरफ्तार किया

## जप्तशुदा डोडा-पोस्त की कीमत चार लाख रुपए बताई

**चूरू,** (कासं)। दूधवाखारा थाना क्षेत्र में पुलिस ने 90 किलोग्राम डोडा पोस्त छिलका जब्त करके दो जनों को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से दो कारें भी जप्त की गई है। यहां जिला पुलिस अधीक्षक चूरू राजेश कुमार मीना आई.पी.एस. ने बताया कि महानिरीक्षक पुलिस बीकानेर, रेंज बीकानेर द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व परिवहन की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत नाकाबंदी के दौरान एक सफेद रंग की स्वीफिट डिजायर कार को रूकवाया तो चालक पुलिस टीम को देखकर घबरा गया।

पुलिस ने नाम पता पूछा तो चालक ने अपना नाम भूपेन्द्र सिंह पुत्र कपूर सिंह निवासी वार्ड नम्बर 11 घग्गा, पुलिस थाना घग्ग तहसील पातड़ा जिला पटियाला, पंजाब होना बताया। भूपेन्द्र सिंह को पुनः कार में भरे हुए सामान व घबराने के बारे में पूछा तो चालक ने बताया कि मध्यप्रदेश से उसके साथी गुलजार खां की कार आ रही है। वह उसकी एस्कोर्ट कर रहा है। इसी दौरान चूरू की तरफ से एक कार तेज गति में आयी, उसे पुलिस ने रूकवाना चाहा तो कार चालक ने नाकाबंदी को देखकर अपनी कार को वापिस घुमा लिया। पुलिस ने उसका पीछा किया तो उस कार चालक ने गाडी को घुमाकर पहले से खड़ी एस्कोर्ट स्विफट कार को पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस टीम की व्यवस्थित नाकाबंदी से गाडी को काबू करके सडक किनारे खड़ा करवाया गया। सेवरलेट एवेओ कार चालक ने अपना नाम गुलजार खां पुत्र फतेह मोहम्मद जाति मुस्लिम लुहार उम्र 50 साल निवासी बस स्टेण्ड के पास घग्गा, पुलिस थाना घग्गा तहसील पातड़ा जिला पटियाला, पंजाब होना बताया। कार की तलाशी ली गई तो कार में 90 किलोग्राम डोडा पोस्त छिलका भरे हुए मिले।

- **रतननगर थाना पुलिस ने दोनों तस्करों को रिमाण्ड पर लिया**
- **तस्कर ने अपने ही साथी की कार को टक्कर मारी**

पुलिस ने डोडा पोस्त जब्त करके गुलजार खां को भी गिरफ्तार कर लिया। गुलजार खां और भूपेन्द्र सिंह के खिलाफ धारा 8/15, 29 एनडीपीएस एक्ट पुलिस थाना दूधवाखारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रथम दृष्टया डोडा पोस्त छिलका मुलजिमों द्वारा मध्यप्रदेश से पंजाब ले जाया जाना ज्ञात हुआ है। रतननगर थाना पुलिस ने तस्कर गुलजार खां और भूपेन्द्र सिंह को रिमाण्ड पर लिया है।

## फांसी लगाकर युवक ने जान दी

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले के रायसिंहनगर इलाके के गांव लखाहाकम में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय युवक घर पर अकेला था। उसके पिता दिनभर काम के बाद लौटे तो घर का मैन गेट खुला और घर के एक कमरे का दरवाजा बंद मिला। इस पर उसे शक हुआ तो उसने कमरे का गेट खटखटाया। जब देर तक जवाब नहीं मिला तो गेट तोड़कर युवक को बाहर निकाला गया। युवक के आत्महत्या करने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। इस संबंध में युवक के चाचा ने पुलिस को रिपोर्ट दी। गांव लखाहाकम के संदीप ने किसी समय फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी।

# पीट-पीटकर युवक की हत्या करने के मामले में तीन गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले की समेजा थाना पुलिस ने तीन दिन पहले खेत की रखवाली कर रहे युवक की पीट-पीटकर हत्या के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। मामले में एक महिला सहित तीन आरोपियों की तलाश की जा रही है।

तीनों आरोपियों से हत्या के कारणों के बारे में पूछताछ की जा रही है। इस संबंध में मृतक के भाई ने तेरह मार्च को समेजा थाने में मामला दर्ज करवाया था। अनूपगढ़ के बांडा इलाके के रहने वाले रमेश कुमार पुत्र गणेश नाथ ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उसका भाई दुलीचंद उर्फ निक्कू सरसों के खेत में रखवाली कर रहा था।

इसी दौरान आरोपी चार केएसएम बांडा का रहने वाला कल्याणराम और रायसिंहनगर के गांव उन्नीस एनपी का रहने वाला विनोद कुमार पुत्र शंकरलाल उसे मोटरसाइकिल पर अपहरण कर ले गए। रमेश के पड़ौसी धर्मपाल ने इसकी सूचना रमेश को दी। रमेश धर्मपाल के साथ मौके पर पहुंचा तो दुलीचंद घायल पड़ा था। रमेश उसे लेकर समेजा कोठी के अस्पताल पहुंचा जहां डॉक्टरों ने उसे श्रीगंगानगर रैफर कर दिया गया।

# छह फीट लम्बा कोबरा को किया रेस्क्यू


पुलिस मित्र की टीम ने कोबरा सांप को पकड़ा।

**पुष्कर,** (निसं)। तीर्थ नगरी पुष्कर की वेदव्यास कॉलोनी में कोबरा देखे जाने से हड़कंप मच गया। जिससे आसपास के क्षेत्र में दहशत फैल गई। क्षेत्रिय लोगों को चिंता सताने लगी कि कहीं कोबरा घर में अंदर प्रवेश न कर जाए। पत्रकार दिनेश पाराशर ने पुलिसमित्र टीम की रेस्क्यू इकाई को जानकारी दी।

पुष्कर थानाधिकारी डॉ रवीश सामरिया के निर्देशन में टीम इंचार्ज अमित भट्ट व राजेन्द्र वच्छनी ने मौके पर पहुंचकर घर के बाहर पड़ी टाइल में ढूंढ कर कोबरा सांप को पकड़ लिया और फिर उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया। वेद व्यास कॉलोनी के लक्ष्मीकांत पाराशर ने बताया कि वह घर के बाहर टहल रहे थे, तभी उनकी नजर कोबरा पर पड़ी जो बड़ी तेजी से घर के पास आते ही गेट के नीचे टाइल में घुस गया और आंखे से ओछल होते हुए छुप गया। उन्हें चिंता हुई कि कोबरा कहीं किसी के घर के अंदर ना आ जाए, ऐसी स्थिति में उन्होंने फोन करके रेस्क्यू टीम को बुलाया।

कोबरा के पकड़े जाने के बाद क्षेत्रिय लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं रेस्क्यू करने वाले पुलिसमित्र टीम के स्नेक रेस्क्यूएर व पर्यावरण विशेषज्ञ राजेन्द्र वच्छनी ने बताया कि जिस सांप को पकड़ा है वह स्पेक्टकल कोबरा है। यह बहुत ही जहरीला होता है। इसके काटने से 30 मिनट के अंदर किसी भी व्यक्ति की मृत्यु हो सकती है।

## बीकानेर संभाग में बारिश की संभावना

**बीकानेर,** (कासं)। मौसम विभाग की ओर से जारी अलर्ट में बीकानेर में 19 मार्च तक लगातार तेज हवाओं के साथ आंधी और बारिश की उम्मीद जताई गई है। बीकानेर संभाग के श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू व बीकानेर में तेज बारिश हो सकती है। बादलों की आवाजाही का सिलसिला बीकानेर में पिछले दो दिन से चल रहा है। गुरूवार को भी बीकानेर में तापमान थोड़ा कम हुआ है। बादलवाही के चलते तल्ख धूप अब तक नजर नहीं आई है। बीकानेर से जयपुर तक पूरे रास्ते में बुधवार को भी बादलवाही रही। गर्मी का कहर एक बार फिर बीकानेर पर ही सबसे ज्यादा पड़ने वाला है। अभी मार्च का आधा महीना ही बीता है कि अधिकतम तापमान के मामले में बीकानेर अव्वल आने लगा है।

पिछले चौबीस घंटे में राज्य में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान बीकानेर में 36.6 डिग्री सेल्सियस रहा। पूर्वी और पश्चिमी राजस्थान में इतनी ज्यादा गर्मी कहीं भी नहीं पड़ी। वहीं न्यूनतम तापमान में पश्चिमी राजस्थान में श्रीगंगानगर अव्वल रहा। यहां 17.5 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रहा। आने वाले दिनों में बीकानेर में भी तेज आंधी और बारिश की उम्मीद जताई जा रही है। हालांकि तापमान में कोई खास कमी नहीं आई।


**बालोतरा। बालोतरा डेजर्ट ट्रेडिशनल आर्ट एंड यूथ सेंटर एवं माली ( सैनी ) संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित लोक विरासत -20 वे होली फाग महोत्सव के भव्य रंगारंग समापन समारोह में लोक कला और संस्कृति की सतरंगी छटा से अभिभूत होकर ऐसे झूमे कि मानो लोक कला और संस्कृति के आनंद और उल्लास का इंद्रधनुषी माहौल धरती पर उतर आया हो। संस्था के अध्यक्ष जीवाराम पंवार ने बताया कि राजस्थान की विलुप्त हो रही लोक कला और संस्कृति के उत्थान और विकास को समर्पित इस आयोजन के समापन समारोह का शुभारंभ गुरुवार नरसिंगदास महाराज,समदडी, विवेक व्यास, उपखंड अधिकारी, बालोतरा, महेश बी चौहान, पूर्व सभापति, नगर परिषद, बालोतरा, पूनमचंद सुथार, प्रांतीय मंत्री, संस्कार भारती, वासुदेव गहलोत, धनराज टाक,मोहनलाल चौहान, सांवलराम चौहान, गणपत कच्छवाह ने जन जन के गुरुदेव लिखमीदास महाराज के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर और भीमाराम परिहार एंड पार्टी द्वारा गणेश वन्दना के साथ किया गया। संस्था के सचिव महेंद्र सुन्देशा ने बताया कि आयोजन में संस्था के कला साधकों द्वारा सतरंगी पारंपरिक वेशभूषा तथा डांडियों की खनक व घुंघरुओं की झंकार के साथ चेतन कच्छ्वाह और गोविंद चौहान के नेतृत्व में डांडिया गेर, रण भूमि की याद को ताजा किया।**

## संक्षिप्त

### राशन डीलरों ने धरने में भाग लिया

**सांभरझील, (निसं)।** सांभर तहसील राशन डीलर एसोसिएशन के सदस्यों ने आज अपनी पांच सूत्री मांग को लेकर जयपुर में आयोजित आंदोलन में भाग लिया तथा मांग को लेकर धरने पर बैठे। डीलर अब्दुल सईद ने बताया कि पोस मशीन के रखरखाव के नाम पर की जा रही अवैध वसूली बंद की जाए, 2 प्रतिशत छीजन लागू करने, मानदेय लागू करने, पश्चिम बंगाल मॉडल लागू करने राशन डीलर के साथ सोतेला व्यवहार बंद किया जाए की मांग को लेकर सरकार से आग्रह किया गया है।

### छात्राओं ने शैक्षिक भ्रमण किया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** जीडीएमएल पी जी गर्ल्स पटवारी कॉलेज की छात्राओं ने बुधवार को अजमेर का शैक्षिणक भ्रमण 16 मार्च बुधवार को किया। दल को कॉलेज के सचिव प्रिया शरण पटवारी ने प्रात: 6 बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दल अजमेर में ढाई दिन का झोपड़ा,पुष्कर ब्रह्मा जी का मंदिर, सोनी जी की नसिया, आना सागर झील, पुष्कर जी का मंदिर आदि का भ्रमण किया। भ्रमण दल में कॉलेज व्याख्याता पवन कुमार सैनी ,रामअवतार बर्रा, महेंद्र वर्मा, ममता सैनी व मोना सोनी आदि साथ रहे।

### सैनी समाज चौरासी की बैठक

**चाकसू, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के रामपुरा गांव में स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले माली सैनी समाज विकास परिसर में गुरूवार को माली समाज की आम सभा चौरासी का आयोजन लल्लूलाल सैनी की अध्यक्षता में की गई। बैठक में समिति द्वारा आगामी 5 मई को आयोजित सामुहिक विवाह सम्मेलन को लेकर सहयोग करने वाले भामाशाह का सम्मान किया गया। समिति के अध्यक्ष गिरिराज सैनी ने बताया कि बैठक के दौरान समाज के भामाशाहों द्वारा सामुहिक विवाह सम्मेलन में सहयोग व उपहार को लेकर करीब 10 लाख रूपये की राशि की घोषणा की गई।

### तीन घण्टे बिजली बंद रहेगी

**निवाई, (निसं)।** 132 केवी जीएसएस मालपुरा में अति आवश्यक रखरखाव के कारण दिनांक 17 मार्च को सुबह 8:30 से 11:30 बजे तक पीपलू 132 केवी जीएसएस एवं जीएसएस से निकलने वाले पीपलू एवं बनवाडा 33 केवी के फीडर की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

# केसरिया महापंचायत में शामिल होने के लिए पीले चावल बांटे

**पावटा, (निसं)।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामड़ी गुरुवार को पावटा पहुंचे। इस दौरान क्षत्रिय समाज के लोगों ने पावटा में भामाशाह व समाजसेवी बिशन सिंह शेखावत भोनावास व वाइस चेयरमैन नरपत सिंह के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया।

वहीं क्षत्रिय समाज के लोगों द्वारा बड़नगर, तुलसीपुरा, ठीकरिया,

■ सुखदेव सिंह गोगामेड़ी का जगह-जगह स्वागत किया

कारोली, मंढा, राजनोता, फतेहपुरा, सुदर पुरा ढाढा, कुजेता, भैसलाना सहित विभिन्न जगहों पर माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत-सम्मान किया गया। वहीं सुखदेव सिंह गोगामेड़ी ने बताया कि श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना की ओर से क्षत्रिय समाज की विभिन्न मांगों को लेकर 2 अप्रैल को जयपुर के विद्याधर नगर में केसरिया महापंचायत का आयोजन को लेकर जनसंपर्क कर कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन और पंचायत में शामिल होने के लिए पीले चावल बांटे व लोगों को महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में केसरिया महापंचायत में पहुंचकर सफल बनाने का आव्हान किया।

वहीं सुखदेव सिंह गोगामेड़ी ने केसरिया महापंचायत के उद्देश्यों के बारे में बताया। इस दौरान उन्होंने बताया कि केसरिया महापंचायत में जन कल्याण क्षित्रय बोर्ड का गठन करने, ईडब्ल्युएस में आरक्षण 10 फीसदी से बढाकर 14 फीसदी करने, ओबीसी की तर्ज पर ईडब्ल्युएस धारी सवर्ण वर्ग को पंचायत व निकाय चुनाव में हिस्सेदारी देने, टीएसपी क्षेत्र में चुनाव में रोस्टर प्रणाली अपनाते हुए सभी वर्गों को मौका देने सहित अन्य मांगो को उठाया जाएगा। इस मौके पर बिशन सिंह शेखावत भौनावास, नरपत सिंह शेखावत, राष्ट्रीय करणी सेना तहसील अध्यक्ष बिल्लू राजपूत पावटा, जिला पार्षद भोमाराम गुर्जर, श्रवन सिंह सिरोही, भगवान सिंह गुलाबबाड़ी, महिपाल सिंह, अक्षय सिंह, महेंद्र योगी, लक्ष्मण सिंह राजावत, गजेंद्र सिंह, युवराज सिंह, जितेंद्र सिंह प्रागपुरा, नितेश सिंह, विनोद सिंह, शिवम सिंह, रोहित सिंह, पवन सिंह सहित बड़ी संख्या में राजपूत समाज के लोग मौजूद रहे।



श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामड़ी ( बीच में ) ने पावटा में केसरिया महापंचायत के पोस्टर का विमोचन किया।

## ब्राह्मण महापंचायत की तैयारी बैठक

**दूदू, (निसं)।** 19 मार्च को विद्याधर नगर स्टेडियम जयपुर में आयोजित होने वाली ब्राह्मण महापंचायत को लेकर गणेश मंदिर में महंत महेश चंद शर्मा के सानिध्य में ब्राह्मण समाज दूदू की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें ब्राह्मण समाज के लोगों ने ब्राह्मण महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आव्हान किया। इसके लिए जिम्मेदारियों का बटवारा किया गया साथ ही ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष के निर्वाचन हेतु 18 मार्च 2023 को दाधीच धर्मशाला भोजपुर रोड दूदू में सांय 3:00 बजे अधिक से अधिक संख्या में विप्र बंधुओं के पहुंचने का आव्हान किया गया।

इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष मनोज शर्मा, महामंत्री कन्हैयालाल दाधीच, कोषाध्यक्ष ओम शंकर शर्मा, संरक्षक बजरंग लाल शर्मा, मोहनलाल शर्मा, सूर्य प्रकाश दाधीच, अमित जोशी, पवन कुमार शर्मा, रूप नारायण शर्मा, दीपक गौड़, एडवोकेट भेरूलाल शर्मा, डॉ बुद्धि प्रकाश शर्मा, रामकुमार शर्मा, हितेश शर्मा, वाल्मिक जोशी, अवधेश शर्मा, दीनदयाल शर्मा, देवकीनंदन शर्मा, मोतीलाल शर्मा, अशोक शर्मा, किशनलाल खांडल, दीनदयाल खांडल, पुरुषोत्तम शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, हितेश गौड़, अभिषेक शर्मा, राधेश्याम शर्मा, सहित गणमान्य ब्राह्मण बंधु उपस्थित रहे।

## सात दिवसीय शिविर का समापन

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** बास कृपाल नगर राजकीय कृषि महाविद्यालय में एनएसएम विशेष शिविर के सातवें दिन गुरुवार को कॉलेज परिसर में पंचायत समिति प्रधान बद्री प्रसाद सुमन कॉलेज अधिष्ठता शशि वर्मा की उपस्थिति में समापन समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर रंगोली प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम अधिकारी डा. लक्ष्मण बलाई ने बताया कि गुरुवार को कॉलेज परिसर में सात दिन से अलग-अलग लगे विशेष शिविर का समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान पंचायत समिति किशनगढ बास बद्री प्रसाद सुमन रहे। अध्यक्षता कॉलेज कार्यवाहक कॉलेज अधिष्ठता शशि वर्मा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित सरस्वती वंदना तथा गीतों के साथ किया गया।

सात दिवसीय शिविर में कॉलेज के 59 स्वयं सेवक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। स्वच्छता बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सड़क सुरक्षा आदि को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। धार्मिक सार्वजनिक स्थलों एवं अस्पताल आदि जगहों पर साफ सफाई व झाड़ू लगाकर आमजन मैं जागरूकता का संदेश दिया।

प्रतियोगिता में भगत सिंह टीम प्रथम, कलाम द्वितीय एवं सम्राट तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार लोक नृत्य में संगीता प्रथम राहुल द्वितीय वह अंजू तृतीय स्थान पर रही।

## मनोज नगर मण्डल अध्यक्ष बने

**चौमूं / कालाडेरा, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा के निर्देशानुसार जयपुर जिला देहात (उत्तर) जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा एवं ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष गौरव यादव की सहमति से भाजपा नगर मंडल चौमूं अध्यक्ष गजानंद कुमावत द्वारा नगर मंडल चौमूं ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष पद पर मनोज कुमावत वार्ड नंबर 1, चौमूं निवासी को नियुक्त किया गया है। मनोज कुमावत नगरपालिका चौमूं से पूर्व में पार्षद रह चुके है। मंडल अध्यक्ष गजानंद कुमावत ने नवनियुक्त अध्यक्ष मनोज कुमावत को शीघ्र ओबीसी मोर्चा कार्यकारिणी गठित करने के लिए निर्देशित किया। मनोज कुमावत ने विधायक रामलाल शर्मा सहित पार्टी पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी को संगठनात्मक रूप से मज़बूत करने के लिए पार्टी हीत में सदैव कार्य करते रहेंगे।

# सोलह दिवसीय गणगौर पूजा जारी

**मनोहरपुर, (निसं)।** कस्बे सहित आसपास के गांव में गणगौर पूजन जारी है। गणगौर पूजा में नवविवाहिताएं व युवतियां के पारंम्परिक लोक गीतों की धूम सुनाई दे रही है। सोलह दिवसीय गणगौर पर्व के दौरान विधि-विधान से ईसर-गौर की पूजा अर्चना की जा रही है।

होली के दूसरे दिन से लगातार 16 दिनों तक नवविवाहिता एवं युवतियों द्वारा पूजी जा रही गणगौर पर्व पर शीतला अष्टमी के दिन बुधवार को गणगौर पूजने वाली नवविवाहिता एवं युवतीया गीत गाती हुई कुम्हार के घर पहुंची वहां उन्होंने मिट्टी की इस ईशर व गणगौर बनवाई उसके बाद अब 8 दिनों तक लगातार रात के समय में यह नवविवाहिता एवं युवतियां घडुल्ला निकालेगी एवं घर घर जाकर आएंगी।

वहीं शाहपुरा पंचायत समिति क्षेत्र के गांवों में बुधवार को शीतलाष्टमी बड़ी धूमधाम के साथ मनाई गई इस अवसर पर जगह जगह शीतला माता के मंदिर लोगों व महिलाओं ने पूजा अर्चना कर ठंडे पकवानों से शीतला माता के भोग लगाकर मन्नत मांगी।

गणगौर पूजन के लिए कुंवारी कन्याएं और सुहागिन महिलाएं सुबह में सुंदर वस्त्र, आभूषण पहन कर सिर पर लोटा लेकर बाग़- बगीचों में जाती हैं। वहीं से ताजा जल लोटों में भरकर उसमें हरी-हरी दूब और फूल सजाकर सिर पर रखकर गणगौर के गीत गाती हुई घर आती हैं। इसके बाद मिट्टी से बने शिव स्वरूप ईसर और पार्वती स्वरूप गौर की प्रतिमा और होली की राख से बनी 8 पिंडियों को दूब पर एक टोकरी में स्थापित करती हैं। दूब घास और पुष्प से उनकी पूजा-अर्चना की जाती है। पूरे 16 दिन तक दीवार पर सोलह-सोलह बिंदिया रोली, मेंहदी, हल्दी और काजल की लगाई जाती हैं। दूब से पानी के 16 बार छींटे 16 श्रृंगार के प्रतीकों पर लगाए जाते हैं।



शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में नवविवाहिताएं व युवतियां विधि-विधान से सोलह दिवसीय ईसर-गौर की पूजा अर्चना कर रहीं हैं।

# कलेक्टर ने जिला स्तरीय जनसुनवाई की

**दौसा, (निसं)।** जिला मुख्यालय पर जिला कलेक्टर कमर चौधरी की अगुवाई में की गई जनसुनवाई में ग्राम पंचायत सवासा सरपंच द्वारा जिंदा पोक्सो एक्ट के आरोपी को मरा बताते हुए उसके मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराने की अनुशंसा कर जारी हुई अनुज्ञा की जांच एवं कार्रवाई की मांग को लेकर मामला गूंजा।

सरपंच द्वारा जानबूझकर पोक्सो एक्ट के जिंदा आरोपी को बचाने की गरज के चलते पोक्सो एक्ट के आरोपी के जिंदा होने के बावजूद भी उसका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसील को जारी करने के लिए अनुशंसा कर दी गई थी। पोक्सो एक्ट के जिंदा आरोपी का

■ पोक्सो एक्ट के जिंदा आरोपी की मृत्यु अनुज्ञा का मामला गूंजा

मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसील को अनुज्ञा जारी करने के लिए सरपंच द्वारा की गई अनुशंसा के बाद जारी अनुज्ञा का मामला सामने आते ही जनसुनवाई में एकाएक सन्नाटा छा गया।

वहीं जनसुनवाई में मौजूद जिला प्रमुख हीरालाल सैनी ने इस तरह कृत्य करने वालों पर जिला कलेक्टर को कार्रवाई का आग्रह भी किया गया। पीड़ित द्वारा जिला कलेक्टर द्वारा की गई जनसुनवाई में एक शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि जिस पोक्सो एक्ट के जिंदा आरोपी के सरपंच द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए निर्जरना तहसील अनुशंसा भेजी गई व सरपंच के आरोपी के परिवार से ताल्लुक रखता है।

जनसुनवाई में पीड़ित द्वारा गलत तरीके से जिंदा व्यक्ति की मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने की अनुज्ञा जारी करने की अनुशंसा के साथ सरपंच द्वारा उसके कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों का जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा भौतिक सत्यापन सहित जांच करने की भी मांग की गई है।

## हनुमान जयंती की तैयारी बैठक

**बोराज, (निसं)।** कस्बे में वीर हनुमान सेवा समिति कुण्ड सागर बोराज के तत्वाधान में श्री कुंड सागर बालाजी मंदिर परिसर में हनुमान जयंती समारोह के आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं की बैठक आयोजित की गई। आयोजक समिति के बेनी प्रसाद परिहार ने बताया कि बैठक में 6 अप्रैल को हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव मनाने पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें दोपहर को कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन एवं सांयकाल बालाजी महाराज की झांकी सजाकर शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर सरपंच सुरेंद्र सिंह मीणा ,उपसरपंच राजेश कारगवाल, पूर्व सरपंच प्रेमचंद टेलर ,खेमचंद सिरोहिया ,हंसराज राव, भेरूलाल चौधरी ,राजेंद्र सांखला ,रविंद्र शर्मा, संजय जैन, अनु चौधरी ,घनश्याम,. रामावतार शर्मा आदि उपस्थित रहे ।

# एडीएम ने लोगों का पक्ष सुना

**राजगढ़, (निसं)।** क्षेत्र में प्रशासन गांव के संग अभियान में भूमि आवंटन मामले को लेकर पीड़ित लोगों ने एडीएम के समक्ष अपनी बात रखी। भूमि आवंटन निरस्त करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम एवं भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधियों ने आवंटन यथावत रखने सहित अन्य मांगों को लेकर मांग पत्र एडीएम उत्तम सिंह शेखावत को सौंपा।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने नियम विरुद्ध किए गए आवंटन को निरस्त करने एवं निर्धारित मापदंड के अनुसार किए गए आवंटन के साथ छेड़छाड़ नहीं करने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व कस्बे के मेला चौराहे से सैकड़ों की संख्या में पीड़ित महिला पुरुष भूमि आवंटन निरस्त करने की मांग को लेकर नारेबाजी करते उपखंड कार्यालय पहुंचे। भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधि भी मांगों को लेकर उपखंड कार्यालय पहुंचे। दोनों पक्षों को अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने नियमानुसार कार्यवाही किए जाने का भरोसा जताया। टहला की ओर से किसान यूनियन के नेतृत्व में पीड़ित कोठी नारायणपुर पहुंचे। इधर भूमि निरस्त करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि जिला प्रशासन की ओर से गठित जांच कमेटी ने आवंटनो को गैरकानूनी माना है, इन्हें निरस्त किया जावे नहीं तो मजबूरन पीड़ितों को धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा। दोनों और से मिले ज्ञापन एवं मांग पत्र के बाद अतिरिक्त जिला कलेक्टर उत्तम सिंह शेखावत एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने प्रतिनिधियों को उचित न्याय का आश्वासन दिया।

## प्राइवेट अस्पताल बंद रहे

**पावटा, (निसं)।** हॉस्पिटल्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान उपचार के नेतृत्व में उपखंड पावटा के प्राइवेट हॉस्पिटल राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में पूर्णतया बंद रहे।

जिसमें एसजीएन हॉस्पिटल निदेशक डॉक्टर जयराम यादव, डॉ. सुरेश ठुकरान, गुप्ता हॉस्पिटल निदेशक डॉ. रवि अंजली गुप्ता, जयपुर हॉस्पिटल के डॉ. अमन महलावत, मैक्स संजीवनी हॉस्पिटल के डॉ. सुरेंद्र यादव, संतोष आई हॉस्पिटल के डॉ. संदीप कुमार, सिद्धि विनायक हॉस्पिटल डॉ. हेमंत यादव, श्री श्याम हॉस्पिटल डॉ. इंद्रा अग्रवाल, राजस्थान हॉस्पिटल डॉ. नवनीत सिंह सहित मौजूद चिकित्सकों ने राइट टू हेल्थ बिल से होने वाले मरीज तथा डॉक्टरों को तकलीफ के बारे में चर्चा करते हुए एकमत होकर निर्णय लेते हुए बताया कि राइट टू हेल्थ बिल समाज विरोधी है। चिकित्सक समुदाय उसका विरोध करता है और यदि सरकार बिल वापस नहीं लेती तो गुरुवार से ही चिरंजीवी एवं आरजीएचएस का पूर्ण बहिष्कार करते हैं।

# पैदल गस्त कर अपराध मुक्त वातावरण का संदेश दिया

**मंडावरी, (निसं)।** मंडावरी कस्बे में डिप्टी एसपी अरविंद गोयल के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों द्वारा शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों में पैदल गस्त कर अपराध मुक्त वातावरण का संदेश दिया गया।

डिप्टी एसपी अरविंद गोयल के नेतृत्व में मंडावरी कस्बे में पहली बार पुलिस की पैदल गस्त देखी गई। इससे पहले कभी थाना पुलिस द्वारा मंडावरी के गली मोहल्लों में पैदल गस्त नहीं

■ मंडावरी में पहली बार पैदल गस्त हुई

की थी। पुलिस पैदल गस्त के अभाव में मंडावरी शहर के अंदरूनी क्षेत्र में असामाजिक तत्वों की कदमताल बढ़ गई थी। वहीं अपराधिक घटनाओं में भी इजाफा देखा जा रहा था।

क्षेत्र में बढ़ते अपराधों की संख्या को लेकर स्थानीय लोग खुद को असुरक्षित महसूस करने के साथ खासकर महिला वर्ग घर से भी निकलने में परहेज करता नजर आता था। वहीं मंडावरी में थाना पुलिस गस्त का अभाव एवं पुलिस की स्थाई गैर मौजूदगी को लेकर लोगों द्वारा कई बार चिकित्सा मंत्री प्रसाद लाल मीणा को भी शिकायत की थी। मंत्री मीणा द्वारा मंडावरी कस्बे के लिए पुलिस के स्थाई जाब्ता तैनात करने के निर्देश भी दिए थे लेकिन अब तक मंडावरी कस्बे में पुलिस का स्थाई जाप्ता नहीं लग पाया है।



मंडावरी कस्बे में पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार गोयल ( बाएं से दूसरे ) ने पैदल गश्त की।

## स्कूल को 11 लाख रुपए का सहयोग दिया

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम गोरधनपुरा ग्राम के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सभा भवन के लिए भामाशाह ने 11लाख रुपए का आर्थिक सहयोग किया। विद्यालय परिवार द्वारा भामाशाहों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें गोरधनपुरा निवासी स्वर्गीय मुरलीधर पारीक की स्मृति में उनके पुत्रों द्वारा आर्थिक सहयोग दिया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक चौधरी ने सभी आए हुए अतिथियों का सम्मान व आभार व्यक्त किया। इस दौरान रामेश्वर लाल पारीक,ओमप्रकाश पारीक, रामकिशन पारीक, गिरधारी लाल पारीक, सीएमए हरेंद्र कुमार पारीक सहित उनके परिवार जन के सदस्य, भंवर दान सिंह सत्यनारायण शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके साथ ही भामाशाह से प्रेरित होकर सत्यनारायण शर्मा ने डिजिटल क्लासरूम के लिए 39 हजार,मोहनलाल देवंदा द्वारा जल मंदिर के लिए 39हजार, बालिकाओं के शौचालय के लिए स्टाफ द्वारा 80हजार का आर्थिक सहयोग देने की घोषणा की।

## सार-समाचार

### स्वामी लीलाशाह की जयंती मनाई



**खैरथल, (निसं)।** समीपवर्ती वल्लभग्राम में पहाड़ों की तलहटी में स्थित स्वामी लीलाशाह की कुटिया पर गुरुवार को आयोजित जयंती महोत्सव श्रद्धा और उल्लास से मनाया गया। सुबह हवन, आरती व ध्वजारोहण से शुरू हुए स्वामी लीलाशाह के 143वें जन्मोत्सव पर देर रात तक भी श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी रहा। स्वामी लीलाशाह सेवा समिति के प्रवक्ता जाजन मूलानी ने बताया कि ध्वजारोहण के बाद कन्या वंदन व भोजन के बाद आम भंडारा में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर मंदिर में स्वामी लीलाशाह महाराज की गुफा व दरबार में शीश नवाते हुए मन्नतें मांगी। इस अवसर पर इस्माइलपुर दरबार के संत शिरोमणि कल्याण सांई व सहयोगियों ने भजनों की सरिता में श्रोताओं को जमकर डुबकियां लगाने के साथ अपने प्रवचनों से मंत्रमुग्ध कर दिया। सांयकाल में सभी अनुयाइयों द्वारा विशाल केक काटकर स्वामी लीलाशाह के जन्मोत्सव की बधाइयां दी, इसके बाद महाआरती व प्रसाद वितरण किया गया। बाहर से आए श्रद्धालुओं को को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। महोत्सव में स्वामी लीला शाह सेवा समिति के सभी सदस्यों के अलावा व्यापारियों व स्वयंसेवकों ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया।

### रोड लाइट कनेक्शन जोड़ने के निर्देश

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** नगरपालिका चौमूं के बकाया बिलों को लेकर विद्युत विभाग द्वारा रोड लाइटों के काटे गए कनेक्शनों से पिछले दो दिनों से शहर की सड़कों पर पसरे अंधेरे को लेकर विधायक रामलाल शर्मा की प्रयासों के बाद आज से विद्युत विभाग द्वारा पुन: कनेक्शन चालू किए जाएंगे। विधायक रामलाल शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बुधवार को राजस्थान विधानसभा में विद्युत विभाग द्वारा काटे गए कनेक्शनों का मामला उठाया था और सरकार को इस ओर तत्काल ध्यान देने के लिए माँग की थी। इसके बाद गुरुवार को विधायक रामलाल शर्मा ने जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित से मिलकर नगर पालिका चौमूं में रोड लाइटों के कनेक्शन काटने के मामले को लेकर मुलाक़ात की। इस पर जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी जितेन्द्र मीणा और विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता विमल माचीवाल को तत्काल रोड लाइटों के कनेक्शन पुन: जोड़ने के लिए निर्देशित किया और विधायक रामलाल शर्मा को आश्वस्त किया कि आज से रोड लाइटें पुन: शुरू कर दी जाएगी। जिससे शहर की सड़कों पर पसरे अंधेरे से शहरवासियों को मुक्ति मिलेगी।

### जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया

**निवाई, (निसं)।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक दिवस अनेक धार्मिक अनुष्ठान के साथ मनाया गया। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि श्री दिगम्बर जैन बडा मंदिर जी में जितेश गिन्दोडी के मंत्रोचार के साथ बंटी झांझरी, नवीन खंडवा, अतुल ठोलिया, विमल सोगानी सहित कई श्रद्धालुओं ने मूलनायक भगवान आदिनाथ का कलशाभिषेक करके विश्व में शांति की कामना के लिए श्रद्धालुओं ने महा शांतिधारा की। गुरुवार को जन्म कल्याणक के अवसर पर सामूहिक जिनेन्द्र आराधना संस्था के अध्यक्ष मनोज पाटनी, मंत्री सुनील भाणजा, संरक्षक विमल सोगानी एवं संरक्षक प्रेमचन्द सोगानी ने भगवान आदिनाथ के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। इस दौरान सभी श्रद्धालुओं ने भगवान आदिनाथ के साथ नित्य नियम की पूजा अर्चना की । इस दौरान सभी जैन मंदिरों में भगवान आदिनाथ की पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किए गए। जौंला ने बताया कि णमोकार महामंत्र पाठ भक्तामर के पाठ मूलनायक भगवान आदिनाथ चालीसा के साथ महावीर वन्दना का उच्चारण किया गया।

### शिक्षक संघ ने ज्ञापन सौंपा

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) उपशाखा श्रीमाधोपुर जिला सीकर ने गुरुवार 16 मार्च को "हमें पढ़ाने दो"गैर शैक्षिणक कार्यों का करेंगे बहिष्कार करने की चेतावनी लिखा ज्ञापन नायब तहसीलदार व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को दिया। उप शाखा श्रीमाधोपुर अध्यक्ष बाबूलाल सैनी एवं मंत्री शंकरलाल खोखर ने बताया कि शिक्षक संघ शेखावत प्रांतीय आव्हान पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान व मुख्य सचिव के आदेशों की पालना करते हुए ब्लाक के शिक्षक बीएलओ सहित सभी प्रकार के गैर शैक्षिक कार्यों का करेंगे बहिष्कार करने की मांग ज्ञापन में की गई है। संगठन ने ज्ञापन में लिखा है कि बीएलओ सहित सभी गैर शैक्षिणक कार्यों से शिक्षकों को मुक्त किया जावे नहीं तो संगठन बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगा। ज्ञापन देते समय ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल सैनी व मंत्री शंकरलाल खोखर, झाबरमल सैनी, सुशील कुमार सैनी, घासीराम सैनी, मुरलीधर भावरिया एवं अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के डाबला रोड स्थित श्रीमती पाना देवी मोरीजावाला राजकीय कन्या महाविधालय में गुरूवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों ईकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. भावना चौधरी ने बताया कि स्वयंसेविकायें समाज में जागरूकता का संदेश देते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भुमिका निभा सकती है। प्रो. प्रिया खंगरावत ने समाज और पर्यावरण जागरूकता की वर्तमान स्थिति पर व्याख्यान दिया। संचालन प्रो. विमल कुमार यादव ने किया। स्वयंसेविकाओं द्वारा महाविधालय परिसर में साफ-सफाई कर पौधों में पानी डाला गया। प्रो. प्रतिभा पोषवाल ने धन्यवाद् ज्ञापित किया। इस दौरान महाविधालय स्टॉफ व छात्रायें मौजूद रही।

### हाथ से हाथ जोड़ो अभियान जारी

**कोटपूतली, (निसं)।** हाथ से हाथ जोडो अभियान के तहत कांग्रेस नेता, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता व पदाधिकारी प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पद यात्रा कर गाँव व ढ़ाणी तक आमजन के बीच भारत जोडो यात्रा के संदेश के साथ-साथ कांग्रेस पार्टी की नीतियों व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवा रहे हैं। कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में भी उक्त अभियान निरन्तर जारी है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को कोटपूतली ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया लाल सैनी के नेतृत्व में ग्राम चूरी व कायमपुराबास में घर-घर पद यात्रा निकालकर पत्रकों का वितरण किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा झण्डा लेकर अपार जोश, उत्साह व उल्लास के साथ पद यात्रा निकालते हुए देश भक्ति के नारे भी लगाये।

### बालाजी महाराज का मेला आज

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम जोरावर नगर में बालाजी महाराज का मेला शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा। बालाजी महाराज मंदिर के विकास पारीक ने बताया कि मेले के दौरान स्टेशन रोड पर खाली जगह पर कुश्ती प्रतियोगिता, बालीबाल प्रतियोगिता व अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। मेले में लगने वाली स्टॉल, झूले, बच्चों के झूले, चकरी झूले, और खरीददारी के लिए सजी हुई दुकाने आकर्षण का केंद्र रहेंगी। बताया गया है कि बालाजी के मंदिर का मेला पिछले कई वर्षो से भरता चला आ रहा है जहां काफी संख्या में आसपास के लोग उपस्थित होकर बालाजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। शुक्रवार सुबह बालाजी को पंचामृत स्नान कराकर भोग लगाया जाएगा और प्रसाद भी वहां उपस्थित ग्रामीणों में वितरित किया जाएगा।

### स्वयं सेवकों ने श्रमदान किया

**निवाई, (निसं)।** स्थानीय महाविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर कार्यक्रम अधिकारी डॉ.सुमन के नेतृत्व में स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय परिसर में श्रमदान किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सुमन ने बताया कि शिविर के दूसरे दिन स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय के बाह्य एवं आन्तरिक परिसर सहित महाविद्यालय की छत पर सफाई की एव सडक सडक सुरक्षा पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लिया। इस दौरान सभी सकाय एवं कई स्वयं सेवक मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### जिला महासचिव बनने पर बधाई दी

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** नीमराना ग्राम पंचायत के राष्ट्रपति निर्मल ग्राम पंचायत से सम्मानित पूर्व सरपंच अशोक मुद्गल को जिला कांग्रेस कमेटी अलवर का जिला महासचिव बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं प्रेषित कर प्रसन्नता व्यक्त की। शांति एवं अहिंसा प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष मौजी राम यादव ने बताया कि अलवर जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा के द्वारा उपाध्यक्ष तथा जिला महासचिव व सचिव की घोषणा करते हुए अशोक मुद्गल को जिला महासचिव नियुक्त किया जाने पर कस्बे में खुशी की लहर छा गई। वहीं कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर खुशी व्यक्त की तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली व योगेश मिश्रा का आभार व्यक्त किया।


अशोक मुद्गल

### मो. फरीद टोंक शहर अध्यक्ष नियुक्त

**टोंक, (निसं)।** राजस्थान प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार एवं पूर्व उप-मुख्यमंत्री टोंक विधायक सचिन पायलट की अनुशंसा पर अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष युसूफ इंजिनियर ने टोंक शहर अध्यक्ष पद पर मो. फरीद (टोपीवाले) पुरानी को नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर पी.सी.सी. सदस्य सऊद सईदी, सभापति अली अहमद, दिनेश चौरासिया, ब्लॉक अध्यक्ष इरशाद बेग, मणिन्द्र बैरवा, अहसान बाबा, अख्तर सुलेमान, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अजीज कुरेशी, अनवर आदिल, अख्तर पार्षद, इम्तियाज खान के अलावा सभी कांग्रेस जनों ने शुभकामनाऐ दी तथा प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का आभार व्यक्त किया है।


मो. फरीद

### वसुंधरा व पूनम सम्मानित

**टोंक, (निसं)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह के समापन पर जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता द्वारा इंदिरा महिला शक्ति प्रोत्साहन एवं सम्मान योजना के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला प्रमुख सरोज बंसल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी देशलदान, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एडीजे रूबीना परवीन अंसारी, उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग सरोज मीणा, महिला अधिकारिता विभाग सहायक निदेशक मैरिगटन सोनी द्वारा शिव शिक्षा समिति रानोली से किशोरी फेडरेशन की सदस्य वसुंधरा प्रजापत एवं समन्वयक पूनम जोनवाल को सम्मानित किया गया।

### तीन घंटे विद्युत कटौती रहेगी

**मालपुरा, (निसं)।** जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड कार्यालय मालपुरा के सहायक अभियंता कदम वशिष्ट ने बताया कि केकडी रोड जीएसएस पर विधुत लाईनों के आवश्यक रखरखाव कार्यों के चलते शुक्रवार को प्रात: साढे आठ बजे से साढे ग्यारह बजे तक सम्पूर्ण मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र में विद्युत कटौती रहेगी।

### 40 लाख रूपये के विकास कार्य स्वीकृत

**टोंक, (निसं)।** पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट ने अपने निर्वाचन क्षेत्र टोंक की ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के लिए "विधायक स्थानीय विकास कोष" से 40 लाख रूपये की स्वीकृति जारी की है। ग्राम पंचायत पालडा के ग्राम नवाबपुरा के एस.टी. मौहल्ले में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख रूपये, ग्राम पंचायत घांस के राउमावि खजूरिया में तीन अतिरिक्त कक्षा कक्ष निर्माण कार्य हेतु 15 लाख रूपये तथा ग्राम पंचायत बमोर के राउमावि बमोर में पुस्तकालय सभागार निर्माण कार्य हेतु 15 लाख रूपये की स्वीकृति जारी की है। उक्त स्वीकृति जारी करने पर पीसीसी सदस्य सउद सईदी, टोंक प्रधान सुनीता गुर्जर, निवर्तमान जिला कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मण गाता, जिला उपाध्यक्ष दिनेश चौरसिया, सुनील बंसल, सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज गुर्जर, पालडा सरपंच मौसमी मीणा, घांस सरपंच मुकेश गुर्जर, बमोर सरपंच पार्वती जाट सहित समस्त कांग्रेसजनों ने पायलट का हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

# प्रिंसीपल पर जानलेवा हमला करने वालों को गिरफ्तार करने की मांग

**मालपुरा, (निसं)।** संयुक्त शिक्षक संघर्ष समिति के बैनर तले सैंकड़ों शिक्षकों ने गुरूवार को पंचायत समिति से कोर्ट परिसर तक आक्रोश रैली निकाल जमकर प्रदर्शन व नारेबाजी करते हुए इंदोली प्रिंसीपल पर जानलेवा हमले के आरोपियों की सात दिन में गिरफ्तारी नहीं होने पर बोर्ड परीक्षाओं के बहिष्कार व आंदोलन की चेतावनी दी।

■ संयुक्त शिक्षक संघर्ष समिति ने एस.डी.एम. व ए.एस.पी. को ज्ञापन सौंप बोर्ड परीक्षाओं के बहिष्कार की चेतावनी दी


संयुक्त शिक्षक संघर्ष समिति के बैनर तले शिक्षकों ने एस.डी.एम. (बीच में) को ज्ञापन सौंपाकर बोर्ड परीक्षाओं के बहिष्कार की चेतावनी दी।

शिक्षक नेता जतन लाल जाट के नेतृत्व में सैंकडों शिक्षकों ने एसडीएम व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार बैरवा को सौंपे गये ज्ञापन में अवगत करवाया कि 15 मार्च को लठेतो ने इंदोली प्रिंसीपल रामु लाल जाट की कार को रोक जानलेवा हमला करते हुए कार को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर प्रिंसीपल व उनके साथ कार में सवार हिंडोला प्रिंसीपल भंवर जाट पर भी हमला कर दोनों को घायल कर रामु जाट का मोबाईल छीन मौके से फरार हो गये।

हमलावरों के विरूद्ध मालपुरा थाने में मामला दर्ज करवाये जाने तथा हमले का वीडियो पुलिस को उपलब्ध करवाने के बावजूद जांच अधिकारी हमलावरों की गिरफ्तारी करने में शिथिलता बरत रहे हैं। इसके विरोध में मालपुरा ब्लॉक के शिक्षक उग्र आंदोलन कर बोर्ड परीक्षाओं का बहिष्कार करेंगे। शिक्षकों के आक्रोश व मांगों को देखते हुए एएसपी राकेश कुमार बैरवा ने जल्द हमलावरों की गिरफ्तारी का विश्वास दिलाया। इस दौरान राजेन्द्र सैनी, शिवराज च्यवन गौड, बनवारी लाल वर्मा, संजय शर्मा, सियाराम शर्मा, अब्दुल लतीफ मालपुरा, मनोज जैन, रामकिशन सैनी, धर्मेन्द्र जैन, गोपाल जाट, गिरधर शर्मा, रामजीलाल बैरवा, प्रियंका, मिनाक्षी सहित सैंकडो शिक्षक व शिक्षिकाए मौजूद रहे।

## प्रदेशाध्यक्ष पूनिया का स्वागत किया

**चाकसू, (निसं)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया गुरुवार को एक दिवसीय भरतपुर दौरे पर रहे इस दौरान जयपुर से भरतपुर जाते समय पूर्व संसदीय सचिव व चाकसू विधानसभा के पूर्व विधायक लक्ष्मीनारायण बैरवा ने प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया का माला व साफा पहनाकर कार्यकर्ताओं के साथ गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया। इस दौरान पूर्व विधायक लक्ष्मीनारायण बैरवा ने प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया को तलवार भी भेंट की। इस अवसर पर पूनिया ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और 2023 में राजस्थान प्रदेश में भाजपा का कमल खिलाने का संकल्प दिलवाया। उन्होंने कहा कि हमने वर्तमान सरकार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन और उनकी गलत नीतियों का विरोध किया है। लेकिन अभी भी पीछा नहीं छोड़ना है। जब तक हम इस सरकार को भगा नहीं देंगे तब तक चैन से नहीं बैठना है। इस दौरान भाजपा देहात मंडल अध्यक्ष भूणाराम गुर्जर, विधि प्रकोष्ठ के सह संयोजक अर्जुन सिंह हिंगोनिया, सरदार सुरेंद्र सिंह, गणपत पूनिया कजोड चौधरी शंकर मदन आकोड़िया विक्रम सिंग तमड़िया सुरेन्द्र बैरवा अशोक सी आर प्रभु चौधरी दुर्गशंकरजी पहाड़िया जैनारायण पटवारी श्रीराम जी दयपुरा कोटखावदा प्रदान प्रह्लाद मीना आकोड़िया सरपंच अर्जुन मीना जितेंद्र व्यास राजेंद्रजी गोस्वामी जी चेतराम सेनी सहित चाकसु भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डीजे पर नाचने को लेकर हुआ झगड़ा

**नारायणपुर, (निसं)।** बुधवार देर रात्रि को डीजे पर नाचने को लेकर कुछ लोगों में आपस में झगड़ा हो गया। जिस पर पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। एएसआई राम कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत खरखडी कला के गांव बास भूरिया में आयोजित कुआं पूजन समारोह में कुछ लोग डीजे पर डांस कर रहे थे। डीजे पर गाना चेंज करवाने को लेकर आपस में झगड़ा हो गया, झगडे में कुछ लोगों के चोट आई हैं। जिनका उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर अजय (20) पुत्र गुट्टा राम जाति जाट निवासी आड़ी गैली चतरपुरा, अभय (22) पुत्र बनवारी लाल जाति गुर्जर निवासी कटारिया का बास हरसोरा हाल निवासी खोहरी बानसूर, योगेश (21) पुत्र किशोरी लाल जाति जाट निवासी आड़ी गैली चतरपुरा, शिवराज सिंह (36) पुत्र अभय सिंह जाति राजपूत निवासी बास भूरिया खरखडी कला, विरेंद्र सिंह (18) पुत्र श्रवण सिंह जाति राजपुत्र निवासी बास भूरिया खरखडी कला को शांतिभंग में गिरफ्तार किया हैं।

## शारदा को आयरन लेडी अवार्ड मिला

**नरैना, (निसं)।** मेरा अधिकार एवं विकास फाउंडेशन ट्रस्ट अलवर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाज में अनुकरणीय कार्य करने वाली महिलाओं को आयरन लेडी अवार्ड से सम्मानित किया। जिसमें जयपुर से विकासोन्मुख संस्थान नरैना की प्रोग्राम समन्वयक शारदा सैनी को इस अवार्ड से सम्मानित किया गया। राजेश मालाकार ने बताया कि सैनी ने संस्था के साथ मिलकर महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए हर घर किचन गार्डन अभियान चलाया अभी हाल ही में इनके द्वारा किचन वेस्ट से तैयार खाद की प्रदर्शनी महाराष्ट्र के वर्धा में लगी मुंबई के सहायक ट्रस्ट से इनको जैविक पोषण वाटिका में मास्टर ट्रेनर भी बनाया गया है।

# परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण करें : कलेक्टर

■ जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई

**अलवर, (निसं)।** त्रि-स्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में आज जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई।

जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि कार्यालय में आई परिवेदनाओं का गुणवत्ता के साथ त्वरित निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि टीम भावना के साथ संवेदनशील रहकर आमजन की परिवेदनाओं का निराकरण करें। यदि प्रकरण कार्यालय से संबंधित नहीं होवे तो परिवादी को इस संदर्भ में जानकारी देवे। अनावश्यक रूप से प्रकरण के निस्तारण को लम्बित रखने व लापरवाही सामने आने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जनसुनवाई के दौरान फरियादी को ससम्मान कुर्सी पर बैठाकर जिला कलेक्टर ने उनकी परिवेदनाओं को सुना।

जिला कलेक्टर के समक्ष जिलेभर से आए 265 फरियादियों ने अपनी परिवेदना प्रस्तुत की जिनमें मुख्य रूप से राजस्व, यूआईटी, पंचायती राज, जलदाय विभाग, विद्युत, नगर परिषद, पुलिस, रसद, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, चिकित्सा, श्रम विभाग आदि की परिवेदनाएं थी। जनसुनवाई में मुण्डावर व ग्राम जालपीवास में आम रास्ते पर अतिक्रमण हटाने, खैरथल की नानक कॉलोनी में मकान व दुकान पर अतिक्रमण हटवाने, टपूकडा के ग्राम कारौली में भूमि दिलवाने, लक्ष्मणगढ के मूर्ति मंदिर में अतिक्रमण हटाने, अलवर के फौजी कॉलोनी में प्लॉट पर अतिक्रमण हटाने, वार्ड नं. 25 लालडिग्गी अलवर में रास्ते पर अतिक्रमण हटाने, नवलपुरा गांव में कुआं खेलकुण्डा रास्ता व धार्मिक स्थान पर अतिक्रमण हटाने, अलवर के प्रताप ऑडिटोरियम के सामने अतिक्रमण हटाने, मालाखेडा के ग्राम हरिपुरा में अवैध निर्माण हटाने, गोविन्दगढ के ग्राम रामबास में आम रास्ते व मंदिरमाफी की भूमि से अतिक्रमण हटाने, ग्राम चांदौली में खेतों पर से अतिक्रमण हटाने, अलवर के वार्ड नं. 63 के प्रार्थियों को पट्टा दिलाने, प्रतापबास में भू-अभिलेख ठीक कराकर पट्टा दिलाने, मूंगस्का के प्रार्थी का लेआउट प्लान जारी करने, सामोला के कच्ची बस्ती वार्ड नं. 38 में प्रार्थी को पट्टा जारी करने, रामगढ के बाम्बोली में कृषि भूमि में रास्ता राजस्व रिकॉर्ड में सही दर्ज कराने की परिवेदनाएं आई।

# केवल चंद गुलेचा अध्यक्ष बने

■ राजस्थान स्वायत शासन संस्था की बैठक

**जयपुर, (निसं)।** गुरुवार को टोंक रोड स्थित राजस्थान स्वायत शासन संस्था की साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश के करीब ढाई सौ से अधिक शहरी निकाय से वर्तमान एवं पूर्व अध्यक्ष सभापति एवं महापौर आदि द्वारा भाग लिया गया।

इस साधारण सभा की बैठक के बाद सर्वसम्मति से राजस्थान स्वायत्त संस्था जयपुर के अध्यक्ष पद पर पुण: केवल चंद गुलेच्छा को अध्यक्ष के रूप में घोषित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष केवल चंद गोलेछा द्वारा प्रदेश भर से आए निकायों के अध्यक्ष पूर्व अध्यक्ष जनप्रतिनिधियों आदि का आभार व्यक्त किया गया।

गुलेच्छा ने कहा कि राजस्थान स्वायत शासन महाविद्यालय को और प्रगति की ओर ले जाने की दिशा में विशेष रूप से प्रयास करने का निर्णय लिया गया इनके लिए एक और ओडोटोरियम के निर्माण की भी घोषणा की गई।

वहीं अध्यक्ष गुलेच्छा ने पुनः निर्वाचित होने को लेकर उपस्थित सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए संस्था के लिए सहयोग कर संस्था को नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर होने का भी विश्वास व्यक्त किया गया। वहीं केवल चंद गुलेच्छा का संस्था के उपाध्यक्ष दिनेश मिश्र के नेतृत्व में भव्य स्वागत भी किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्थान स्वायत्त संस्था के उपाध्यक्ष दिनेश मिश्र ने कहा कि यह संस्था यहां आने वाले युवाओं के स्किल डेवलपमेंट सहित उनको स्वरोजगार सहित सरकारी नौकरियों तक जाने के लिए दी जाने वाली ट्रेनिंग के लिए महत्वपूर्ण स्थान रखती है।

राजस्थान स्वायत शासन संस्था की प्रदेश स्तरीय साधारण सभा बैठक के दौरान संस्था के सचिव सेवानिवृत्त आईएएस प्रदीप कुमार बोरड दिनेश मिश्रा उपाध्यक्ष मन्त्री कैलाश शर्मा विधायक अमित चचाण विधायक अनिल शर्मा पूर्व अध्यक्ष नोहर पूर्व अध्यक्ष सरदार शहर राजीव अग्रवाल महापौर कोटा दक्षिण मंजु मेहरा महापौर नगर निगम कोटा उत्तर अभिजित कुमार महापौर भरतपुर जीवन खान सभापति सीकर अशोक टांक सभापति राजसमंद मनीष राठी सभापति नाथद्वारा मीतू बोथरा सभापति नागौर आशा नामा अध्यक्ष मालपुरा इंद्रा बैरवा सभापति बंदीकुई नारायण झांवर अध्यक्ष नोखा आदि शहरी निकायों से जुड़े जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

## एस.पी. राजर्षि राज को शुभकामनाएं दी

**टोंक, (निसं)।** सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारी कल्याण संस्थान के तत्वावधान में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी कर्मचारियों ने गुरुवार को जिलाध्यक्ष वृद्धि चंद गुर्जर सेवानिवृत्त पुलिस उप अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें टोंक पुलिस कप्तान के रूप में पदस्थापन की बधाई देते हुए होली की शुभकामनाएं दी तथा होली के अवसर पर जिले में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिये किये गये प्रयासों की तथा गावडी गांव में हुये महिला के मर्डर को खोलने की बधाई दी।

इस मौके पर सेवानिवृत पुलिसकर्मियों ने पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज से संगठन के लिए पुलिस लाईन में कार्यालय उपलब्ध कराने एवं पुलिस लाईन में रक्तदान शिविर का आयोजन कर पुलिसकर्मियों के लिए आपातकालीन स्थिति में ब्लड बैंक में रक्त आरक्षित रखने की मांग की गई। इस पर पुलिस अधीक्षक ने बडे स्नेह व आत्मीयतापूर्ण व्यवहार करते हुए यथासंभव उपरोक्त समस्यओं को पूरा करने का आश्वासन देते हुए कहा कि आप सभी हमारी पुलिस टीम के सदस्य रह चुके हो, आपकी कोई भी समस्या हो आप मेरे संज्ञान में ला सकते हैं। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं सेवानिर्वत्त पुलिस निरीक्षक प्रेम रघुवंशी, महामंत्री जाहिद मियां सहित भगवान सिंह, जगदीश गोदारा, मुन्ना साहू, जाकिर मियां, हरिप्रसाद शर्मा, फतेह लाल गुर्जर, बालकिशन शर्मा, रामजीलाल किशन सिंह, परमानंद, मोहम्मद अली, राधा किशन, जियाउद्दीन, सुंदरलाल, शंकर बराला एवं राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# शहरी नरेगा से हो रहे सौंदर्यीकरण से शहर का स्वरूप निखरा

**लालसोट, (निसं)।** नगर पालिका क्षेत्र लालसोट में इंदिरा गांधी शहरी नरेगा योजना के तहत शुरू किए गए सौंदर्यीकरण के कार्य से नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न जगहों का स्वरूप निखरता नजर आ रहा है।

वहीं पालिका अध्यक्ष रक्षा मिश्र स्वयं इन कार्यों का व्यक्तिगत पर्यवेक्षण कर शहर की स्वच्छता व सुंदरता को गति देने का प्रयास कर रही है। शहरी नरेगा योजना के अंतर्गत शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छ भारत कार्यक्रम से जुड़े नारे लेखन एवं चित्र पेंटिंग आदि का कार्य बडे पैमाने पर किया जा रहा है। शहर का सौंदर्यीकरण और बडे एवं स्वच्छता के प्रति स्थानीय शहरवासी ज्यादा जागरूक को इसी को लेकर एसडीएम विजेंद्र मीणा एवं नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सीमा चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से नगरपालिका के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर किए जा रहे स्वच्छता संदेशों नारा लेखन एवं विभिन्न सकारात्मक कार्यों को लेकर पेंटिंग द्वारा दिए जा रहे संदेशों का अवलोकन किया गया। वहीं एसडीएमएम अधिशासी अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से इन सरकारी संदेशों को सामाजिक संदेश बनाने एवं बडे पैमाने पर स्वच्छता का संदेश जाए इसे लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश स्वच्छ भारत में कार्य कर रही टीम को दिए गए। एसडीएम मीणा अधिशासी अधिकारी चौधरी द्वारा कैमरी तलाई शेडुलाई तलाई महिला कुआं तलाई खुदाई होममेड बनाने का काम श्मशान घाट कब्रिस्तान रंगाई पुताई कार्य राजकीय कार्यालय भवन दीवारों पर रंगाई पुताई सुंदर आकर्षक चित्रकारी स्लोगन आदि चल रहे कार्यों का जायजा भी लिया।

■ एस.डी.ओ. एवं ईओ ने जायजा लिया



लालसोट नगर पालिका क्षेत्र में इंदिरा गांधी शहरी नरेगा योजना से चल रहे सौन्दर्यीकरण कार्य का एस.डी.एम. विजेंद्र मीणा (दांए) व ईओ सीमा चौधरी (बांए) ने जायजा लिया।

## होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**बस्सी, (निसं)।** बस्सी विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी एवं जनसेवक डॉ. अजय मीणा की ओर से गुरुवार को गोनेर के पास सिरोली गांव में होली स्नेह मिलन समारोह एवं जन्मदिन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

समारोह में विधानसभा क्षेत्र के कोने-कोने से बड़ी तादाद में पहुंचे समर्थकों एवं बीजेपी कार्यकर्ताओं ने डॉ अजय मीना को 37 में जन्मदिन की बधाई दी। डॉ अजय मीणा ने आए हुए समर्थकों एवं शुभचिंतकों से मेल मिलाप करते हुए उनसे संवाद स्थापित कर क्षेत्र की हर समस्या और उसके समाधान पर बात की। इसके साथ ही अजय ने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र के लोगों के लिए वह हमेशा हर परिस्थिति में खडे मिलेंगे। इस दौरान राजस्थान यूनिवर्सिटी के हरफूल चौधरी, पूर्व अध्यक्ष पूजा वर्मा, रोशन मुंडोतिया, हीरा लाल मीणा के अलावा अजय सिंह धीरावत, विकास चौधरी, हितेश यादव, कोमल मोहनपुरिया, दिलीप खंडेलवाल, महेश चौधरी, राहुल शर्मा, प्रकाश मीणा, सीताराम ध्यावणा समेत हजारों की संख्या में युवा, बुजुर्ग एवं अन्य मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### एडिशनल एस.पी. सम्मानित



**फुलेरा/नरैना, (निसं)।** पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा के द्वारा जयपुर घाट गेट स्थित 5 वीं बटालियन के परेड ग्राउण्ड में पुलिस विभाग में श्रेष्ठ कार्यों के लिए सम्मान समारोह का किया गया। जिसमें कई पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में जयपुर ग्रामीण के दूदू में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात दिनेश शर्मा को भी उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए डीजीपी डिस्क रोल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विशाल बंसल और आर्म्स बटालियन के महानिरीक्षक लता-मनोज कुमार उपस्थित रहे। एडिशनल एसपी शर्मा को सम्मानित होने पर दादूधाम पीठाधीश्वर गोपाल दास महाराज, सी एम सलाहकार एवं दूदू विधायक बाबूलाल नागर, फुलेरा विधायक निर्मल कुमावत, दूदू सरपंच संघ अध्यक्ष भंवरी देवी भांखर, साखून सरपंच प्रेम देवी माली, ग्राम सेवा सहकारी समिति नरैना अध्यक्ष हृदयसुमन पारीक, भाजपा नेता सुनील पारीक सहित अनेक जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने दिनेश शर्मा को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### एन.एस.एस. शिविर का समापन

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में गुरूवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। प्राचार्या डॉ. उर्मिल महलावत के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने वृक्षारोपण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण व विभिन्न सामाजिक बुराईयों के बारे में जागरूकता फैलाई तथा देश व समाज की उन्नित के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के ध्येय वाक्य मैं नहीं आप से प्रेरणा लेकर समाज सेवा के लिए तत्पर रहने का संकल्प लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डीएसपी गौत्तम कुमार जैन ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें अधिकारों से पहले कर्तव्यों की तरफ ध्यान देना चाहिए। उन्होंने युवाओं को देश का भविष्य बताया तथा उनको विभिन्न बुराईयों जैसे नशाखोरी, अपराध, हिंसा आदि से दूर रहने का आव्हान किया। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. आर.पी.गुर्जर, डॉ. मधु नागर, प्रो. सुरेश कुमार यादव, डॉ.पदमा मीणा ने अपने विचार व्यक्त किये। संयोजक प्रो. सज्जन सिंह यादव ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान डॉ. अमित शर्मा, डॉ.आर.के.सिंह, डॉ. पी.सी.जाट, डॉ. अनुपमा सक्सेना, प्रो. विजय सिंह यादव, प्रो. अशोक सिंह, डॉ. बबीता यादव, प्रो. जितेन्द्र कुमार यादव, प्रो. सज्जन सिंह यादव, प्रो. संदीप आर्य, प्रो. नरेन्द्र कुमार मीणा समेत बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहें। संचालन डॉ. हरिराम धनेटिया ने किया।

### छात्रों को स्वरोजगार प्रशिक्षण दिया

**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** बहरोड़ कस्बे के नेशनल हाईवे नंबर 48 के आरटीओ ऑफिस के पास स्थित बाबूलाल इलेक्ट्रिकल एंड लक्ष्मी देवी आईटीआई के सहयोग से भारत विकास परिषद शाखा बहरोड़ की प्रेरणा से 15 छात्रों को स्वरोजगार के लिए सबमर्सिबल मोटर वाइंडिंग आदि की सामान्य जानकारी का व्यवहारिक प्रशिक्षण देकर उत्साहवर्धन किया गया। परिषद सचिव कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि भारत विकास परिषद के समाज सेवा तथा सामाजिक कार्य एवं लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए आईटीआई कर रहे छात्रों को स्वरोजगार प्रेरणा के साथ ही आने वाले समय में बेरोजगारी की दिन-प्रतिदिन बढ़ रही समस्या से उभरने के लिए पढ़ाई के साथ ही हाथ के हुनर को कार्य रूप देकर खुद का व्यवसाय तथा व्यवसाय करने के साथ ही नौकरी करने के बजाय नौकरी देने वाले लोगों की संख्या बढ़ाकर मजबूत और सशक्त राष्ट्र का निर्माण करने की जानकारी देते हुए स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। वहीं प्रशिक्षक विकास कुमार एवं टेक्निकल कंसलटेंट महावीर योगी ने छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत और लगन से आगे बढ़ने का मार्ग बताकर भविष्य में नशे की बुरी आदत से भी बचने की सलाह देकर छात्रों को टी-शर्ट तथा पैन व कापी भेंट की गई।

### आजाद की मूर्ति लगवाये जाने की मांग



**कोटपूतली, (निसं)।** शहीद वीरांगनाओं ने गुरूवार को नगर परिषद आयुक्त फतेह सिंह मीणा को ज्ञापन सौंपकर कस्बे के आजाद चौक में महान स्वतंत्रता सेनानी व क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद की मूर्ति लगवाये जाने की मांग की है। वीरांगना मिथलेश देवी, गायत्री देवी व समाजसेविका गीता शर्मा ने ज्ञापन के माध्यम से अमर शहीदों के बलिदान को अक्षुण्ण रखने तथा भावी पीढ़ी के समक्ष उनका आदर्श प्रस्तुत करने के लिए आवश्यक बताया। क्षेत्र के शहीद परिवारों से वीरांगना कृष्णा जाट, कृष्णा यादव, बनारसी देवी, शर्मिला देवी, सुनीता देवी, शहीद पुत्र कैलाश चंद्र गुर्जर व विजय सिंह ने कस्बे के ऐतिहासिक आजाद चौक में महान स्वतंत्रता सेनानी व क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद की मूर्ति शीघ्र लगवाने की माँग की है। ताकि आने वाली युवा पीढ़ी उनके जीवन से प्रेरणा ले सकें। इस दौरान समाजसेवी रतन लाल शर्मा, विहिप के राजेंद्र प्रसाद हिन्दू, मुनेश सैनी, इंजी. राजेश चौधरी, वीरेंद्र सैनी, सीताराम शर्मा, नेमीचंद हिंदू, विक्रम शर्मा, एड. गौरव शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

### पंचायत समिति सदस्यों ने प्रदर्शन किया

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के पंचायत समिति सदस्यों ने गुरुवार को राजस्थान पंचायत समिति सदस्य संघ के आव्हान पर 9 सूत्री मांगों को लेकर पावटा में एकत्रित होकर जयपुर विधानसभा का घेराव व प्रदर्शन में शामिल होने के लिए रवाना हुए। जहां प्रदर्शन कर विधानसभा का घेराव करते हुए ग्रामीण विकास एवं पंचायत राजमंत्री एवं मुयमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को पंचायत राज संस्थाओं की त्रिस्तरीय व्यवस्थाओं के महत्वपूर्ण अंग पंचायत समिति सदस्य एवं डायरेक्टरों की समस्याओं के समाधान करवाने एवं अधिकार देने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर पावटा पंचायत समिति प्रधान पूजा चौधरी, ओमवती मुखराम धनखड भांकरी, गुड्डी देवी जयराम थालोड, सन्तोष देवी महेश बैराठी, सुमन देवी सुरेश कुमावत, दशरथ यादव, नरेंद्र गुर्जर, धर्मपाल गुर्जर, वेदप्रकाश बाकोलिया, फारुख खां, अनिल बाल्मिकी, किशनलाल मीणा, लालचन्द्र यादव, उप प्रधान राजेन्द्र सिंह टीटू, टीकु सैनी, हरीश मामोडिया, मुकेश सैनी टसकोला, राजु मीणा, सन्त लाल वर्मा, मिथलेश टांक, गिन्दोडी गुर्जर, बनवारीलाल स्वामी, मनीषा यादव सहित पंचायत समिति सदस्य विधानसभा घेराव में शामिल हुए।

### पांच हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**पावटा, (निसं)।** प्रागपुरा थाना पुलिस ने पोस्को एक्ट में 1 वर्ष से फरार चल रहे इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उक्त आरोपी पर जिला पुलिस अधीक्षक ने पांच हजार का इनाम घोषित कर रखा था। प्रागपुरा थानाधिकारी किरण सिंह यादव ने बताया कि पास्को एक्ट में फरार चल रहे इनामी बदमाश मनोज पुत्र नाथू राम निवासी प्रागपुरा को भिवाडी से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया है।

### मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**मालपुरा, (निसं)।** बुद्धिष्ट महासभा के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण बैरवा के नेतृत्व में गुरूवार को मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार चन्द्रशेखर टांक को सौंपे गये ज्ञापन में करोली में व्याख्याता पृथ्वीराज बैरवा द्वारा सोशल मीडिया पर सामान्य पोस्ट डालने को लेकर व्याख्याता को बर्खास्त किया गया जो कि निन्दनीय है। महासभा ने व्याख्याता की बहाली की पुरजोर मांग उठाई। इस दौरान महासभा से जुडे कार्यकर्ता मौजूद रहे।



रोहित पहले वनडे के लिए उपलब्ध नहीं है। श्रेयस अय्यर पूरे सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं है। क्या संजू सैमनस को स्क्वॉड में शामिल करना चाहिए?

–आकाश चौपड़ा

पूर्व भारतीय बल्लेबाज, आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले एक दिवसीय मैच को लेकर




आज का खिलाड़ी ▶

## विराट कोहली



भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज में भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर भी सबकी नजरें रहेंगी, जोकि सीरीज के दौरान कई बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकते हैं।ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली तीन मैच की वनडे सीरीज में कोहली बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। भारत के पूर्व कप्तान वनडे फॉर्मेट में 13000 रन पूरा करने वाले दुनिया के पांचवें बल्लेबाज बनने से सिर्फ 191 रन दूर हैं। इससे पहले सचिन तेंदुलकर (18426), कुमार संगकारा (14234), रिकी पोंटिंग (13704) और सनथ जयसूर्या (13430) ये कारनामा कर चुके हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम है। लारा ने 1994 में वारविकशायर की तरफ से डरबन के खिलाफ 501 रन की नाबाद पारी खेली।

# विश्वकप की तैयारियों का होगा परीक्षण

## भारत-आस्ट्रेलिया में पहला एक दिवसीय आज









मुंबई, 16 मार्च। भारतीय टीम तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में शुक्रवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो इस साल के आखिरी में होने वाले विश्व कप की तैयारियों के साथ उसकी नजरें हरफनमौला हार्दिक पंड्या के नेतृत्व कौशल को परखने पर होगी। नियमित कप्तान रोहित शर्मा पारिवारिक प्रतिबद्धता के कारण इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं है और उनकी गैरमौजूदगी में पंड्या टीम का नेतृत्व करेंगे। पंड्या की कप्तानी में गुजरात जायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के अपने पहले सत्र में खिताब जीता था।

वह पिछले कुछ समय से टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारतीय टीम का नेतृत्व कर रहे है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की बॉर्डर–गावस्कर श्रृंखला को 2–1 से जीतने के साथ ही जून में आयोजित होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल का टिकट पक्का करने के बाद भारतीय टीम अब 50 ओवर के प्रारूप के विश्व कप के लिए अपनी तैयारी को दुरुस्त करना चाहेगी। एकदिवसीय विश्व कप का आयोजन इस साल अक्टूबर नवंबर में भारत में होगा। भारत ने अपना पिछला विश्वकप घरेलू सरजमीं पर महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में 2011 में जीता था। इसे ध्यान में रखते हुए रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम से भी ऐसी ही सफलता की उम्मीद होगी। भारतीय टीम ने इस साल श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ दो अलग–अलग श्रृंखलाओं में एकदिवसीय प्रारूप में सभी छह मैच जीतकर शानदार शुरुआत की है। इन छह एकदिवसीय मैचों में शुभमन गिल ने तीन शतक और 113.40 की औसत के साथ 567 रन बनाये है। पहले मैच में रोहित की गैरमौजूदगी में उन पर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने का दबाव होगा। अहमदाबाद में चौथे और अंतिम मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट शतक के बाद उनसे ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद होगी। अहमदाबाद में टेस्ट में 186 रन की पारी खेलने वाले कोहली ने सीमित ओवरों की खराब फॉर्म को पहले ही पीछे छोड़ दिया है।

उन्होंने इस साल 67.60 के शानदार औसत से 338 रन बनाये है और अपने पसंदीदा प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वह 75 अंतरराष्ट्रीय शतकों के आंकडे को आगे बढाना चाहेंगे। कोहली इस दौरान ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा का सामना कैसे करते है यह देखना दिलचस्प होगा। भारतीय रन मशीन के खिलाफ जम्पा का रिकॉर्ड शानदार रहा है। कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल ने बुधवार को यहां एक वैकल्पिक अभ्यास सत्र के दौरानएक साथ गेंदबाजी की। यह दोनों लेग स्पिनर विकेट लेने की अपनी क्षमता और सीमित ओवरों के क्रिकेट में भारतीय आक्रमण में अहम हथियार बन सकते हैं। कुलदीप इस साल पांच मैचों में 11 विकेट लेकर भारत के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर रहे हैं, जबकि तेज गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज इतने ही मैचों में 14 विकेट चटकाये हैं। ऑस्ट्रेलिया की टीम नियमित कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति के बावजूद किसी भी परिस्थिति में मैच जीतने का माद्दा रखती है। पांच बार के विश्व कप विजेता ऑस्ट्रेलिया भी इस साल अक्टूबर–नवंबर में होने वाले विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों को भी अंतिम रूप देना चाहता है।

कमिंस की गैरमौजूदगी में स्टीव स्मिथ ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व करेंगे। टीम ने आखिरी दो टेस्ट मैच में उनकी कप्तानी में अच्छा प्रदर्शन किया था। कमिंस और जोश हेजलवुड इस एकदिवसीय श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं हैं लेकिन अनुभवी बल्लेबाज डेविड वार्नर और हरफनमौला एश्टन एगर राष्ट्रीय टीम से जुड़ गये है। यह दोनों खिलाड़ी टेस्ट श्रृंखला के दौरान स्वदेश लौट गये थे। ऑस्ट्रेलिया की टीम के लिए यह इस साल का पहला एकदिवसीय मैच होगा।

# वार्नर दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान नियुक्त



मुंबई, 16 मार्च। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सीज़न के लिये ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को दिल्ली कैपिटल्स की कमान सौंपी गयी है। कैपिटल्स ने गुरुवार को इसकी घोषणा की।

गौरतलब है कि कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत दिसंबर 2022 में हुए एक्सिडेंट के बाद सफलतापूर्वक सर्जरी करवाकर रिहैब से गुज़र रहे हैं। उन्हें पूरी तरह फिट होकर मैदान पर लौटने में करीब एक साल का समय लग सकता है। कैपिटल्स ने बताया कि वामहस्त हरफनमौला अक्षर पटेल इस सीज़न से उपकप्तान की भूमिका निभाएंगे।

भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को फ्रेंचाइजी का क्रिकेट निदेशक नियुक्त किया गया है। वार्नर पिछले आईपीएल में कैपिटल्स के लिये सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाडी थे। उन्होंने 48 के औसत और 150.52 के स्ट्राइक रेट से से 432 रन बनाए, जिसमें पांच अद्धर्शतक शामिल थे। वॉर्नर ने अपनी नयी भूमिका पर कहा, ऋषभ दिल्ली कैपिटल्स के लिये एक शानदार कप्तान रहे हैं।

हम सभी को उनकी कमी महसूस होगी। मैं प्रबंधन को उस विश्वास और भरोसे के लिये धन्यवाद देना चाहता हूं जो उन्होंने हमेशा मुझ पर दिखाया है। सनराइजर्स हैदराबाद को 2016 में खिताब जिताने वाले वॉर्नर ने 2022 की मेगा ऑक्शन में कैपिटल्स का दामन थामा था। सनराइजर्स द्वारा रिलीज़ किये जाने के बाद कैपिटल्स ने वॉर्नर को 6.25 करोड़ की कीमत पर टीम में शामिल किया था। वह इससे पहले 2009–2013 के दौरान भी दिल्ली की फ्रेंचाइजी (दिल्ली डेयरडेविल्स) का हिस्सा थे।

वॉर्नर ने कहा, यह फ्रेंचाइजी हमेशा मेरे घर जैसी रही है। मैं इतने प्रतिभावान खिलाड़ियों की अगुवाई करने को लेकर उत्साहित हूं।''

वॉर्नर आईपीएल से पहले भारत के खिलाफ 17 मार्च से शुरू होने वाली तीन एकदिवसीय मैचों शृंखला में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# इन्फेंटिनो तीसरी बार बने फीफा अध्यक्ष

किगाली, 16 मार्च। जियानी इन्फेंटिनो को लगातार तीसरी बार गुरुवार को सर्वसम्मति से अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) का अध्यक्ष चुन लिया गया है। इन्फेंटिनो के विरोध में कोई उम्मीदवार खडा नहीं हुआ।

फीफा द्वारा आज आयोजित सम्मेलन में इन्फेंटिनों को निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया। इसके साथ ही वह 2027 तक के फीफा के अध्यक्ष बने रहेंगे। साल 2016 में सेप ब्लैटर का स्थान लेने वाले 52 वर्षीय इन्फेंटीनो को 211 सदस्यीय महासंघों के प्रतिनिधियों द्वारा चार साल पहले की तरह तीसरे कार्यकाल के लिये सर्वसम्मिति से चुना गया। इन्फेंटीनो ने यहां आयोजित सम्मेलन में प्रतिनिधियों से कहा, मैं आप सभी से प्रेम करता हूं। फीफा क़ानून के अनुसार एक व्यक्ति अध्यक्ष पद पर चार साल के तीन कार्यकाल ही पूरे कर सकता है, हालांकि इन्फेंटिनो ने पहले ही 2031 तक इस पद पर रहने के अपने इरादे साफ कर दिये हैं।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम रैंकिंग में चौथे पायदान पर पहुंची

नयी दिल्ली, 16 मार्च। प्रो लीग मैचों में विश्व चैंपियन जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दो–दो जीत के दम पर भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच (विश्व हॉकी महासंघ) रैंकिंगमें दो स्थान की छलांग लगाकर चौथे पायदान पर पहुंच गई।

इससे भारत रैंकिंग में हॉकी की सबसे मजबूत टीमों में से एक ऑस्ट्रेलिया से स्थान आगे निकल गया। ऑस्ट्रेलिया की टीम पांचवें स्थान पर खिसक गयी।

इस साल जनवरी में ओडिशा में विश्व कप खिताब जीतने के बाद शीर्ष स्थान पर पहुंचने वाला जर्मनी भारत से लगातार दो मैच हारने के बाद भी दो पायदान नीचे तीसरे स्थान पर खिसक गया।

## रोमांचक मुकाबले में जायंट्स की जीत

मुंबई, 16 मार्च (वार्ता) लौरा वुलवार्ड (57) के शानदार अद्धर्शतक और एशले गार्डनर (50 रन, दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर गुजरात जांयट्स ने विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के रोमांचक मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स पर 11 रन की यादगार जीत दर्ज करते हुए प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिन्दा रखा। जायंट्स ने वुलवार्ड और गार्डनर के अद्धर्शतकों की बदौलत कैपिटल्स के सामने 148 रन का लक्ष्य रखा। कैपिटल्स 100 रन पर आठ विकेट गंवाने के बाद अरुंधती रेड्डी (25) की मदद से जीत तक पहुंच ही रही थी कि जायंट्स ने अंतिम दो विकेट दो रन के अंतराल पर चटकाकर विजय हासिल कर ली। जायंट्स की इस महत्वपूर्ण जीत में सलामी बल्लेबाज वुलवार्ड ने 45 गेंद पर छह चौकों और एक छक्के के साथ 57 रन बनाये। गार्डनर ने वुलवार्ड का बखूबी साथ दिया और 33 गेंद पर नौ चौके जड़कर नाबाद 51 रन बनाये। कैपिटल्स की ओर से मरिज़ाने काप ने 29 गेंद पर चार चौके और एक छक्का लगाकर सर्वाधिक 36 रन बनाये। अरुंधती ने 17 गेंद पर चार चौके जड़कर बहुमूल्य 25 रन बनाये लेकिन वह अपनी टीम को जीत की दहलीज़ के पार नहीं पहुंचा सकीं। इस जीत के साथ जायंट्स डब्ल्यूपीएल तालिका में चार अंक के साथ चौथे स्थान पर आ गया, जबकि कैपिटल्स आठ अंक के साथ अब भी दूसरे स्थान पर कायम है।

## निखत, साक्षी दूसरे दौर में

नयी दिल्ली, 16 मार्च। गत विश्व चैंपियन निकहत ज़रीन ने महिला विश्व चैंपियनशिपके पहले चरण में गुरुवार को अज़रबैजान की अनाखानम इस्माइलोवा को हराकर अपने अभियान की ज़ोरदार शुरुआत की। महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग में घरेलू दर्शकों के सामने खेलते हुए निकहत ने पहली घंटी से ही दमदार प्रदर्शन किया और अपनी अज़रबैजानी प्रतिद्वंदी पर लगातार मुक्के बरसाये। दूसरे राउंड में इस्माइलोवा के गिरने के बाद रेफरी ने तीन तक गिनती की और मैच को वहीं रोककर गैर वरीयता प्राप्त निकहत को विजयी घोषित कर दिया। निकहत ने इस दमदार जीत के बाद कहा, ''मुझे खुशी है कि मेरी जीत के साथ भारत का अभियान शुरू हुआ। मैंने पहले भी उसका (इस्माइलोवा) मुकाबला किया था और उसके आधार पर ही अपनी योजनाएं बनाईं, जिससे मुझे मदद मिली। विश्व चैंपियन निकहत ने गैर वरीयता प्राप्त होने पर कहा, ''इससे मुझे कोई समस्या नहीं है। ड्रॉ में कोई भी वरीयता प्राप्त कर सकता है। इससे कोई फर्क नहीं पडता, लेकिन मेरा ड्रा अच्छा है, जैसे–जैसे प्रतियोगिता आगे बढेगी, मुझे कड़े प्रतिद्वंद्वी मिलेंगे।'' निकहत अगले दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त 2022 अफ्रीकी चैंपियन रौमेसा बौआलम से भिडेंगी।

## 'कोहली के संदेश ने जोश से भर दिया'

मुंबई, 16 मार्च। प्रतिभाशाली ऑलराउंडर कणिका आहूजा ने कहा कि भारत के महान बल्लेबाज विराट कोहली के साथ बातचीत ने उनका हौसला बढ़ाया जिससे उन्होंने 46 रन की आक्रामक पारी खेल कर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में पहली जीत दिलायी। आरसीबी की टीम ने 18 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 136 रन का लक्ष्य हासिल कर लगातार पांच मैचों की हार का सिलसिला खत्म किया। पंजाब की 20 साल की कणिका ने 30 गेंद में 46 रन की ताबड़तोड़ पारी खेलने के बाद कहा, '' विराट सर ने हमसे कहा कि यहां दबाव की कोई बात नहीं है, यह खुशी की बात है'' कोहली बुधवार को भारतीय टीम के वैकल्पिक अभ्यास सत्र में शामिल नहीं हुए और इसके बजाय यहां मुंबई में डब्ल्यूपीएल में प्रतिस्पर्धा कर रही आरसीबी महिला टीम से मिले। हमने कमजोर गेंदों का फायदा उठाने का इंतजार किया।''

## अमनदीप को चार शॉट की बढ़त

गुरुग्राम, 16 मार्च। अमनदीप द्राल ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दूसरे दौर में पांच अंडर 67 का कार्ड खेला और महिला पेशेवर गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के छठे चरण में गुरुवार को यहां चार शॉट की मजबूत बढत हासिल की। पिछले साल हीरो महिला इंडियन ओपन की उपविजेता अमनदीप का कुल स्कोर सात अंडर 137 हो गया है और वह अनुभवी वाणी कपूर (71–70) और त्वेसा मलिक (71–70) से चार शॉट आगे है। चोट से उबर कर वापसी करने वाली हिताशी बख्शी (70–72) और गौरिका बिश्नोई (70–72) संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। इनके बाद सहर अटवाल (74–70) का नंबर आता है जो छठे स्थान पर है।

## महिला फुटबॉल टीम की घोषणा

नयी दिल्ली, 16 मार्च। भारतीय महिला फुटबॉल टीम के मुख्य कोच थॉमस डेननरबी ने इस महीने के आखिर में जॉर्डन और उज्बेकिस्तान में होने वाले अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की। सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम 17 से 22 मार्च के बीच जॉर्डन जबकि 23 से 29 मार्च के बीच उज्बेकिस्तान में मैच खेलेगी। ये मैच एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) महिला ओलंपिक क्वालीफायर के पहले दौर मैचों की तैयारी के लिए खेले जा रहे हैं। भारत चार से 10 अप्रैल तक एएफसी ओलंपिक क्वालीफायर के राउंड रोबिन के ग्रुप जी में मेजबान किर्गिज गणराज्य और तुर्कमेनिस्तान से भिड़ेगा। मैत्री मैचों के लिए भारतीय टीम: गोलकीपर : सौम्या नारायणसामी, श्रेया हुड्डा और इलांगबम पंथोई चानू। डिफेंडर: आशालता देवी लोइतोंगबम, स्वीटी देवी नगंगबम, रितु रानी, रंजना चानू सोरोखैबम, मिशेल कास्टन्हा, दलिमा छिब्बर, मनीषा पन्ना और जूली किशन। मिडफील्डर: शिल्की देवी हेमम, अंजू तमांग, इंदुमती कथिरेसन, संगीता बसफोर, रोजा देवी असेम, कार्तिका अंगमुथु और कश्मीना। फारवर्ड: ठोस डंगमेई, रेणु, करिश्मा शिरवोईकर, संध्या रंगनाथन और अपर्णा नारजारी।

# अय्यर की अनुपस्थिति का वनडे विश्वकप की तैयारियों पर असर पडेगा:हार्दिक

मुंबई, 16 मार्च। भारत के कार्यवाहक कप्तान हार्दिक पांड्या ने गुरुवार को कहा कि चोटिल श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति का भारत की इस साल के आखिर में होने वाले वनडे विश्वकप की तैयारियों पर असर पडेगा। अय्यर पीठ की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं और वह कब तक वापसी कर पाएंगे इसकी कोई निश्चित समय सीमा भी नहीं है। उनका इंडियन प्रीमियर लीग के शुरुआती मैचों से भी बाहर रहने की संभावना है।

पांड्या ने पहले वनडे की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा, निश्चित तौर पर उनकी वापसी की कोई समय सीमा तय नहीं है लेकिन हम अच्छे की उम्मीद कर रहे हैं। हम उनके जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

उन्होंने कहा,उनकी (अय्यर) अनुपस्थिति का असर पडेगा और निश्चित तौर पर हमें उनकी कमी खलेगी लेकिन अगर वह जल्दी वापसी नहीं कर पाते हैं तो हमें समाधान ढूंढना होगा।

अगर वह टीम में होता है तो यह स्वागत योग्य है लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है तो अभी इस पर विचार करने के लिए काफी समय है कि हमें कैसे आगे बढना है। भारत के चोटिल खिलाडियों की सूची में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी शामिल है जिनकी हाल में न्यूजीलैंड में पीठ की सर्जरी की गई थी। उनका लक्ष्य विश्वकप तक वापसी करना है।

पांड्या ने कहा, ऐसी कोई दीर्घकालिक योजना नहीं है। जस्सी (बुमराह) पिछले कुछ समय से टीम के साथ नहीं है। हमारा गेंदबाजी समूह अच्छी भूमिका निभा रहा है। वे सभी अब अनुभवी हैं। जस्सी के होने से बडा अंतर पैदा होता है लेकिन ईमानदारी से कहूं हम इसको लेकर बहुत परेशान नहीं है क्योंकि जिन खिलाड़ियों ने जस्सी की भूमिका संभाली है मुझे पूरा विश्वास है कि वे अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

भारत पहले वनडे में नियमित कप्तान रोहित शर्मा के बिना खेलेगा जो पारिवारिक प्रतिबद्धताओं के कारण इस मैच से बाहर हो गए हैं। पांड्या ने कहा कि उनकी अनुपस्थिति में ईशान किशन और शुभमन गिल पारी का आगाज करेंगे।

उन्होंने कहा,ईशान और शुभमन पारी की शुरुआत करेंगे। विकेट साल भर एक जैसा ही दिखता है। मैं यहां लगभग सात वर्षों से खेल रहा हूं। यह चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि विकेट से दोनों टीमों को समान अवसर मिलेंगे।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**

IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड)

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031 फोन- +91 44 4564 4000 I फैक्स- +91 44 4564 4022

प्राधिकृत अधिकारी - सरदीप राठौड़ सम्पर्क नम्बर - 9887772255 ई-मेल : sardeep.rathore@idfcbank.com

**परिशिष्ट-IV-ए**

**(नियम 8 (6) का प्रावधान देखें)**

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निमाण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।**

एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से कॉलम (ii) के अनुसार ऋण ग्रहिता (ओ) तथा सह–ऋणग्रहिता (ओं) को सूचित किया जाता है कि कालम (iii) के अनुसार नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है, तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड जो पहले आईडीएफसी बैंक लि. के नाम से जाना जाता था, के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री "जहाँ है जैसी है" "जो कुछ है यह हैं" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर 13.04.2023 को कालम (i) के अनुसार ऋणग्रहिता (ओं) तथा सह–ऋण–ग्रहिता (ओं) के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि. के नाम से जाना जाता था (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड) को बकाया राशी की वसूली के लिये की जायेगी। बिक्री की शर्तों व नियमों की विस्तृत जानकारी के लिये कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की वेबसाईट https://idfcfirstbank.auctiontiger.net/EPROC पर दिये गये लिंक को देखें।

**नीलामी विवरण**

| क्र. सं. | डिमांड नोटिस तिथि एवं राशि | ऋण | ऋणग्रहिता (ओं) एवं सहऋणग्रहिता (ओं) के नाम | सम्पत्ति का पता | आरक्षित मूल्य राशि | ईएमडी राशि | ईएमडी तथा दस्तावेज जमा कराने का अंतिम समय व तिथि (ऑनलाइन) तक / पहले | नीलामी की तिथि व समय | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि व समय | अधिकृत अधिकारी विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 14.04.2021 को रुपये 62,46,01.16/- | 8654177 | हिम्मत सिंह, मै. निर्मल एंटरप्राइजेज द्वारा श्री हिम्मत सिंह, प्रकाश कंवर | फ्लैट नं. एफ-4, क्षेत्रफल 470 वर्गफिट, पहली मंजिल, प्लाट नं. जी-75, मंगलम सिटी एक्स., हाथोज, कलवाड रोड, जयपुर का पूरा एवं प्रत्येक भाग, और सीमायें है- उत्तर-प्लाट नं. जी-74, दक्षिण- प्लाट नं. जी-76, पूर्व-प्लाट नं. जी-68, पश्चिम-रोड | रुपये 450,000/- | रुपये 45,000/- | 13.04.2023 को सायं 5.00 तक | 13.04.2023 प्रात: 11.00 से दोपहर 1.00 तक | 06.04.2023 प्रात: 11.00 से सायं 4.00 तक | सरदीप राठौड़ समर्क नंबर 9887772255 ई-मेल आईडी- sardeep.rathore@idfcbank.com |
| 2 | 16.04.2021 को रुपये 12,44,632.12/- | 15950900 | रघुवीर सिंह, ओम कंवर | फ्लैट/यनिट नं. जी-2, क्षेत्रफल 715 वर्गफिट, ग्राउन्ड फ्लोर, श्रीसांवरिया रेजीडेन्सी, प्लाट नं. 1-110, मंगलम सिटी विस्तार, ब्लाक 1, ग्राम पीथावास एवं निवारू (हाथोज),कलवाड रोड, जयपुर, राजस्थान-302012 का पूरा एवं प्रत्येक भाग, और सीमाये है-पूर्व-प्लाट नं. 1-105, पश्चिम- रोड 30 फिट, उत्तर-प्लाट नं. 1-109, दक्षिण- प्लाट नं. 1-111 | रुपये 700,000/- | रुपये 70,000/- | " | " | " | |
| 3 | 23.06.2021 को रुपये 12,27,255.67/- | 14024496 | सुशील कुमार, नीलू सुशील | यूनिट नं. एस-1, क्षेत्रफल 785.83 वर्गफिट, दूसरी मंजिल, "श्री सांवरिया रेजीडेन्सी-6", प्लाट नं. 1-110, मंगलम सिटी विस्तार, ब्लाक 1 ग्राम पीथावास एवं निवारू (हाथोज), कलवाड रोड, तहसील व जिला जयपुर, राजस्थान का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमाये है- पूर्व-प्लाट नं. 1-105, पश्चिम- रोड 30 फिट, उत्तर- प्लाट नं. 1-109, दक्षिण-प्लाट नं. 1-111 | रुपये 700,000/- | रुपये 70,000/- | " | " | " | |
| 4 | 16.04.2021 को रुपये 2,169,326.50/- | 15729273 | वीरेन्द्र कुमार टेलर, मीना टेलर, राजेन्द्र कुमार टेलर, राजेन्द्र टेलर, वीरेन्द्र कुमार टेलर मै. फिजिक्स कैफे एजुकेशन इन्स्टीट्यूशन | फ्लैट नं. जी-1, प्लाट नं. जी-93, स्कीम मंगलम सिटी विस्तार, ब्लॉक-जी, पीथवास एवं निवारू, हाथोज, कलवाड रोड, जयपुर राजस्थान-302012 का पूरा व प्रत्येक भाग क्षेत्रफल 216.66 वर्गगज सीमाये है-पूर्व-रोड 30' चौडी, पश्चिम-रोड जी-100, उत्तर-प्लाट नं. जी-94, दक्षिण-प्लाट नं. जी-92 | रुपये 800,000/- | रुपये 80,000/- | " | " | " | |

**अस्वीकरण :** कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिये जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियां बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।

दिनांक-16.03.2023

स्थान- जयपुर

प्राधिकृत अधिकारी

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड, पूर्व में आईडीएफसी बैंक के नाम से जाना जाता था

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम पायनन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड)



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया के नेतृत्व में भाजपाइयों ने गुरुवार को भरतपुर जिला कलैक्ट्रेट के बाहर उग्र प्रदर्शन किया। भाजपाइयों के सामने पुलिस का भारी भरकम संख्याबल भी नाकाम हो गया। प्रदर्शन और सार्वजनिक संबोधन के बाद डॉ. सतीश पूनिया, सांसद रंजीता कोली, भजनलाल शर्मा आदि ने गिरफ्तारी भी दी। भाजपा के इस कार्यक्रम में करीब 5 हजार से ज्यादा भाजपाई इकट्ठे हुए थे।

# 'अपराध एक मुकदमे दो क्यों?'

## पुलिस ने मुख्यमंत्री के काफिले को काले झंडे दिखाने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों को शांतिभंग में गिरफ्तार कर लिया था

- इसके बाद एक अन्य मुकदमा और दर्ज कर संगीन धाराएं लगा दीं, जबकि उनका कृत्य एक ही था।

जयपुर, 16 मार्च। राजस्थान विश्वविद्यालय में लॉ कॉलेज छात्रसंघ कार्यालय के उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री के काफिले के आगे आकर काले झंडे दिखाने के मामले में गांधी नगर थाना पुलिस ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ए.बी.वी.पी.) के 6 छात्रों को शांतिभंग के आरोप में गत मंगलवार को गिरफ्तारी के बाद अन्य संगीन धाराओं में भी मुकदमा दर्ज किया है।

इस मामले में छात्रों के अधिवक्ता आयुष मल का कहना है कि, जब मामला एक है तो पुलिस ने इसमें दो मुकदमे क्यों दर्ज किए हैं। पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि गुलशन मीणा, देव पलसानिया, महेश मीणा, विष्णु कुमार मीणा, प्रमोद मीणा और पीयूष चौधरी का कृत्य धारा 151 सीआरपीसी के उल्लंघन के तहत गिरफ्तार किया गया। बाद में पुलिस ने अपने स्तर पर 151 में जमानत लेकर फिर मौके से ही उन्हें अन्य मुकदमें में धारा 147, 332, 353 व 188 में गिरफ्तार कर लिया। पीड़ितों के अधिवक्ता का कहना है कि पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया का गलत उपयोग करते हुए एक अपराध के लिए दो अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए हैं, जो कि गलत है। पुलिस दबाव में आकर छात्रों के खिलाफ गलत तरीके से कार्रवाई कर रही है, जिससे उन्हें रिहाई न मिल सके। गौरतलब है कि ए.बी.वी.पी. की ओर से गत 14 मार्च को विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया था। उधर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय मंत्री होशियार मीणा ने बताया कि, पुलिस ने कार्यकर्ताओं को लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन करने के जुर्म में संगीन धाराएं लगाकर गिरफ्तार कर लिया। आज सभी कार्यकर्ताओं ने सैकड़ों की संख्या में गांधीनगर थाने का घेराव किया। इस दौरान पुलिस को चेतावनी दी कि जल्द से जल्द कार्यकर्ताओं को रिहा किया जाए वरना पूरे राजस्थान में कानून व्यवस्था बिगड़ सकती है। उन्होंने गांधीनगर थाना पुलिस पर आरोप लगाया इस पूरे षडयंत्र में पुलिस प्रशासन की मिलीभगत है और वह सरकार के दबाव में आकर काम कर रहे हैं और पढ़ने लिखने वाले छात्रों को बेवजह परेशान कर रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान डीसीपी ने आकर आश्वासन दिया कि न्याय प्रक्रिया बिना किसी दबाव में की जाएगी और इसकी जांच कमेटी बदल दी जाएगी। इस आश्वासन पर छात्रों ने आंदोलन को रोका। हालांकि चेतावनी दी कि छात्रों को जल्द से जल्द छोड़ा जाए और उन पर एफआईआर में लगी धाराएं हटाई जाए।

# 'कांग्रेस ने पेपर लीक किए, प्रदेश की जनता ने तय कर लिया है, कांग्रेस को परमानैंट वीक कर देंगे, डिलीट कर देंगे'

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने भरतपुर में कलैक्ट्रेट के घेराव के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया के नेतृत्व में भाजपाईयों ने जिला कलैक्ट्रेट का घेराव कर सैंकड़ों की संख्या में गिरफ्तारियां दीं।
- जनआक्रोश एवं हल्लाबोल कार्यक्रम में करीब 5 हजार से अधिक संख्या में आमजन पहुंचा।

भरतपुर, 16 मार्च (निसं)। भरतपुर में भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया के नेतृत्व में जन आक्रोश एवं हल्ला बोल प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जनसभा को सम्बोधित करने के बाद भाजपा के नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया की अगुवाई में जिला कलेक्ट्रेट के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। हालांकि, भाजपाइयों को रोकने के लिए पहले से ही भारी संख्या में पुलिस के जवान और अधिकारी जिला कलेक्ट्रेट पर तैनात थे। लेकिन भाजपाइयों की संख्या बल के आगे पुलिस के जवान पीछे हटते नजर आए।

पुलिस की ओर से भाजपाइयों को रोकने के लिए जिला कलेक्ट्रेट के समक्ष तीन स्तरीय बैरिकेडिंग लगाई गई थी। लेकिन प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया के नेतृत्व में सांसद रंजीता कोली, पूर्व मंत्री जवाहर सिंह बेढम, पूर्व जिला अध्यक्ष गिरधारी तिवारी ने जैसे ही बैरिकेडिंग्स के ऊपर चढकर आगे बढना शुरू किया। भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ने और उग्रता और जोश दिखाते हुये बैरिकेडिंग्स के ऊपर से होकर जिला कलेक्ट्रेट के मुख्य दरवाजे पर पहुंच गए। इसके बाद अध्यक्ष सतीश पूनिया, सांसद रंजीता कोली, जिला अध्यक्ष ऋशि बंसल, हंसिका सिंह आदि के नेतृत्व में जिला भाजपाइयों ने कलेक्ट्रेट के अंदर घुसने का प्रयास किया। हालांकि, भाजपाई लोहे का बड़ा गेट होने और अंदर पुलिस के भारी संख्या में जवान होने से प्रवेश नहीं कर पाए। जिसके बाद सतीश पूनिया, सांसद रंजीता कोली, जिला अध्यक्ष ऋशि बंसल, हंसिका सिंह आदि के नेतृत्व में भाजपाईयों ने गिरफ्तारी दी।

इससे पूर्व जन सभा को संबोधित करते हुए प्रदेष अध्यक्ष सतीश पूनिया ने बताया कि पूरे प्रदेश में भाजपा के द्वारा कांग्रेस सरकार की नीतियों और जनता से की गई वादाखिलाफी, कानून व्यवस्था, बेरोजगारी सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर जन आक्रोष एवं हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन होना है। उसकी शुरूआत भरतपुर से की गई है।

पूनिया ने कहा कि, पेपर लीक सहित हर मोर्चे पर गहलोत सरकार नाकाम है, नौजवान सरकार के खिलाफ गुस्से से भरे हुये हैं। उन्होंने 6 बसपा विधायकों को तोड़कर कांग्रेस में मिलाने के संदर्भ में कहा कि गहलोत जादूगर हैं वे छः -छः हाथियों को खा गये।

भरतपुर में भाजपा के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिला मुख्यालय पर किए गए महाप्रदर्शन के कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व विधायक विजय बंसल का ना आना भाजपा की गुटबाजी का संदेश दे रहा है। भले ही भाजपा के पदाधिकारी कहें कि पार्टी में किसी प्रकार की गुटबाजी नहीं है। लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के समर्थक नेता भाजपा के कार्यक्रमों से दूरी बनाते दिखाई दे रहे हैं।

भरतपुर में जन आक्रोश महासभा में प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी मुकेश दाधीच, प्रदेश उपाध्यक्ष माधोराम चौधरी, प्रदेश मंत्री जितेंद्र गोठवाल, एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र मीणा, प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, भरतपुर जिला अध्यक्ष ऋषि बंसल,जिला प्रमुख जगत सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेश सिंह,सांसद रंजीता कोली, प्रदेश मंत्री महेंद्र जाटव, पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली, बहादुर सिंह कोली, पूर्व विधायक अनीता गुर्जर, पूर्व विधायक अतर सिंह बढ़ ाना, पूर्व विधायक बनवारी सिंघल, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हरिराम रणवा, पूर्व मंत्री कृष्णेन्द्र कौर दीपा, पूर्व विधायक सुखराम कोली, जवाहर बेडम, पूर्व जिला प्रमुख द्वारका गोयल, किसान मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता नेम सिंह फौजदार, जयपुर शहर अध्यक्ष राघव शर्मा, जयपुर देहात उत्तर जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, जयपुर देहात दक्षिण जिला अध्यक्ष रामानंद गुर्जर, जालौर जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह राव, नदबई उप प्रधान भूपेंद्र फौजदार, उदयसिंह, गोविंद चौधरी इत्यादि उपस्थित रहे।

# ए.सी.बी. ने दिव्या मित्तल घूस कांड में चालान पेश किया

- ए.सी.बी. ने एस.ओ.जी. की एडिशनल एस.पी. के खिलाफ कोर्ट में 11,500 पन्नों की चार्जशीट पेश की।
- इस मामले में एक फरार कांस्टेबल, सुमित की भी तलाशी की जा रही है।
- ए.सी.बी. की जयपुर टीम ने 2 करोड़ रू. की रिश्वत मांगने के आरोप में 16 जनवरी को दिव्या मित्तल को अजमेर से पकड़ा था।

अजमेर, 16 मार्च (कासं)। जयपुर ए.सी.बी. (एंटी करप्शन ब्यूरो) ने 60 वें दिन गुरुवार को स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एस.ओ.जी.) की एडिशनल एसपी दिव्या मित्तल घूसखोरी प्रकरण में चालान पेश कर दिया है। ए.सी.बी. ने 11 हजार 500 पन्नों की चार्जशीट पेश की और ए.सी.बी. कोर्ट शुक्रवार को इसकी जांच करेगा इधर इस मामले में फरार एवं बर्खास्त कॉन्स्टेबल सुमित की ए.सी.बी. सरगर्मी से तलाश कर रही है। एसीबी के वकील सतनारायण चितारा ने बताया कि जयपुर ए.सी.बी. के डीएसपी मांगीलाल चौधरी ने चालान सौंपा, इसके बाद ए.सी.बी. कोर्ट में चालान पेश कर दिया गया है।

एडवोकेट चितारा ने बताया कि एसीबी प्रकरणों में न्यायिक अभिरक्षा के दौरान चालान पेश करने के लिए 60 दिनों की अवधि निर्धारित है, एसीपी दिव्या मित्तल घूसखोरी प्रकरण में आखिरी दिन चालान पेश किया गया।

2 करोड़ की रिश्वत मांगने के मामले में जयपुर टीम ने अजमेर में 16 जनवरी को एसपी दिव्या मित्तल को पकड़ा। दिव्या मित्तल को ए.सी.बी. की टीम अजमेर से जयपुर लाई थी। माना जा रहा है कि एस.ओ.जी. के किसी अधिकारी का रिश्वत में इतनी बड़ी रकम मांगने का यह पहला मामला है। इतनी बड़ी अधिकारी को ट्रैप करना भी आसान नहीं था। दिव्या ने मादक पदार्थ तस्करी के मामले में हरिद्वार की फार्मा कंपनी के मालिक को गिरफ्तार नहीं करने की एवज में बर्खास्त पुलिसकर्मी सुमित कुमार के माध्यम से यह घूस मांगी थी।

## 'मैंने लोकसभाध्यक्ष से सदन...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

क्यों, और उस चर्चा के बाद, स्टेट बैंक ने मि. अडानी को करीब एक अरब डॉलर देने का वचन दे दिया। श्रीलंका में क्या कहा गया? एक व्यक्ति ने यह बयान क्यों दिया- मि. राजपक्षे ने उससे कहा है कि मि. अडानी को कॉन्ट्रैक्ट दे दिया गया है और ऐसा के लिये मूलरुप से मि. मोदी ने उनसे कहा था, ऐसा ही बांग्लादेश में हुआ।"

सबकी नजरें स्पीकर पर लगी हुई हैं कि वे राहुल को बोलने का अवसर देते हैं या.....।

## 'जब से मैंने मोदी-अडानी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आज इन पर प्रहार करने के लिए विधि मंत्री किरण रिजिजू को आगे किया। इसके कुछ ही घंटों बार राहुल ने कहा कि यदि भारत में लोकतंत्र भली भांति चल रहा है तो आज मैं लोकसभा में अपनी बात कह पाता, लेकिन सदन को कुछ ही मिनटों में स्थगित कर दिया गया।

गांधी ने कहा कि वे संसद में उन्हें कल बोलने का मौका दिए जाने की प्रतीक्षा करेंगे, लेकिन सबसे पहले वह एक सांसद के नाते जवाब देने के अपने अधिकार का उपयोग करना पसंद करेंगे।

गांधी ने कहा कि लंदन में उनके द्वारा की गईं टिप्पणियों को लेकर भाजपा का उनसे माफी मांगने की मांग करने का पूरा मुद्दा, उन प्रश्नों से ध्यान हटाने की कोशिश है जो उन्होंने प्रधानमंत्री व अडानी के संबंधों, भारत-इजराइल संबंधों में अडानी को दी गई सुविधा, प्रधानमंत्री, एस.बी.आई. चेयरमैन और अडानी के बीच ऑस्ट्रेलिया में हुई मीटिंग और भारत में अडानी को एयरपोर्ट्स के कई कॉन्ट्रैक्ट्स देने के लिए नियमों में की गई तोड़-मरोड़ को लेकर हाल ही संसद में उठाए थे।

गांधी ने कहा कि भाजपा का मुझ पर प्रहार कना उसी दिन से शुरु हो गया था, जिस दिन मैंने संसद में प्रश्न पूछे थे। वे प्रश्न आज भी ज्यों के त्यों हैं।

राहुल गांधी कल ही लंदन से लौटे और उन्होंने बजट सत्र में दूसरे भाग में आज पहली बार हिस्सा लिया। यह दूसरा भाग गत 13 मार्च से शुरु हुआ था।

बजट सत्र के बीच के अंतराल के बाद के चार दिन सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा राहुल गांधी से माफी मांगने के चक्कर में बेकार गए।

इससे पहले, कांग्रेस ने दावा किया था कि भाजपा सरकार अडानी घोटाले की अनदेखी करने के लिए स्वयं ही संसद के दोनों सदनों में कामकाज ठप्प किए हुए हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता एवं पार्टी की सोशल मीडिया सैल की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि "क्या आपने कभी सोचा और सुना है कि सत्तारूढ़ पार्टी के सांसद संसद की कार्यवाही सिर्फ इसलिए ठप कर रहे हैं क्योंकि वो अडानी मुद्दे पर बहस नहीं चाहते और आप समझते हैं कि आप उन सवालों का उत्तर देने से बच जाएंगे जो उठाए जा रहे हैं?

उन्होंने सत्तारूढ़ पार्टी पर आरोप लगाया कि वह इस देश के लोगों को क्षेत्र, धर्म, जाति, नस्ल, रंग, भाषा और हर मुद्दे पर लड़ा रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि "आप कर्नाटक और महाराष्ट्र को लड़ा रहे हैं और यही आपकी वास्तविक प्रकृति है और यही आपका वास्तविक चेहरा है, लेकिन मैं फिर से मूल प्रश्न पर जाना चाहूंगी कि सत्तारूढ़ पार्टी प्रश्न से क्यों डर रही है और यदि आप समझते हैं कि राहुल गांधी ने कुछ ग़लत कहा है तो चलिए संसद में बहस करते हैं।"

## "माइग्रैंट लेबर" पर तमिलनाडू...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गिरफ्तार कर लिये गये हैं। ये चारों लोग इंडियन पैनल कोड (आई.पी.सी.) की धारा 294 (बी) (सार्वजनिक रूप से अश्लील शब्द बोलना तथा गाना) तथा धारा 323 (अपने स्तर पर चोट पहुँचाने वाला दण्ड देना) के तहत गिरफ्तार किये गये हैं।

प्रसंगवश बता दें कि ये गिरफ्तारियाँ उस समय हुईं, जब कोयम्बटूर में हुये इस हमले का वीडियो वायरल हुआ। प्रवासी मजदूरों ने भी 12 मार्च को ह ी वैरायटी हॉल रोड़ पुलिस थाने में अपने शिकायत दर्ज करा दी थी। इस शिकायत में उन्होंने कहा था कि मोटर साइकिलों पर सवाल चार लोगों ने उन पर हमला किया था।

पुलिस कमिश्नर बालकृष्णन ने मीडिया को बताया, "हमने उन चारों लोगों को हिरासत में ले लिया है जिन्होंने प्रवासी (मजदूरों) पर हमला किया था तथा दो बाइक भी जब्त कर ली हैं। आगे तफ्तीश जारी है।" पुलिस कमिश्नर ने बताया कि ये चारों लोग घटना के समय कथित रूप से शराब के नशे में थे। सामान्य गिरफ्तारी को एक खास रूप देने वाला तथ्य यह है कि इस हमले में हिन्दू मन्नानी ग्रुप, जो एक दक्षिणपंथी संगठन है, के सदस्यों की कथित लिप्तता है। बिहार के प्रवासी मजदूरों पर हुये कथित हमलों की नकली खबर वाले वीडियोज के वायरल किये जाने की पूर्ववर्ती घटना के मामले में भी, बिहार में पुलिस ने भाजपा से जुड़े कुछ ट्विटर हैंडल्स की थी तथा कुछ गिरफ्तारियाँ भी की थीं।

कोयम्बटूर की यह घटना तथा पुलिस के दावे के अनुसार, इस घटना में हिन्दू मुन्नानी की सदस्यों की कथित लिप्तता के चलते, प्रवासी मजदूरों से संबंधित राजनैतिक बहस और जोर पकड़ सकती है। वस्तुतः राज्य के शीर्ष भाजपा नेताओं ने उस समय तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन की खिंचाई की थी, जब प्रवासी मजदूरों पर कथित हमलों के नकली समाचार वीडियोज वायरल हुये थे तथा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी सवाल पूछना शुरु कर दिया था।

किन्तु हिन्दू मुन्नानी ने एक बयान में दावा किया है कि गिरफ्तार हुये लोगों से ग्रुप का कोई संबंध नहीं है। द्रमुक ने भाजपा पर दोषारोपण करते हुये कहा है कि उसने सरकार को बदनाम करने तथा अपदस्थ करने की कोशिश के अन्तर्गत नकली वीडियोज सर्कुलेट किये थे तथा घबराहट एवं अफरातफरी फैलाने का काम किया था। डी.एम.के. प्रवक्ता ए. सर्वनन ने कहा कि "हम सब जानते हैं कि भाजपा नेता और प्रवक्तागण नकली खबरें फैला रहे थे।"

भाजपा ने इस आरोप को सिरे से खारिज कर दिया है तथा भाजपा नेताओं ने ही डी.एम.के. पर उत्तर भारत के लोगों के प्रति विभाजनकारी राजनीति तथा शब्द जाल के काम लेने का आरोप लगाया हैं।

## 'गवर्नर...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

था। शिव सेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने गत वर्ष 30 जून को विश्वास मत लेने की बजाय इस्तीफा दे दिया था।

कपिल सिब्बल ने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक तरीके से निर्वाचित सरकार को राज्यपाल अस्थिर कर दिया था। सिब्बल ने बैंच के एक सवाल के जवाब में कहा कि जब विधानसभा चल रही थी तब निर्वाचित सरकार को हराने के लिए शिंदे गुट के पास संवैधानिक तरीके थे, वे बजट पर सरकार के खिलाफ वोट कर सरकार को हरा सकते थे और फिर सरकार बनाने का दावा कर सकते थे। उन्होंने आग्रह किया कि राज्यपाल ठाकरे को उस समय "ट्रस्ट वोट" लेने के लिए नहीं कह सकता।

## कविता...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इन कागजात के बारे में पूछताछ करनी है। कविता ने अपने निर्णय से ई.डी. को अवगत कराने के लिये बी.आर.एस. महासचिव सोमा भारत कुमार को ई.डी. कार्यालय भेजा था। इस जांच एजेंसी ने दिल्ली शराब नीति केस से जुड़े एक मनी लॉन्डरिंग केस में आज पूछताछ करने के लिये कविता को तलब किया था, लेकिन कविता इससे पूर्व ही सर्वोच्च न्यायालय पहुँच गई तथा अदालत से अपनी याचिका की त्वरित सुनवाई का अनुरोध किया था तथा कहा था कि उन्हें, महिला होने के नाते, ई.डी. कार्यालय में तलब नहीं किया जा सकता तथा इसके बजाय, जांच एजेंसी के प्रतिनिधि उनके पास आ सकते हैं।

## क्या वरिष्ठ अधिवक्ता...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लेखी, पुनीत बाली और सुप्रीम कोर्ट सैक्रेटरी जनरल की तरफ से उपस्थित हुई ए.एस.जी. माधवी दीवान सहित कई अधिवक्ताओं की दलीलें सुनीं।

गुरूवार को शीर्ष अदालत ने कहा कि इस वक्त वह केवल उस मुद्दे का समाधान करेगी जो वर्ष 2017 के निर्णय से सामने आया है। इस निर्णय ने अब तक के अनुभव के आधार पर पहले की गाइडलाइन्स को फिर से तय करने की स्वतंत्रता प्रदान की थी।

केन्द्र सरकार की ओर से उपस्थित सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता ने तब शीर्ष अदालत को बताया था कि वह भी अब तक के अनुभव के आधार पर एक आवेदन पेश करेंगे। शीर्ष अदालत को पहले बताया गया था कि अक्टूबर 2017 के निर्णय में कहा गया था कि तय की गई गाइड लाइन्स इस मुद्दे पर शायद विस्तृत ना हो तथा समयावधि में प्राप्त अनुभव के आधार पर इसमें उचित बाते जोड़ने या घटाने पर पुनर्विचार करना होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले वर्ष यह अपने एक पूर्व निर्देश को संशोधित करते हुए कहा था कि वकीलों को सीनियर एडवोकेट्स के रूप में चयनित करने पर विचार करने के लिए 10 से 20 साल की प्रैक्टिस में प्रत्येक वर्ष एक अंक आवंटित किया जाए।

वर्ष 2017 में शीर्ष अदालत ने वकीलों को सीनियर्स के रूप में पदांकित करने को लेकर स्वयं के और हाईकोर्ट्स के लिए गाइड लाइन्स तय की थीं। एक गाइड लाइन के अनुसार वकील को 10 से 20 वर्ष के पेशे के अनुभव के आधार पर 10 अंक दिए जाएं।

फैसला, जिसमें कुछ गाइड लाइन्स दी गई थी, में कहा गया था कि हाईकोर्टो और सुप्रीम कोर्ट में सीनियर एडवोकेट्स के चयन में संबंधित सभी मसलो का निस्तारण "कमेटी फोर डैज़िग्नेशन ऑफ सीनियर एडवोकेट्स" नामक एक स्थायी कमेटी करेगी।

इसमें कहा गया था कि पैनल की अध्यक्षता चीफ जस्टिस करेंगे और इसमें सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट्स के दो सीनियर मोस्ट जज भी होंगे। हाईकोर्ट की बात की जा तो किसी राज्य का अटार्नी जनरल पर एडवोकेट जनरल।

बार के प्रतिनिधित्व के बारे में कहा गया था कि स्थायी कमेटी के चार सदस्य बार के एक अन्य सदस्य को स्थायी कमेटी के पांचवें सदस्य के रूप में मनोनीत करेंगे।

## कर्नाटक में...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सबसे दिग्गज नेता तथा पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येद्दियुरप्पा को मजबूरन वह जनसभा रद्द करनी पड़ी, जिसे वे गुरुवार को चिकमंगलूर में सम्बोधित करने वाले थे। भाजपा के कार्यकर्ता स्थानीय विधायक के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे, नारेबाजी कर रहे थे तथा उन्होंने पार्टी की संकल्प यात्रा में भी अडंगा डाला। यह सब इस बात का संकेत था कि जैसे-जैसे चुनाव प्रचार गति पकड़ेगा पार्टी को नुकसान उसके अन्दर के लोग ही पहुँचायेंगे।

पार्टी में एक ऐसा वर्ग तो पहले से ही मौजूद है, जो "परिवारवाद" के खिलाफ है। यह बात उस समय सामने आई, जब आगामी चुनाव के लिये बी.एस. येदियुरप्पा के बेटे नामांकन का तथा उनकी उम्मीदवारी की बात आई। उनकी उम्मीदवारी पार्टी के एक वर्ग के लिये मूल कलह का विषय बन गई है तथा यह वर्ग अपने बेटे की उम्मीदवारी के मामले में, येदियुरप्पा के झुकाव या पक्षपात पर सवाल खड़े कर रहा है।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सी.टी. रवि उन स्थानीय भाजपा नेताओं के साथ बताये जाते हैं जिन्होंने येदियुरप्पा की इस घोषणा पर आपत्ति की है कि उनके बेटे बी.वाई. विजयेन्द्र शिकारीपुरा से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा, "यह निर्णय दिल्ली में पार्टी के संसदीय बोर्ड द्वारा किया जाना है।" विजयेन्द्र की उम्मीदवारी के मुद्दे पर रवि ने कहा कि टिकट किसको मिलेगा, इसका निर्णय प्रत्याशी की जीत की संभावना पर निर्भर करेगा। भाजपा नेता ने कहा, "आपने विजयेन्द्र के बारे में सवाल उठाया है। उन्हें टिकट मिलेगा या नहीं - इस बात का निर्णय (भाजपा का) संसदीय बोर्ड करेगा। यह निर्णय रसोईघर में नहीं होगा। टिकट किसे मिलेगा, किसे नहीं - इसका निर्णय जीत की संभावना के आधार पर होगा तथा यह संभावना, सर्वे पर आधारित होगी। और यह सर्वे किसी परिवार विशेष में बैठकर नहीं होगा।"

# 'वीरांगना मंजू जाट देवर के नाते नहीं गई, वीरांगना सुंदरी देवी नाते गई है!'

## संसदीय कार्यमंत्री शांति धारीवाल के अजीबो-गरीब स्पष्टीकरण पर भाजपा विधायकों ने पुनः भारी हंगामा किया, व सदन से "वॉक आउट" किया

- कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा ने कहा कि, जिस तरह वीरांगना मंजू जाट हमारा गौरव है, उसी तरह वीरांगना सुंदरी देवी भी राजस्थान का गौरव है।
- उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने धारीवाल पर वीरांगनाओं के अपमान का आरोप लगाते हुए कहा कि, इसे पूरा राजस्थान लाइव देख रहा है।

जयपुर, 16 मार्च (वि.सं.)। पुलवामा शहीद रोहिताश लांबा की वीरांगना मंजू जाट के देवर के नाते जाने के बयान से संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल ने विधानसभा में आज स्पष्टीकरण दिया और कहा, "मैंने कभी नहीं कहा कि मंजू जाट देवर के नाते गई, वीरांगना सुंदरी देवी नाते गई।" गुरूवार को बहस शुरू होने से पहले उन्होंने सफाई दी तो भाजपा विधायकों ने सदन में जोरदार हंगामा कर सदन से "वॉक आऊट" किया। इसी बीच धारीवाल ने जोर-जोर से कहा, "सुंदरी देवी नाते गई है, सुंदरी नाते गई कि नहीं?" इस पर भाजपा ने कड़ी आपत्ति की।

कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा ने कहा है कि "धारीवाल आज भले सफाई दें, लेकिन उस दिन वह वीरांगना मंजू जाट का चरित्र हनन कर रहे थे। आज उन्होंने सफाई के नाम पर वीरांगना सुंदरी देवी के साथ भी वही किया। मैंने वीडियो सुना है, मंत्री गलत थे। बैकफुट पर आए, इसलिए आज उन्होंने वापस बयान दिया है। सुंदरी देवी के बारे में आज कहा गया कि वह नाते गई कि नहीं, इसका क्या तुक है ? जिस तरह वीरांगना मंजू जाट हमारा गौरव है, उसी तरह वीरांगना सुंदरी देवी भी राजस्थान का गौरव है। आज स्पष्टीकरण देने की क्यों जरूरत पड़ गई?"

इधर दिव्या मदेरणा के सदन में दिए गए बयानों को लेकर मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास भी उनके समर्थन में उतर आए हैं। खाचरियावास ने कहा है कि "कोई भी विधायक सदन में कोई बात कहता है, किसी मंत्री के लिए कहता है,सरकार की बात करता है,तो उसमें मुख्यमंत्री या मंत्री को नाराज होने की जरूरत नहीं है।"

संसदीय कार्य मंत्री ने वीरांगनाओं पर सफाई देने के लिए समय मांगा। धारीवाल ने कहा, "मैं अपना स्पष्टीकरण देना चाहता हूं। आप विधानसभा की वीडियो रिकॉर्डिंग देख लीजिए। मैंने मंजू जाट के बारे में एक शब्द नहीं बोला कि वह नाते गई हैं, सिवाय इसके कि उसका देवर पहले से शादीशुदा है। यह तो सच है। मैंने कभी नहीं कहा कि वीरांगना मंजू जाट अपने देवर के नाते चली गई। मैंने यह कहा था कि मंजू जाट का देवर पहले से शादीशुदा है, जिसके लिए वह नौकरी मांग रही है, जबकि मंजू के बच्चों को नौकरी मिलनी चाहिए, मैंने यह कहा था। मैंने सुंदरी देवी के लिए कहा कि वह नाते चली गई। उसने खुद एक इंटरव्यू में कहा था कि उसे देवर विक्रम सिंह के नाते गए हुए तीन साल हो गए। दो बच्चियां पहले से हैं और देवर विक्रम से भी एक लड़का और एक लड़की हो चुके हैं। मेरे बयान के बारे में जो भ्रम फैलाया जा रहा है, वह सरासर गलत है।

उनके स्पष्टीकरण के बाद उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा, "हमने मंत्री की सफाई को सुना है, अब ये वीरांगना सुंदरी देवी की बात लेकर आए हैं। हम इस सदन में व्यक्तिगत जीवन पर चर्चा करने के लिए नहीं बैठे हैं। राजस्थान में सबसे ज्यादा रेप हो रहे थे, प्रदेश कलंकित हो रहा था और आपने इसे मर्दों का प्रदेश बताया। आप यहां कितनी सफाई दे दीजिए राजस्थान की वीरांगनाओं का आपने अपमान किया है। अब सफाई देने से कुछ नहीं होगा।"

राठौड़ ने कहा, "यह साधारण बात नहीं है। मंत्री ने वीरांगनाओं का अपमान किया। पूरा राजस्थान इसको लाइव देख रहा है। मंत्री किस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं।"

इस बीच मंत्री शांति धारीवाल की ओर से सदन में दिए गए स्पष्टीकरण के बाद दिव्या मदेरणा ने कहा कि "बोलकर पलट जाना धारीवाल की आदत है। पहले रेप को लेकर मर्दों के प्रदेश का बयान दिया और अगले दिन कहा कि स्लिप ऑफ टंग हो गया, मैं तो मर्ज कह रहा था। राजस्थान में हाईकमान को चुनौती दी। पैरेलल सीएलपी की मीटिंग की, विधायकों से इस्तीफे दिलवाए। बाद में उन इस्तीफों को वापस लेना पड़ा। मैं आज भी वीरांगनाओं पर उनके बयान की निंदा करती हूं।

इस बीच जब दिव्या मदेरणा के बयानों को लेकर मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि दिव्या मदेरणा युवा नेता है और वह मारवाड़ ही नहीं, पूरे प्रदेश में एक अच्छी वक्ता और युवा नेता के रूप में जानी जाती हैं और यदि उन्होंने विषय कोई उठाया है, तो उस पर बात होनी चाहिए। खाचरियावास ने कहा कि उनके क्षेत्र की सड़कें निरस्त करने का मामला है, तो मैं दिव्या मदेरणा से बात करूंगा।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908